आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 105, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा 15
फिल्म मटका से वापसी करेंगी नोरा फतेही 16

## एक नजर

### मुंबई में महंगी हुई सीएनजी और पीएनजी

**मुंबई।** दिल्ली के बाद में मुंबई में सीएनजी के दाम 1.50 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। जबकि पाइप के जरिए रसोई में पहुंचने वाली गैस यानी पीएनजी की कीमत एक रुपये बढ़ गई है। मुख्य रूप से कच्चे माल की लागत बढ़ने से दाम बढ़ाए गए हैं। मुंबई और आसपास के शहरों में वाहनों के लिए सीएनजी और घरों में पाइप के जरिए खाना पकाने की गैस उपलब्ध कराने वाली महानगर गैस लि. (एमजीएल) ने कहा कि बढ़ी हुई कीमतें 8 जुलाई की मध्यरात्रि से लागू होंगी।

### नीट-यूजी जांच : महाराष्ट्र से एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी में कथित हेरफेर करने के आरोप में एक व्यक्ति को महाराष्ट्र के लातूर से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने लातूर से जुड़े मामले में नंजुनेथप्पा जी नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। इस मामले की जांच पहले महाराष्ट्र पुलिस कर रही थी।

### बब्बर खालसा का आतंकी सिमरनजीत गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबलू पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की तीन अप्रैल 2024 को दो हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सीटीईटी परीक्षा में 17 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी)-2024 में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के आरोप में राज्य भर से तीन महिलाओं सहित कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दरभंगा से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि सारण से चार और बेगूसराय जिले से एक व्यक्ति को बंदी बनाया गया है।

# बारिश से बिगड़े हालात, गांवों में घुसा पानी, शाहजहांपुर में रेलवे ट्रैक डूबा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से पहाड़ों और मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए। सड़कें, पुलिया कट गईं। दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। दो लोगों की मौत हो गई। ट्रेन संचालन भी बाधित हो गया।

रविवार रात करीब एक बजे शारदा नदी में 3.51 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत में हालात बिगड़ गए। वहीं देवहा नदी में लगातार जलस्तर बढ़ने से शहर से सटे नावकूड़, चंदोई में सड़कों के साथ ही गांवों में भी पानी भरने लगा। पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग तेज बहाव के चलते कट गया जिससे कलीनगर तहसील क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। बरखेड़ा, बीसलपुर, मझोला-सितारगंज मार्ग पर कई पुलिया बह गईं। प्रशासन, पुलिस और एसएसबी के टीमें बचाव कार्य मे लगी हैं। जलभराव से पीलीभीत में युवक और बीसलपुर के मीरपुर वाहनपुर गांव में बच्चे की डूबकर मौत हुई। ट्रेन यातायात पर भी असर पड़ा। कुल 22 ट्रेनें को रद कर दिया गया जबकि 14 को शार्ट टर्मिनेट करना पड़ा। वहीं शाहजहांपुर में खन्नौत नदी में पानी बढ़ने से लोधीपुर में दूसरे दिन भी बाढ़ जैसे हालात बने रहे। घरों में पानी घुसने पर सोमवार को भी लोग अपना सामान लेकर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर पलायन करते देखे गए। रविवार की रात तेज बारिश में बिलपुर रेलवे लाइन पर पानी भर गया जिससे ट्रेनें काशन देकर निकाली गईं। लखनऊ- दिल्ली मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनें विलंब से पहुंचीं।



पीलीभीत में शाहगढ़-संडई के बीच पुलिया बहने के बाद लटका रेल ट्रैक।

### पीलीभीत में शारदा और देवहा नदी का जलस्तर बढ़ा, सड़कें-पुलियां कटीं

### कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर, फसलें डूबीं, श्रावस्ती में दो की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश के चलते कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर चली गई हैं। कुशीनगर, बिजनौर समेत कई जिलों के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। काफी फसलें पानी में डूब गईं। ग्रामीण घरों से पलायन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बलरामपुर में बाढ़ से 26 गांव प्रभावित हैं। श्रावस्ती में राप्ती नदी के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोंडा में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय से सोमवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए। सोमवार को सुबह भी बनबसा बांध से शारदा नदी में लगभग 10 लाख क्यूसेक तथा दियूनी और नानक सागर बांध से देवहा नदी में 1.81 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया।

### रेलवे लाइन पर आया पानी, दो ट्रेनें रद

**बदायूं।** रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने से दो ट्रेनें रद कर दी गईं। बरेली इज्जतनगर के पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रैक पर पानी आ जाने से 05336 कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन को सोमवार को रद कर दिया गया। गूलरभोज में ट्रैक पर पानी आने से एक अन्य ट्रेन रद कर दी गई। बिचौली में खस्ताहाल पुल से वाहनों को गुजरने से रोकने के लिए विभाग ने चेतावनी जारी की है। इसे जर्जर घोषित किया जा चुका है। कासगंज में बाढ़ के हालात होते जा रहे हैं। बरौना, बस्तोली ब्रह्मपुरी, नगला दल व अन्य कई गांवों के किनारे गंगा का पानी पहुंच गया।

# कठुआ में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, जेसीओ समेत पांच शहीद

## छह जवान घायल, पहाड़ी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर फेंका ग्रेनेड

कठुआ/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से पांच की जान चली गई।' अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।

इससे पहले रविवार कश्मीर घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के यह सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। इस बीच 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है। हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ।



कठुआ में घायल जवान को अस्पताल पहुंचाते सैनिक। ● एजेंसी

### रियासी में श्रद्धालुओं की बस को बनाया था निशाना

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे, जो शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर कटड़ा की ओर जा रहे थे।

# शीर्ष न्यायालय ने माना लीक हुआ नीट-यूजी का प्रश्नपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। पेपर लीक के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचान हुई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली 30 से अधिक याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है।

**हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं :** पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने क्या कार्रवाई की।

- कोर्ट ने कहा- शुचिता नष्ट हुई है तो पुन: परीक्षा का आदेश देना होगा
- धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

### विशेषज्ञों की टीम गठित हो ताकि फिर ऐसा न हो



सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता 'नष्ट' हो गई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा। पीठ ने कहा कि जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। कहा कि यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?

# गैंगरेप के आरोपी ने पीड़िता की मां को मारकर जान दी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां, पीड़िता के पिता और बहन भी घायल
- उन्नाव में वारदात, हल्का दरोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के आरोप में जेल से जमानत पर छूटे आरोपियों ने सोमवार तड़के पीड़ित परिवार पर सोते समय ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इसमें पीड़िता की मां व पिता सहित दो बहनें घायल हो गईं। सभी सीएचसी लाया गया, जहां मां को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता व बहनों को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में मुख्य आरोपी ने खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आईजी समेत कई अफसर गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। आईजी के निर्देश पर हल्का दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के अनुराग और पुनीत पर गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मार्च 2024 में दोनों जमानत पर बाहर आए थे।

# बरेली में नगर निगम कर्मी की डूबकर मौत, देहात में भी चार लोगों की जान गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ड्यूटी से घर लौट रहा निगमकर्मी फिसलकर रेलवे क्रॉसिंग के पास पानी भरे गड्ढे में गिरा
- अलग-अलग हादसों के शिकार हुए फरीदपुर के दो बच्चों समेत चार लोग

**अमृत विचार :** आबादी के आसपास गहरे गड्ढों में भरा बारिश का पानी जानलेवा हो गया है। सोमवार सुबह नगर निगम का एक सफाईकर्मी सुभाषनगर इलाके में रेलवे क्रॉसिंग के पास फिसलकर पानी भरे गड्ढे में जा गिरा और डूबकर उसकी मौत हो गई। इसी तरह के अलग-अलग हादसों में फरीदपुर के चार लोगों की मौत हो गई।

सुभाषनगर में खन्ना बिल्डिंग के पीछे रहने वाले अमर सिंह (55) नगर निगम के सफाई कर्मी थे। उनके भाई रामबाबू के मुताबिक अमर सिंह सोमवार सुबह करीब 11 बजे ड्यूटी से घर लौट रहे थे। चौपुला रेलवे लाइन के पास से पैदल आते वक्त पाल कॉलोनी के सामने पैर फिसलने से वह पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। सूचना पर सुभाषनगर पुलिस ने अमर सिंह को निकलवाया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। चार लोगों ने फरीदपुर इलाके में जान गंवाई। गांव नौगवां निवासी ओमपाल का बेटा विकास (14) मौसी की बेटी की शादी में फतेहगंज पूर्वी के गांव खन्नी नवादा गया था। सोमवार सुबह सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। गांव बिशीपुरा में महिपाल का बेटा सुमित (21) गांव के पास नदी में डूब गया। एनडीआरएफ की टीम ने काफी देर बाद उसका शव निकाला। गांव जेड निवासी रविंद्र उर्फ खब्बू (38) तालाब में मछली पकड़ते समय डूब गए। गांव बड़रा कासिमपुर के रामवीर का बेटा अतुल (13) बच्चों के साथ खेत पर गया था जहां भरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने एक गड्ढे से उसका शव निकाला।



**स्वागत** प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए सोमवार को मॉस्को पहुंचे। मॉस्को हवाई अड्डे पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# मासिक धर्म अवकाश पर बनाएं नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र व राज्य सरकारें कर सकती हैं विचार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को ''मासिक धर्म'' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा कि यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं।

### सैनेटरी पैड पर नीति का काम अंतिम चरण में : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि स्कूल जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण पर राष्ट्रीय नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी की नीति तैयार करने के लिए दो महीने का समय देने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्यों को छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# पुजारियों-संतों के लिए मानदेय नीति लाएगी सरकार

## उप्र. के 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों को सुविधाएं देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने के अफसरों को दिए निर्देश



**अमृत विचार :** राज्य सरकार 60 साल से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों के लिए एक मानदेय नीति लाने की तैयारी कर रही है। मानदेय देने के लिए एक बोर्ड बनाया जाएगा। इसके अलावा उनको राशन और हेल्थ कार्ड से सुविधा देने पर भी विचार किया जा रहा है। सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े तीर्थों की यात्रा के लिए अनुदान देने की योजना है। वहीं, मंदिरों का भी जीर्णोद्धार होना है।

इससे पहले राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, मंदिरों और मठों की जानकारी के साथ पुजारियों और संतों की संख्या का डेटा रखने को एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। शासन स्तर से इसके लिए दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।

दरअसल हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धर्मार्थ कार्य निदेशालय की ओर से विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इस दौरान नया पोर्टल बनाने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पहले प्रामाणिक जानकारियां जुटाई जाएं। साथ ही संतों और पुजारियों के लिए मानदेय की नीति ठीक से तैयार करने को कहा।

राज्य सरकार ने पूर्व में पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री ने इसमें तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन किया जा रहा है। इसी के ज़रिए पुरोहित-अर्चकों की मदद की जाएगी। इस योजना में सिख, जैन आदि के साथ सभी पंथों को भी शामिल किया जाएगा।

### एक टच में मिलेगी मंदिरों की जानकारी

सभी धर्मस्थलों और मंदिरों की जानकारी अब स्मार्टफोन पर एक टच में मिलेगी। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर काम चल रहा है। एप भी बनेगा जिसमें न सिर्फ़ प्रदेश के बड़े मंदिरों बल्कि हर ज़िले के प्रमुख मंदिरों की पौराणिक मान्यता, इतिहास और अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जर्जर हो चुके मंदिरों का होगा कायाकल्प

राज्य में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 100 साल से ज्यादा पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अलग से योजना तैयार की गई है। सभी 75 जिलों में लगभग 300 मंदिर इसके तहत चिन्हित किए गए हैं, जहां बजट जारी किया जा रहा है।

## शहर में आज



☞ ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के पदाधिकारियों व शिक्षकों की बैठक कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क में 2 :15 बजे।

☞ सुंदरकांड एवं भजनोत्सव श्रीवास्तव भवन नवीन नगर में शाम 4 :00 बजे।

☞ अभाविप के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र उत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगूपुरा स्थित कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दोपहर 11 :30 बजे



इस्लामनगर-भोजपुर मार्ग पर ढेला नदी के तेज बहाव में जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते लोग ● अमृत विचार

### बारिश के कारण काठगोदाम समेत सात ट्रेनें रहीं निरस्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश के चलते रेल संचालन प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते सोमवार को मुरादाबाद रूट से गुजरने वाली काठगोदाम संपर्क क्रांति, पूर्णागिरी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन समेत सात ट्रेनें रद रहीं। कोसी नदी पर बने पुल तक बरसात का पानी पहुंचने से रेल मुख्यालय ने ट्रेनों का संचालन रद कर दिया। काशीपुर रेल सेक्शन पर बने पुल तक पहुंचने से लालकुआं और काशीपुर से मुरादाबाद के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को रद किया है। रेलवे के अनुसार काठगोदाम-दिल्ली के बीच चलने वाली काठगोदाम संपर्क क्रांति 15036-35 को रद कर दिया। टनकपुर-दिल्ली 12035, टनकपुर-सिंगरौली- 15074 व टनकपुर-दौरई एक्सप्रेस 05097 व रामनगर-मुरादाबाद व लालकुंआ-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन को दिया गया है। इसके अलावा बाघ एक्सप्रेस, नई दिल्ली-काठगोदाम शताब्दी को रुद्रपुर सिटी, दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी को इज्जतनगर बरेली और लखनऊ काठगोदाम को पंतनगर तक संचालित किया गया।



काफियाबाद गांव में बाढ़ के पानी से बर्बाद हुई धान की फसल को दिखाता किसान। ● अमृत विचार

### बाढ़ चौकियों पर शिफ्ट में लगे कर्मचारियों की ड्यूटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में उनके शिविर कार्यालय पर बाढ़ बचाव के उपाय के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को बाढ़ चौकी पर व्यवस्था सुनिश्चित करने और 8-8 घंटे की शिफ्ट में 24 घंटे की ड्यूटी कर्मचारियों की लगाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बाढ़ चौकियों से संबंधित ग्रामों के ग्राम प्रधान, लेखपाल, सचिव, पशुपालन विभाग के कर्मचारी व गांव के व्यक्तियों के नाम व नंबर जरूर लिखें। बताया गया कि जिले में राहत केंद्रों की संख्या 29 है। जिस पर जिलाधिकारी ने यहां सभी उपाय रखने पर जोर दिया। उप जिलाधिकारियों को कटान प्रभावित क्षेत्रों को पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकासखंड एवं पशुपालन विभाग तथा बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों की सूची तैयार करने और नियमित बैठकों में बाढ़ के संबंध में जन सामान्य से संवाद करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, नगर निगम, बिजली, कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पहाड़ों पर बारिश से ढेला नदी उफान पर, चार हजार बीघा फसल बर्बाद

## भोजपुर पीपलसाना मार्ग पर भी चार फीट से अधिक पानी भरा, अक्का भीकनपुर, खईया गांव में नदी के पानी से सबसे अधिक नुकसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश से रामगंगा किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ का डर सता रहा है। वहीं दो दिन से मूसलाधार बारिश में ढेला नदी उफान पर है। इससे भोजपुर पीपलसाना मुख्य मार्ग पर चार फीट से अधिक पानी भर गया है। एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

पीपलसाना भोजपुर क्षेत्र के अक्का, भीकनपुर, शाहपुर, इस्लामनगर, काफियाबाद, आदमपुर, बसावनपुर, खईया, सियाली, मिलक सहित लगभग एक दर्जन गावों के लोगों को लगभग 15 किमी का लम्बा सफर तय कर अपने मंजिल पर पहुंचना पड़ रहा है। काफियाबाद स्थित खईया खद्दर में बने श्मशान में भी दो फीट तक पानी भर गया है। बरसात के दौरान गांव में किसी की मौत पर उसका अंतिम संस्कार भी होना मुश्किल होगा। ढेला नदी व बरसात का पानी खेतों में भर जाने से किसानों की लगभग चार हजार बीघा फसल बर्बाद हो गई है। भोजपुर पीपलसाना मुख्य मार्ग पर पानी आने से ग्रामीण ट्रैक्टर के सहारे पशुओं का चारा ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बच्चों को सड़क पर जाने पर रोक दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने भोजपुर पीपलसाना मुख्य मार्ग पर किसी अनहोनी की आशंका को रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्राली के आवाजाही पर रोक लगा दी है।



खेतों की तरफ तेजी से बढ़ता ढेला नदी का पानी। ● अमृत विचार



पशुओं के लिए चारा लेकर जाता किसान।

> तीन महीने से धान की फसल तैयार कर रहे थे, लेकिन बरसात के पानी से उनकी चार बीघा धान की फसल बर्बाद हो गई। चिंता सता रही है कि ढेला नदी की तरफ से भी अभी पानी आ रहा है, इसके बढ़ने पर और नुकसान होगा।
>
> -**हरस्वरूप**, किसान, काफियाबाद

> लगातार बारिश होने से 30 बीघा धान की फसल नष्ट हो गई है। चरई और गन्ने की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। तय समय से पहले मानसून आने से किसानों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। अक्का भीकनपुर व खईया के लोग सर्वाधिक प्रभावित हैं।
>
> -**मोहम्मद मियां**, किसान, अक्का भीकनपुर

> सोमवार को दोपहर एक बजे के बाद ढेला बैराज से 12927 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त पहाड़ों पर बारिश का पानी आने से भी ढेला नदी का जलस्तर बढ़ जाता है।
>
> -**ललित मोहन कश्यप**, सहायक अभियंता सिंचाई खंड, काशीपुर

### करूला में अतिक्रमण हटाएं

अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही व राजस्व टीम ने करूला क्षेत्र में निरीक्षण किया। कई लोगों के द्वारा सार्वजनिक नाले पर अतिक्रमण किया मिला। माइक से घोषणा कराई कि अतिक्रमण स्वयं हटा लें। चिह्नित अतिक्रमण पर लगे लाल निशान के अनुसार अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी गई।



गुलाबबाड़ी पुल के नीचे रामगंगा नदी के जलस्तर की स्थिति। ● अमृत विचार

# सड़कों की मरम्मत में ढिलाई पड़ रही भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** टूटी सड़कों को ठीक करने में ढिलाई नागरिकों पर भारी पड़ रही है। कांठ रोड, रामगंगा विहार, आशियाना, नवीन नगर सहित कई अन्य कॉलोनियों की गलियों व मुख्य सड़क धंसने और टूटने से हादसे का डर बना है। वहीं कांठ रोड पर गड्ढों से कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों को परेशानी होगी। जब वह हरिद्वार से भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल भरने जाएंगे और कांवड़ लेकर लौटेंगे।

बरसात के पहले से टूटी सड़कों की हालत बारिश का पानी भरने से और खराब हो गई है। कांठ रोड पर पीएसी तिराहे से लेकर कॉसमास हास्पिटल और उसके आगे भी कई जगह कांवड़ पटरी पर सड़कों में गड्ढें बन गए हैं। 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा में मुरादाबाद के अलावा रामपुर, बरेली व आसपास के कई अन्य जिलों से शिवभक्त गंगा जल भरने हरिद्वार जाते हैं। ऐसे में कांठ रोड के क्षतिग्रस्त होने और कांवड़ पटरी टूटी होने से शिवभक्तों के पैरों में कंकड़ चुभेंगे। गड्ढों में उनके वाहन फंसने से हादसे की आशंका भी बढ़ गई है। हालांकि जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पिछले सप्ताह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और लोकनिर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि के साथ कांठ रोड व आगे छजलैट तक कांवड़ पटरी का निरीक्षण कर टूटी सड़कों की मरम्मत कराने और गड्ढों को शीघ्र भर कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। अब देखना है कि बारिश के बीच टूटी सड़कों की मरम्मत और गड्ढों को भरने में लोनिवि के अधिकारी कितनी गंभीरता और तत्परता दिखाते हैं।



बुद्धि विहार में बारिश के बाद टूटी सड़क। ● अमृत विचार




कांठ रोड पर बारिश के बाद धंसी सड़क। ● अमृत विचार

# नालों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या दूर कराने के लिए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार आदि के साथ डबल फाटक से हनुमान मूर्ति तक निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक नाले पर किए अतिक्रमण व अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर जलनिकासी सुचारू कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। सड़क किनारे लगने वाले अवैध खोखा व रेहड़ी पटरी वालों को तुरंत हटाने के लिए कहा।

नगर आयुक्त ने रेलवे स्टेशन होते हुए डबल फाटक, ईदगाह चौराहे से हनुमान मूर्ति तक निरीक्षण किया। नाले की सफाई व्यवस्था देखी। सार्वजनिक नाले पर किए अतिक्रमण को हटाकर जलनिकासी सुचारू कराने का निर्देश दिया। सड़क की पटरी पर लगने वाली अवैध दुकानें, रेहड़ी पटरी वालों के खोखे तत्काल हटाने के लिए कहा। प्रवर्तन दल के सदस्यों ने रेहड़ी पटरी वालों को हटाना शुरू कर दिया। वहीं इसी क्रम में नगर निगम के निर्माण विभाग की टीम ने जलभराव की समस्या का निस्तारण कराने के लिए शिवनगर, लाइनपार, जाहिदनगर में मड पंप लगाकर जलनिकासी सुचारू कराई। भोलानाथ कॉलोनी में जलभराव दूर करने के लिए मिट्टी भरे बोरे को लगाया।



निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटवाने का निर्देश देते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।



जेसीबी से नाला सफाई कराती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

### मोहित ने सिल्वर जीतकर कटाया नेशनल का टिकट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद के होनहार निशानेबाज मोहित पाल ने यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में 5 से 14 जुलाई तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहा है।

मोहित ने 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल इवेंट में 548 का स्कोर हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त कर नेशनल के लिए क्वालिफाई किया है। मोहित पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में शूटिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं। वह हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। मोहित का कहना है कि मुरादाबाद में शूटिंग रेंज न होने के कारण शूटर्स को दिल्ली या पुणे जाकर शूटिंग की प्रैक्टिस करनी पड़ती है।

# सड़क कटने, पुलिया धंसने से टूटा कई गांवों का संपर्क

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सुल्तानपुर और गोविंदपुर गांव के लोगों पर भारी पड़ सकती है। लोगों को बाढ़ का डर सता रहा है। पिछले साल बाढ़ आने से मूंढापांडे ब्लॉक के सुल्तानपुर गांव का संपर्क मार्ग व गोविंदपुर गांव की पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। लोक निर्माण विभाग ने सड़क व टूटी पुलिया का निर्माण नहीं कराया। इस लापरवाही से लगभग 40 गांवों के लोगों की मुश्किल बढ़ी है। चीनी मिल द्वारा पुलिया और संपर्क मार्ग को मिट्टी डलवाकर ठीक करा दिया था, लेकिन अब बारिश में पुलिया और सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।

पिछले वर्ष रामगंगा नदी में आई बाढ़ ने मूंढापांडे ब्लॉक के तीन दर्जन से ज्यादा गांवों में हलचल मचा कर रख दी थी। महीने भर तक गांव के लोगों का जीवन प्रभावित रहा था। लोगों को रात में अपने गांव में बाढ़ का पानी बढ़ जाने के डर से जागना पड़ रहा था। बाढ़ के पानी के तेज बहाव ने गांव के संपर्क और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। उस समय ग्रामीणों की समस्या देखकर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ समाप्त होने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुलिया व संपर्क मार्ग बनवाने का निर्देश दिया था। लेकिन साल भर बाद भी हालत जस के तस हैं। न सड़क बनी न पुलिया, किसी ने कोई सुध नहीं ली। गन्ने का सीजन आने पर गांव में चीनी मिल के अधिकारियों ने ग्रामीणों का गन्ना मिल तक पहुंचने के लिए पुलिया और संपर्क मार्ग के बीच मिट्टी डलवा दी थी। जिससे 40 गांव के लोगों को राहत मिली थी। अब मानसून की बारिश में पुलिया और संपर्क मार्ग के बीच पड़ी मिट्टी को बहा दिया। अब लोगों को फिर बाढ़ का खतरा सता रहा है।



मूंढापांडे के सुल्तानपुर गांव में टूटे संपर्क मार्ग में फंसा टेंपो। ● अमृत विचार

> मुरादाबाद मछरीया लालाटीकर रोण्डा झोण्डा चौराहे से मनकरा मूंढापांडे मार्ग (ओडीआर 32) के 15 किलोमीटर से सम्बन्धित है। इस मार्ग को चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की कार्य योजना में सम्मलित कर मुख्यालय को प्रेषित किया जा चुका है तथा मार्ग पर किमी .15 में जहां बाढ़ के पानी से मार्ग कट जाता हैं उन स्थानों पर बाक्स कलवर्ट का प्राविधान किया गया है जिसको लघु सेतु की कार्ययोजना में सम्मलित कर मुख्यालय को भेजा गया है। उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य करा दिया जाएगा।
>
> -**एसके सिंह**, मुख्य अभियंता लोनिवि, मुरादाबाद

**अनदेखी** | सीएफओ बोले- निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी के मामले में ऑडिट चल रहा

# अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम की गारंटी ना बाबा ना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में तीन जुलाई को आग लग गई थी। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। लेकिन, जिस तरह से वहां बैटरियां धमाका कर रही थीं, उससे वहां हड़कंप मच गया था। घटना के समय 6 रोगी ट्रामा सेंटर में भर्ती थे। वैसे आग कब, कैसे और किस सरकारी या निजी अस्पताल में लग जाए, इसकी गारंटी नहीं है। इसी तरह सरकारी या निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम की कोई गारंटी नहीं है।

वैसे फायर सेफ्टी सिस्टम के मामले में अग्निशमन विभाग की लिस्ट में जिले के 425 अस्पताल पंजीकृत हैं, पर इनमें कितने अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम दुरुस्त है। यह दावा अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी कुछ स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि सभी निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम के संबंध में ऑडिट चल रहा है। जबकि, सीएमओ का दावा है कि शत-प्रतिशत निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम दुरुस्त हैं। वैसे महानगर में ऐसे कई निजी अस्पताल हैं, जहां फायर सेफ्टी सिस्टम की व्यवस्था ही नहीं है। वैसे यह कोई बड़ी बात नहीं है, चूंकि जिला अस्पताल के पास भी अग्निशमन विभाग की एनओसी नहीं है। सुरक्षा में लापरवाही की बात यहीं तक सीमित नहीं है। अग्निशमन विभाग के सूत्रों का दावा है कि फायर सेफ्टी सिस्टम मामले में निजी अस्पतालों की जो सूची विभाग के पास मौजूद है, उसमें भी कई ऐसे और 30 शैय्या से भी अधिक वाले अस्पताल हैं जिनके पास एनओसी नहीं है। हालांकि उन लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन किया था, पर अग्निशमन विभाग ने कई तरह की कमियों को देखकर उनके आवेदन पर आपत्ति लगा दी थी।

### अग्निशमन विभाग की सूची में बड़े हॉस्पिटल

| हॉस्पिटल | बेड |
|---|---|
| कॉयरॉन चिल्ड्रेन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल | 49 |
| यूनिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर | 48 |
| धनवंतरी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल | 45 |
| क्रैस्ट हॉस्पिटल | 45 |
| न्यूरॉन हॉस्पिटल | 39 |
| मुरादाबाद मेडिसिटी हॉस्पिटल | 35 |

● **सीएमओ का दावा, लगभग शत-प्रतिशत नर्सिंग होम में फायर सेफ्टी सिस्टम**

> फायर सेफ्टी सिस्टम के मामले में सभी निजी अस्पतालों का ऑडिट चल रहा है। ऑडिट में जो खामियां मिलेंगी, अस्पताल संचालकों को उसे पूरा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।
>
> -**कृष्णकांत ओझा**, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

> जिन अस्पतालों में रोगियों के भर्ती करने की सुविधा है। ऐसे सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम की व्यवस्था है। हां, जो छोटे क्लीनिक हैं उनमें कहीं हो सकता है कि फायर सेफ्टी सिस्टम की व्यवस्था न हो।
>
> -**डॉ. कुलदीप सिंह**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# नौ एएनएम सेंटर निर्माणाधीन तीन के लिए नहीं मिली जगह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में 37 एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी) सेंटर बनाए जा रहे हैं। यह कार्य 2022-23 से चल रहा है। इनमें अभी तक नौ में छह सेंटरों का निर्माण अधूरा ही है, जबकि तीन सेंटर बनने के लिए अभी तक जगह का निर्धारण नहीं हो सका है।

प्रत्येक सेंटर 30 लाख रुपये की लागत में बनाया जा रहा है। इस एएनएम सेंटर वाले भवन में एक कमरा, स्वास्थ्य परीक्षण रूम, शौचालय से जुड़ा क्लीनिक व डिलीवरी रूम और दो रूम का आवास है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को दी गई है। अवर अभियंता (स्वास्थ्य) प्रेम चंद्र ने बताया कि यह सभी एएनएम सेंटर मार्च 2023 में निर्मित हो जाने चाहिए थे लेकिन, जमीन उपलब्ध हो पाने में समय लग गया। इसलिए यह भवन निश्चित समय के बाद भी निर्माणाधीन हैं।

फिलहाल 28 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इन्हें कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के अभियंता ने स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर भी करा दिया है। उन्होंने बताया कि जिन तीन एएनएम सेंटर बनाने के लिए जगह नहीं मिल पाई है, वह सेंटर डिलारी के जटपुरा, बिलारी क्षेत्र के अब्दुल्लापुर और भोजपुर क्षेत्र के उदमा वाला गांव में बनाए जाने हैं। इसके लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारी क्षेत्रीय तहसील में राजस्व अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### भोजपुर में नगरवासियों ने किया पौधरोपण

**भोजपुर, अमृत विचार :** सोमवार को नगरवासियों ने मदरसा फैज ए रसूल के पास पौधरोपण किया। सपा नगर अध्यक्ष नबी हसन चौधरी ने पौधरोपण की शुरुआत करते हुए बड़ी संख्या में नीम, अमरुद, बरगद आदि के पौधे लगाए गए। साथ ही सपा नेता ने पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर शराफत हुसैन, यासीन मेम्बर, मोहसिन चौधरी आदि मौजूद रहे।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

Contact: 7500277920 7500223290

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

34.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:23 | सूर्यास्त 07:17

# कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में जीत के लिए मंत्री ने की मंत्रणा

## पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद हो रहे कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा की जीत के लिए रणनीति बनी। सोमवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात और बैठक में मंत्रणा की। जिले में कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत के लिए जुटने का आह्वान उन्होंने किया।

सर्किट हाउस में आए प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय भी पहुंचे। उन्होंने जिलाध्यक्ष आकाश पाल व अन्य पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव में जीत के लिए मंत्रणा की। यह सीट सपा के विधायक रहे जियाउर रहमान बर्क के संभल से लोकसभा सांसद बनने के बाद दिए इस्तीफे से रिक्त हुई है। इस सीट पर कमल खिलाने के लिए पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने रूपरेखा बनाई। मंत्री ने सरकार और संगठन के कार्यों के आधार पर उप चुनाव में जीत के लिए सभी से पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने स्थानीय स्तर पर चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव को लेकर पार्टी की यह संगठनात्मक बैठक थी। बैठक में कुंदरकी में होने वाले उपचुनाव में जीत के लिए पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। प्रदेश सरकार में मंत्री जेपीएस राठौर, जसवंत सैनी, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने भी उप चुनाव में पार्टी की जीत के लिए जुटने को कहा। इस दौरान नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, महापौर विनोद अग्रवाल के अलावा हरिओम शर्मा एवं हरीश सिंह (क्षेत्रीय महामंत्री), राजेश यादव (जिला प्रभारी), डॉ. शेफाली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, मनीष सिंह, राजपाल सिंह, डॉक्टर नवदीप यादव ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहे।



बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के संग बैठक करते मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

**मंथन**

- जियाउर रहमान के संभल से सांसद बनने पर कुंदरकी विधानसभा सीट पर होना है उपचुनाव

## निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए टीम बनाकर कार्य करेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने मंडल के पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** मुरादाबाद में गो आश्रय को लेकर सर्किट हाउस पहुंचे पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल ने मंडल के पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें मुरादाबाद जिले में क्रियाशील गोशालाओं में मौजूद गोवंशों के बारे जानकारी की।

बैठक में मुरादाबाद जिले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल ने बताया कि जिले 31 गोशालाओं में गोपालन संचालित है। अभी चार वृहद गोशाला एवं एक कान्हा गोशाला निर्माणाधीन है। इनके निर्माण पूरा होने के बाद जिले में 36 गोशालाएं अस्तित्व में होंगी। मंत्री ने देहात के अलावा नगर में टीम बनाकर निराश्रित पशुओं को गोआश्रय स्थल रखने की बात पर जोर दिया। सोमवार को सर्किट हाउस में बैठक गोवंश पशुओं के लिए बनाए गए गो आश्रय स्थल की जानकारी के बाद मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में अवशेष निराश्रित गोवंश को संरक्षित किए जाने हेतु अब छह विभागों की संयुक्त टीम काम करेगी। 5 जुलाई से 20 जुलाई तक चलने वाले विशेष निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान के अंतर्गत अब नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, गृह विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर संरक्षण अभियान में पूरा सहयोग करेंगे। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र व नगरीय निकायों में अलग-अलग चलाया जाएगा। इसके बाद मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विभाग के मंत्री ने जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए पूर्व में किए गए कार्यों के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में अपर निदेशक ग्रेड-2 पशुपालन विभाग मुरादाबाद मंडल डॉ.राजेंद्र सिंह व जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक ने शादी का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने युवक पर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही 10 लाख के आभूषण हड़पने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

महिला ने शिकायती पत्र में बताया है कि पड़ोसी ने अपने भांजे से उसकी दूसरी शादी की बात की। इसके बाद पड़ोसी ने महिला को भांजे का मोबाइल नंबर दे दिया। फिर दोनों की बातचीत शादी तक पहुंच गई। इस बीच युवक ने महिला से मां की बीमारी का बहाने से उससे 1.50 लाख रुपये ले लिए। कुछ दिन बाद आरोपी महिला को शिमला घुमाने ले गया और वहां दुष्कर्म किया। बाद में युवक के कहने पर महिला घर से नकदी और आभूषण ले आई। महिला ने 4 लाख की नकदी और आभूषण युवक को दे दिए। इसके बाद पीड़िता और आरोपी को उसकी मां, मामा और उसके परिवार के लोगों ने यह कहकर गुरुग्राम भेज दिया कि यहां तुम्हारी जान को खतरा है। एक माह बाद पीड़िता घर आई तो देखा कि उसके पैसों से आरोपी के परिजनों ने मकान बना लिया। महिला ने शादी की बात कही तो युवक ने इनकार कर दिया।

**एक नजर**

### बंटवारे को लेकर मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** घर के बंटवारे को लेकर गाली गलौच का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव आलमगीरपुर निवासी मुनेश पुत्र नन्हें ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मकान के बंटवारे को लेकर उसके भाइयों ने उससे गाली गलौच कर मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने प्यारे, अनिल पुत्र नन्हे, प्रशांत, अंकित पुत्र प्यारे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** सोमवार को एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर में बने मालखाने, मैस, हवालात व पुलिस बैरक से लेकर ऑफिस कागजात कम्प्यूटर रूम, महिला हेल्प डेस्क का रखरखाव व साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने विवेचनाओं में तेजी लाने व फरियादियों के साथ मित्रता का व्यवहार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोरा आदि मौजूद रहे।

### किशोरी को भगा कर ले जाने वाला आरोपी पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 21 जून को किशोरी के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मूंढापांडे थाना प्रभारी ने बताया है कि 20 जून की शाम को आरोपी किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसकी शिकायत किशोरी के परिजनों ने 21 जून को की थी। इसके बाद पुलिस ने कई जगह दबिश दी। सोमवार को कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने उसे थाना क्षेत्र के मनकरा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रामपुर के मिलक के निकट गांव कूप निवासी सचिन पुत्र उदयवीर की रूप में हुई है।

## अकरम हत्याकांड: आत्महत्या के एंगल से होगी अब जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इमाम मोहम्मद अकरम हत्याकांड में पुलिस अब आत्महत्या के एंगल से मामले को जोड़कर देख रही है। जांच के दौरान पुलिस टीम को मिले दो पेज के उर्दू में लिखे सुसाइड नोट ने पूरे मामले को पलट दिया है। एसएसपी ने बताया कि सुसाइड नोट को फारेंसिक और उर्दू के विशेषज्ञों के पास जांच के लिए दिल्ली भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा।

थाना क्षेत्र के भैंसिया के निवासी इमाम मो. अकरम का शव 11 जून को घर के पास खंडहरनुमा मकान में मिला था। सीने में गोली लगी थी और शव के पास ही तमंचा पड़ा था। उस समय पुलिस हत्या के एंगल से जांच कर रही थी। इसी बीच परिवार वालों ने पुलिस को दो पेज का एक सुसाइड नोट दिया, जो उर्दू में लिखा है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सुसाइड नोट जांच के लिए दिल्ली भेजा है। सुसाइड नोट उर्दू में है, जिसे ट्रांसलेट कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार परिजनों ने सुसाइड नोट अकरम की ही हैंड राइटिंग में होने की बात कही है। फिलहाल सुसाइड नोट से घटना आत्महत्या मानी जा रही है।

## उत्तराखंड के साइबर ठगी गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- आरोपी के पास से 5 एटीएम समेत जब्त की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री
- इसी गैंग के दो आरोपी गुरुवार को हो चुके हैं गिरफ्तार

**अमृत विचार:** भगतपुर पुलिस की टीम ने साइबर ठगी के उत्तराखंड के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर अपराध की दुबई से ट्रेनिंग लेकर शहर में लोगों को जाल में फंसाता था। इससे पहले गुरुवार को भी पुलिस ने इसी गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

भगतपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के थाना काशीपुर मोहल्ला साबिक निवासी राशिद पुत्र तस्लीम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बैंक के पांच एटीएम कार्ड, तीन पासबुक, 1270 रुपये नकदी और एक मोबाइल बरामद किया है। राशिद साइबर ठगी गैंग का सरगना है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह अपने साथ साइबर ठगी के ट्रेनिंग के लिए युवकों को दुबई ले जाता था। वहां से लौटने के बाद लोगों को जाल में फंसाते थे। बता दें, कुछ दिन पहले भगतपुर के जीशान ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने 4 जुलाई को इसी गैंग के दानिश अली पुत्र मुनव्वर और अफजाल पुत्र इकरार हुसैन को गिरफ्तार किया था। ये दोनों बहेडी के गांव रोशनपुर के निवासी थे।

**ऐसे फंसाते थे जालसाज**

लोगों को जाल में फंसाने के लिए आरोपियों ने नया तरीका अपनाया। सबसे पहले वह लोगों से पांच हजार रुपये माह देने का झांसा देकर उज्जवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में अकाउंट खुलवाते थे। इसके बाद बैंक एटीएम और पासबुक खुद अपने पास रख लेते थे। एप या साइबर फ्रॉड का पैसा आम लोगों के खाते में डलवाते थे, जिससे वह पकड़े न जा सकें। इसके बाद लोगों के खातों से बैंक एटीएम के माध्यम से आरोपी सारा पैसा निकाल लेते थे।

## तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी सवार युवक ने बाइक से घर का सामान लेने जा रहे पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। विरोध करने पर युवक ने हेलमेट से पिता का सिर फोड़ दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस का सौंप दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के धीमरी रोड इस्लामनगर करूला निवासी यासमीन ने तहरीर में बताया है कि पति जमाल और पुत्र गनी घर का सामान लेने के लिए रविवार देर शाम बाइक पर सवार हो कर घर से निकले थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कूटी सवार युवक ने रहमतनगर की मोड़ पर पीछे से टक्कर मार दी। जमाल ने इसका विरोध किया। आरोप है कि कहासुनी पर युवक ने हेलमेट से जमकर पिटाई कर दी। जिससे उनका सिर फूट गया। जमाल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## कांवड़ यात्रा पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आगामी कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के लिए पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क हो गया है। एसएसपी लगातार कांवड़ पथ का भ्रमण कर रहे हैं, साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक भी कर रहे हैं। जिलाधिकारी के साथ एसएसपी ने रविवार देर रात संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रहेगी।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि रूट डायवर्जन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई। यात्रा मार्गों को चिह्नित करते हुए भीड़ प्रबंधन, रूट डायवर्जन, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों आदि की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया है कि गुरुवार को रूट डायवर्जन की घोषणा की जाएगी। रूट डायवर्जन लागू होने के बाद शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों को लेकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो, किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न आए।

एसपी ट्रैफिक ने बताया है कि विगत वर्ष कुछ स्थानों पर दुर्घटनाएं घटित हुई थीं। उनसे सीख लेते हुए इस वर्ष सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। यातायात सुरक्षा को लेकर मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ संवाद-समन्वय बनाया गया है।



रविवार देर रात निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल।

**आगामी त्योहारों पर एक नजर**

आगामी 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास प्रारंभ हो रहा है। इस अवधि में श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकलेगी। 07 जुलाई से शुरू हुई जगन्नाथ रथ यात्रा का मंगलवार को अंतिम दिन है। 08 जुलाई से 17-18 जुलाई तक मोहर्रम, 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व है। बरसात के मौसम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

- रूट डायवर्जन लागू होने पर शहर में प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

## एमडीए ने ओपन सिनेमा कैफे बंद कराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई जारी है। जिसके तहत तीन दिन पहले ही खुले ओपन सिनेमा कैफे को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को बंद करा दिया गया। एमडीए के अधिकारियों का कहना है कि यह सिनेमा बिना मानचित्र के संचालित किया जा रहा था। जल्द ही एमडीए द्वारा इस पर सील की कार्रवाई भी की जाएगी।

नया मुरादाबाद के सेक्टर 12 में तीन दिन पहले ही ओपन सिनेमा कैफे की शुरूआत की गई थी। सोमवार को एमडीए अधिकारियों को जानकारी मिली कि यह सिनेमा कैफे बिना मानचित्र के निर्माण कराया गया है और बिना मानकों के संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत एमडीए सचिव अंजुलता ने टीम भेजकर ओपन सिनेमा कैफे को बंद करा दिया। सचिव अंजूलता ने बताया कि सूचना मिली थी कि नया मुरादाबाद में एक सिनेमा हॉल बिना मानचित्र के निर्माण किया गया है। जिसकी जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि सिनेमा हॉल का मानचित्र पास नहीं कराया गया है। जिसके चलते अवैध रूप से बने सिनेमा मालिक को नोटिस देकर उसे बंद करा दिया गया है। जल्द ही उसके खिलाफ सील की कार्रवाई की जाएगी।




नया मुरादाबाद में एमडीए द्वारा बंद कराया गया ओपन सिनेमा कैफे। ● अमृत विचार

- नया मुरादाबाद में बिना मानचित्र संचालित हो रहा था ओपन सिनेमा कैफे, तीन दिन पहले हुआ था शुरू

## महिला को पति ने पीटा चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में ससुर की अश्लील हरकतों से तंग आकर महिला ने पति से शिकायत की। पति ने मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र निवासी महिला की शादी एक साल पहले शहनवाज से हुई थी। शादी के बाद ससुर उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। सोमवार को पति शहनवाज को ससुर की हरकतों के बारे में बताया। इसपर वह उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**तैयारी** — नई ट्रेन के संचालन के लिए रेलवे प्रशासन ने मुख्यालय भेजा प्रस्ताव

# चंदौसी होते हुए बरेली तक संचालित होगी ईएमयू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन जल्द ही मुरादाबाद से बरेली के लिए नई ईएमयू ट्रेन संचालित करने जा रहा है। यह ट्रेन मुरादाबाद से चंदौसी होते हुए बरेली के लिए प्रतिदिन संचालित की जाएगी। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। इस ट्रेन से दैनिक यात्री, विद्यार्थी व काम के सिलसिले में बरेली जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार बेहतर फैसले ले रहा है। इसी बीच रेलवे ने यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए रेल प्रशासन ने मुरादाबाद से बरेली के बीच नई ट्रेन को चलाने का प्रस्ताव बनाया है। यह ट्रेन इलेक्ट्रिक होगी और वायां चंदौसी होकर संचालित होगी। इलेक्ट्रिक ट्रेन के संचालन का फायदा रेल यात्रियों को होगा। मुरादाबाद से चंदौसी और चंदौसी से बरेली के बीच रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है।

चंदौसी रूट पर मछरिया, फरेदी, राजा का सहसपुर के अलावा बरेली से चंदौसी की ओर तमाम लोगों की आवाजाही है। बड़ी संख्या में मजदूर, दैनिक यात्री और छात्र- छात्राएं जॉब तथा उच्च व माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में आते-जाते हैं। अभी रेलवे में चंदौसी से मुरादाबाद तक कई ट्रेनें संचालित हो रही हैं। जिसमें चंदौसी से मुरादाबाद तक सुबह चार बजे से पैसेंजर ट्रेनें हैं। जिनमें तीन सुबह और एक रात में पैसेंजर ट्रेन चलती है। बरेली से रामपुर होकर तमाम ट्रेनें संचालित हैं। लेकिन, कुछ साल पहले ऊना हिमाचल, डुप्लीकेट पंजाब मेल, आगरा कैंट-बांदीकुई ट्रेनों के संचालन के दौरान अकेले चंदौसी यूटीएस पर रोजाना पांच हजार टिकटों की बिक्री होती थी।

> मुरादाबाद से बरेली के लिए नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। यह ट्रेन मुरादाबाद से चंदौसी होकर बरेली तक संचालित होगी। इस रूट पर नई ईएमयू ट्रेन का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए जोन मुख्यालय को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। ईएमयू की टाइमिंग को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है।
> –आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम

**सुधर नहीं रहा ट्रेनों का संचालन**

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** काफी समय से मुरादाबाद में ट्रेनों के लगातार देरी से पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन पांच से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ट्रेन संख्या-16555 श्रीमाता वैष्णो देवी साप्ताहिक एक्सप्रेस मुरादाबाद में चार घंटे 14 मिनट, 15012 लखनऊ एक्सप्रेस दो घंटे 48 मिनट, 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस एक घंटा आठ मिनट, 15035 रामनगर उत्तर संपर्क क्रांति तीन घंटे चार मिनट, 04336 ऋषिकेश-चंदौसी पैसेंजर एक घंटा आठ मिनट की देरी से पहुंची।

## एक नजर

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अनिल बने चैंपियन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी अनिल सेन ने अपने करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। वह लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी सचिन कुमार को हराकर चैंपियन बने। अनिल सेन ने बताया कि यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन लखनऊ में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक हुआ। इसमें अनिल ने क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद के डॉ. फजान खां को 3-0 और सेमीफाइनल में आगरा के सौरभ को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका मुकाबला लखनऊ के सचिन के साथ हुआ। इसमें अनिल सेन 3-0 से जीत दर्ज कर चैंपियन बने। वह इससे पहले भी कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। इस उपलब्धि पर क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने उन्हें बधाई दी।



हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों से वार्ता करतीं यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी।

## व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुध बाजार में एक होटल के सामने व्यापारियों की सहूलियत के लिए डिवाइडर को खोलने की मांग अनसुनी करने पर हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी नाराज हैं। ब्लॉक मुरादाबाद के अध्यक्ष संस्कार कत्याल ने बताया कि व्यापारियों व जन सामान्य का शोषण नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त को बुध बाजार में स्थित एक होटल के सामने वाले डिवाइडर को खोलने के लिए ज्ञापन दिया गया था। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई। जिसके बाद जिला प्रभारी अंकित शर्मा ने पुलिस अधीक्षक यातायात को फोन कर व्यापारियों व स्थानीय लोगों को हो रही समस्याओं की जानकारी देते हुए धरना प्रदर्शन करने की बात कही। जिस पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर अराधना सिंघल व स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता एके मित्तल मौके पर आए और इस सप्ताह डिवाइडर खुलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद देशरत्न कत्याल, सपना गुप्ता, शक्ति कत्याल, वंश माथुर, विष्णु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### महानगर के इमामबाड़ों में हुई मजलिसें, अजादारों ने हाय हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं बुलंद कीं

# मजलिसों में कर्बला का बयान सुनकर नम हुई अजादारों की आंखें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सोमवार को मुहर्रम की पहली तारीख से शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। महानगर के अलग-अलग स्थानों पर हुई मजलिसों में जिक्र-ए-कर्बला हुआ तो अजादारों की आंखे नम हो गईं। अजादारों ने हाय हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं बुलंद कीं।

महानगर के लाकड़ीवालान स्थित मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर पहली मजलिस हुई। मजलिस में हाजी शबी हैदर ने मर्सिया ख्वानी की। मौलाना हसन मुज्तबा ने मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में पहुंचने तक का मंजर बयान किया। मदीने से कर्बला तक का सफर और उसमें घर की औरतों तथा बच्चों का साथ एवं सफर की तकलीफों को बयां किया। उन्होंने कर्बला में यजीद की ज्यादतियों को



आजाद नगर स्थित इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

बयां किया, जिसे सुनकर अजादारों के आंसू छलक आए। अजादार हाय हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं बुलंद करने लगे। मजलिस के बाद वसीम हैदर ने नोहा पढ़ा, जिसमें अजादारों ने मातम किया। वहीं चौमुखापुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत अली में दूसरी मजलिस हुई। यहां मौलाना अली मोहम्मद ने मजलिस को खिताब किया। जबकि लाकड़ीवालान स्थित इमामबाड़ा हकीम फरजंद अली पर तीसरी मजलिस हुई। इस दौरान आसिम यावर, डॉ. तनवीर, हाजी अमीरूल हसन, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद आब्बास, हाजी मेहताब हैदर, गुलरेज हैदर रिजवी, आलम आब्दी, नावेद यावर, जावेद यावर, जिम्मी नकवी, शबाब हैदर, गौहर मिर्जा, आसिफ रजा, हैदर रिजवी समेत भारी संख्या में अजादार शामिल रहे।

### इसी चांद में नबी का नवासा साथियों के साथ हुआ था शहीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आजाद नगर स्थित इमामबाड़े में मजलिस को सिरसी से आए मौलाना मोहम्मद हसन ने खिताब किया। उन्होंने चांद के हवाले से तकरीर की। उन्होंने मुहर्रम के चांद का जिक्र करते हुए कहा कि इस चांद को सारी दुनिया याद रखती है। इसी चांद में नबी का नवासा अपने 72 साथियों के साथ भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया था। यह चांद मोमेनीन के लिए बड़े गम का चांद है। मजलसि में मर्सिया खादिम-ए-अहलेबैत और उनके हमनवा ने पढ़ा। इस मौके पर मजाहिर हुसैन नकवी, डॉ. फाईम रजा, कमर अब्बास, मोहम्मद सलमान, असबात हुसैन, अली वाहिद, तहजीब हैदर, शबाब असकरी, हसन जैदी, मीसम जैदी, वसी जैदी, अब्बास जैदी, सादिक जैदी व अनीस हैदर शामिल रहे।

### हजरत इमाम हुसैन की भारत आने की थी ख्वाहिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ की पुलिया स्थित मोहम्मद अली वारिस वारसी के मकान पर भारतीय सूफी फाउंडेशन एवं गुलामाआने सरकार वारिस पाक आजम अल्लाह जिक्र रहू ने संयुक्त रूप से जिक्र ए हजरत इमाम हुसैन अली मकाम सलामे हुसैन आयोजित किया। जिसमें शायर सूफी वारसी ने कहा कि हमें अपने देश भारत से इश्क और मोहब्बत यूं भी है कि यहां आने की ख्वाहिश हजरत इमाम हुसैन अली मकाम ने भी की थी। काशिश वारसी ने कर्बला के रिश्तों को घर के अंदर उतारने की बात कही। इस मौके पर नसीम वारसी, वसीम अल्वी, अमीन वारिस वारसी, सादिक वारसी, अतहर अंसारी, असद मोलाई, अबरार वारसी, वसी वारसी, नाजिर अशरफी शामिल रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सैकड़ों शिक्षकों ने सोमवार को आवाज बुलंद की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) के जिलाध्यक्ष शांति भूषण वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने डिजिटाइजेशन व ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह को सौंपा।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध मे जिलेभर के सैकड़ों शिक्षक तीन बजे से ही कलेक्ट्रेट स्थित मुशायरा ग्राउंड पर जुट गए थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा कई बार महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है। बीती 14 मार्च को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय में धरना भी दिया गया था। तब महानिदेशक द्वारा संगठन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया था कि डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं के निस्तारण के पश्चात ही इसे लागू किया जाएगा।





कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जिला महामंत्री अकरम हुसैन ने ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को तुगलकी फरमान करार दिया। जिला संगठन मंत्री विजय शंकर ने कहा कि विभागीय अधिकारी डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू करना चाहते हैं, जिसका विरोध किया जाएगा। जिला संयुक्त महामंत्री राजकुमार शर्मा ने व्यवस्था का विरोध करने की बात कही। इस दौरान जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रवीन्द्रपाल सिहं, मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, टीएससीटी के जिलाध्यक्ष सुधीश पाराशरी, करन सिंह समेत विभिन्न पदाधिकारियों ने भी महासंघ को समर्थन किया। जिसके बाद शिक्षकों ने एडीएम सिटी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सचिन शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, राजीव कुमार, कुलदीप सिंह, राहुल तिवारी, हरीश कुमार, शीशपाल सिंह, विपेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मंजू रानी, सरिता शर्मा, दीप्ति खुराना, रेखा रानी, आशीष सिंह, संजय कुमार भारती, पुष्पेन्द्र सिहं, दिनेश कुमार, सुरेंद्रपाल सिंह और संजय सैनी आदि मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर आनलाइन हाजिरी का विरोध पर विरोध जताया। जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे और ऑनलाइन हाजिरी का बायकाट किया। कुछ दिन पहले ही स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर निर्देशित किया था कि सभी परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में 25 जून से छात्रों की उपस्थिति पंजीकृत डिजिटल तौर पर कराई जाए। इसके अलावा सभी अध्यापकों की भी उपस्थित आठ जुलाई यानि सोमवार से कराई जाए। जिसके आधार पर जनपद के आठों ब्लॉकों में बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए आदेश जारी कर दिए। जिसके बाद से ही शिक्षकों द्वारा इसका विरोध जताना शुरू कर दिया गया। सोमवार को सभी शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी थी, लेकिन उन्होंने हाजिरी लगाने से साफ इनकार कर दिया और इसका विरोध किया। सभी शिक्षकों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधी और ऑनलाइन हाजिरी लगाने का विरोध किया। इस दौरान शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कक्षाओं में पढ़ाया।

### घटती कुल उपजाऊपन दर पर चिंता जताई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बीते दिनों लखनऊ में हुई। जिसमें देशभर के सभी प्रान्तों से 340 कार्यकर्ताओं की प्रतिभागिता रही।

सोमवार को बैठक से लौटे अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि भारत में घटते कुल उपजाऊपन दर (टीएफआर) यानी कुल प्रजनन दर पर चिंता व्यक्त की गई। किसी भी देश की अनूकुलतम टीएफआर 2.1 होनी चाहिए। जो अब घटकर 1.9 रह गई है। ऐसी स्थिति भविष्य में भी बनी रही, तो भारत में युवा जनसंख्या कम होती जाएगी। जिसका परिणाम यह होगा कि भारत भी जापान और पश्चिमी देशों की भांति बूढ़ों का देश बन जाएगा। साथ ही सरकार से मांग की गई कि सरकार प्रतिभा पलायन के स्थान पर मस्तिष्क लाभ की नीति पर काम करते हुए विदेशों में रह रहे एनआरआई की प्रतिभा का उपयोग कर भारत को समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 2047 का भारत एवं उद्यमिता के जैविक पथ पर भी प्रस्ताव रखे गए।

## अबकी बारिश से मिली शहरों को सौगात, चोक नालियां...

- हिन्दी साहित्य संगम ने ऑनलाइन काव्य-गोष्ठी आयोजित की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम ने ऑनलाइन काव्य-गोष्ठी आयोजित की। इसमें कवियों व रचनाकारों ने सम सामयिक विषयों पर अपनी प्रस्तुति से परिदृश्य को रेखांकित किया।

राजीव प्रखर ने मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि अशोक विश्नोई व विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह ओंकार रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन राजीव प्रखर ने किया। अध्यक्षता कर रहे रामदत्त द्विवेदी ने मधुर स्वर में कोई मुझको है बुलाता, लगा ऐसा, कमल पुष्पों से मेरा पथ है सजाता सुनाई। मुख्य अतिथि अशोक विश्नोई ने बस पांच दुनी दस, शीत लहर है, धूप नहालें, यादों के लिए, गीत गूंज ले रचना से सराहना पाई। विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह ने बादल जब वर्षा करे, लहराता है धान, हरे खेत को देखकर, पुलकित होय किसान से किसानों की स्थिति बयां की। डॉ. मनोज रस्तोगी की पंक्तियों बारिश में खूब नहाना भूल गये बच्चे, कागज की नाव बनाना भूल गये बच्चे ने सभी को सोचने पर मजबूर किया। जबकि योगेन्द्र वर्मा व्योम की प्रस्तुति ने बारिश के दौरान महानगर की स्थिति का जीवंत चित्रण कर दिया, अबकी बारिश से मिली, शहरों को सौगात, चोक नालियां कर रहीं, सड़कों पर उत्पात। संचालक राजीव प्रखर ने पंछी लौटे नीड़ को, मौन हुए सब तीर, रजनी नभ में गढ़ रही, फिर झिलमिल तस्वीर से वाहवाही पायी। डॉ. अर्चना गुप्ता ने पूरा जब वनवास हुआ तब, राम अयोध्या वापस आये, मनोज मनु ने रिमझिम बरखा आई, झूम रे मन मतवाले, केपी सरल ने लाज गयी इज्जत गयी, गया हिंद का मान। पूज्य अयोध्या धाम को, नहीं मिला सम्मान से राजनीतिक स्थिति को रेखांकित किया।

अशोक विद्रोही, हेमा तिवारी, कमल शर्मा, नकुल त्यागी, शशि त्यागी, मीनाक्षी ठाकुर ने भी रचना प्रस्तुत की। वहीं पूजा राणा ने पृथ्वी राज से सिंह जने जो, उस धरती का मान हो, प्रस्तुत किया तो प्रशांत मिश्र ने यह जग है एक मुसाफिर खाना, आज ठहरे हो कल चले जाओगे सुनाई। जितेंद्र जौली ने सभी का आभार जताया।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने को रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के आयुष भवन में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी भीड़ रही। खराब मौसम के बाद भी काफी संख्या में जरूरतमंद पहुंचे। दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के सदस्यों ने दिव्यांगता का मूल्यांकन कर प्रतिशत निर्धारित किया और उन्हें प्रक्रिया के आधार पर प्रमाण पत्र देने की सहमति दी है।

बरौल रतनपुर से आए धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें हाथ में दिक्कत है। लोधीपुर के प्रिंस के बाएं पैर में समस्या है। वह अच्छी तरह से उठ-चल नहीं पाते हैं। बताया कि दो महीने पहले आवेदन ऑनलाइन कराया था। अब दूसरी बार आए हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान ने प्रिंस की दिव्यांगता की जांच की। 70 प्रतिशत दिव्यांगता निर्धारित होने के बाद उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की सहमति दी है। दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के सदस्यों में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकिशोर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वसीम खान, नेत्र सर्जन डॉ. जूही सक्सेना मौजूद थे। ईएनटी से संबंधित दिव्यांग को जांच के लिए डॉ. अनिल श्रीवास्तव के पास 14 नंबर कमरे में भेजा जाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकिशोर ने बताया कि जिला अस्पताल में लगे कैंप में कुल 30 लोगों के पंजीकरण किए गए हैं। इनमें 25 के स्वास्थ्य परीक्षण में दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पात्र पाए गए हैं, इन्हें प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। शेष पांच को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रेफर किया गया है।



जिला अस्पताल में अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन करते मेडिकल कर्मी। ● अमृत विचार

### अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला शुरू

**अगवानपुर, अमृत विचार:** मोहर्रम का महीना शुरू होते ही शिया समुदाय में गम का माहौल छा गया। हर तरफ या हुसैन हाय हुसैन की सदाएं गूंज रही हैं। नगर के अज़ाखानों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। पहली मजलिस मुतलिब हुसैन के इमामबाड़े में सुबह नौ बजे शुरू हुई जिसके बाद पूरे दिन नगर के अज़ाखानों में मजलिस हुई। मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में मौलाना हाफिज सैय्यद मुअस्सिर अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि सभी उम्मते मोहम्मदी को एकजुट होकर दुनिया में भाईचारा कायम करना चाहिए। इमाम हुसैन के मसायब सुनकर अज़ादारों की आंखे अश्क बार हो गई। इस दौरान दानिश रज़ा, मो. हैदर, यासीन नक़वी, क़मर नक़वी, शाने अब्बास, तसव्वर हुसैन, शबी अब्बास, अजीम नकवीआदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** फर्जी रजिस्ट्रेशन कराकर विभाग में धोखाधड़ी कर अधिवक्ताओं की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे जालसाजों के खिलाफ जोनल बार टैक्स एसोसिएशन ने रणनीति तैयार की है।

सोमवार को राज्य कर कार्यालय के मीटिंग हाल में संयुक्त कार्यकारिणी सदस्यों की मौजूदगी में अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। अधिवक्ताओं की छवि धूमिल न हो सके इसके लिए कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति से तय हुआ कि राज्य कर विभाग के अधिकारियों से व्यापारियों की ओर से कोई भी व्यक्ति इस स्थिति में बातचीत कर सकता है जिसमे या तो व्यापारी खुद मौजूद हो, या फिर व्यापारी अपनी फर्म की तरफ से लिखित दस्तावेज



जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

दे या फिर फर्म से संबंधित व्यक्ति को पॉवर ऑफ अटॉर्नी में लिखित उसका पक्ष रख सके। ऐसी स्थिति में जिसमे अधिवक्ता को वकालतनामा हस्ताक्षर कर उसे उपस्थित होने का अधिकार दे। इसके अतिरिक्त व्यापारी अपने अधिवक्ता को उपस्थित होने का अधिकार दे या फिर विभाग की तरफ से नियुक्त जीएसटी प्रैक्टिशनर को अपनी ओर से नियुक्त कर उपस्थित होने का अधिकार दे। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट गुफरान माजिद ने की जबकि संचालन महासचिव शाहवेज मलिक ने किया। महासचिव शाहवेज मलिक ने कहा हमारी पहली प्राथमिकता अधिवक्ताओं की छवि को धूमिल होने से बचाना है। इसलिए ये रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा इस तरह की रणनीति से फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी। उन्होंने कहा हमारी रणनीति कामयाब होती है तो ठीक है वरना इसकी शिकायत राज स्तर पर को जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरिफ़ अली,गौरव गुप्ता, दीपक गुप्ता,विचित्र शर्मा,मनीष अग्रवाल,अमित वर्मा, जुहैब सुल्तान आदि मौजूद रहे।

**समीक्षा** — जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पौधरोपण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

# औषधीय पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पौधरोपण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने ग्राम विकास विभाग से संबंधित अधिकारी को पौधरोपण के बाद उनके संरक्षण के लिए भी कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि व्यक्तिगत पौधरोपण को भी प्रोत्साहित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक पौधरोपण संरक्षित जगहों पर करें। अमृत सरोवर, गोशाला आदि जगहों पर पौधे रोपें। अमृत वन एवं मियावाकी पौधरोपण पर भी विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग



कलेक्ट्रेट सभागार में पौधरोपण को लेकर बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

के अधिकारी को सड़कों के किनारे थीम आधारित पौधे लगवाने के लिए कहा। राजस्व व पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने विभाग की ओर से पौधरोपण के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को छायादार और पशुओं के उपयोग में आने वाले पौधे जैसे सहजन इत्यादि लगाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को वृहद स्तर पर पौधरोपण कराने के लिए कहा। अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार से मियावाकी प्लाटेंशन और वर्टिकल गार्डन लगवाने के लिए कहा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी सामुदायिक केंद्रों पर औषधीय पौधों को लगवाने पर जोर दिया। गोशालाओं में पौधरोपण इस तरीके से करने का निर्देश दिया जिससे प्राकृतिक फेंसिंग का स्वरूप मिले। जिलाधिकारी ने जीएम डीआईसी को निर्देश दिया कि उद्योगपतियों को मियाबाकी प्लाटेंशन के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, डीएफओ वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जीएम डीआई योगेश कुमार, उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञान चंद्र आजाद का निधन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञान चंद्र आजाद का सोमवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर कांग्रेसियों समेत अन्य राजनीतिक लोगों ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर पाठक ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व शहर कमेटी में उपाध्यक्ष रहे ज्ञान चंद्र आजाद का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञान चंद्र आजाद हिंदू डिग्री कॉलिज से सेवानिवृत्त थे। उनके पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री आदि का भरा पूरा परिवार है। उन्होंने बताया कि देर शाम लाल बाग स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, असद मोलाई, विनोद गुंबर, अजय सारस्वत सोनी, पं. देशराज शर्मा, फूलकुंवर, डॉ. सादिक आदि ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

# डॉ.आशुतोष व डॉ. संदीप सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट की ओर से सोमवार को गांधीनगर में नेत्र प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें नेत्र चिकित्सक डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने 50 रोगियों के नेत्रों का परीक्षण किया।

उन्होंने आंखों के रोग जैसे मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, काला पानी, आंखों की नसों का सूखना, कम उम्र में चश्मा लग जाना आदि से बचाव के उपाय बताए। क्लब की ओर से डाक्टर्स डे सप्ताह के अवसर पर डॉ. आशुतोष अग्रवाल और डॉ. संदीप गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रामचंद्र सोती, सचिव अनिल शर्मा, राकेश कुमार रस्तोगी, डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. गोविंद नौन्याल, अमित रस्तोगी, भारत भूषण सिक्का, रविंद्र



रोटरी क्लब एक्सिस द्वारा लगाए गए शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

रस्तोगी, संगीता सिक्का, यश शर्मा का सहयोग रहा। उधर, रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस की ओर से आशियाना फेज वन में राम रहीम नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. अनुपम कुमार सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट यशवीर सिंह आदि सहयोगियों के चिकित्सकीय दल ने नेत्र रोगियों का परीक्षण किया।

इस शिविर में क्लब के अध्यक्ष सागर राय, विवेक गोयल, यथार्थ, अद्वितीया, संजय सिंघल, पिंकी राय, रश्मि गोयल, कविता गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# रामगंगा का पानी खेतों में घुसा, फसल बर्बाद

## लगातार हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा, फसल नष्ट होने से किसान परेशान

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे पानी खेतों में घुसने से गन्ने, बाजरा मक्का आदि की फसल डूब गई है। जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है।

रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के नदी किनारे बसे गांव मलकपुर सेमली, मुस्तफापुर, गोतावाली, चंद्रपुरा गुलरिया आदि की आबादी में नदी का पानी घुसने लगा है जिससे ग्रामीणों में दहशत है। क्षेत्रवासी हसमत अली, नौशाद अली, विरासत हुसैन बाबू, शहनाज अकरम, जाहिद ,कलुआ, रहमान, मुजम्मिल हुसैन आदि ने बताया कि बरसात के मौसम में प्रतिवर्ष रामगंगा नदी में बाढ़ आने से किसानों की फसले बर्बाद हो जाती हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मुस्तफापुर के ग्राम प्रधान रईस अहमद ने बताया कि रामगंगा नदी की बाढ़ को रोकने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी जिस पर अदालत ने तटबंध पिचिंग बनाने का आदेश पारित कर दिया। लेकिन बाढ़ खंड के अधिकारियों ने आदेश को ठंडा बस्ते में डाल दिया। अभी तक तटबंध न होने से प्रतिवर्ष दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं जिससे लोगों को काफी नुकसान होता है।


डिलारी में खेतों में भरा रामगंगा नदी का पानी। ● अमृत विचार


खादर क्षेत्र में बारिश के पानी से जलमग्न हुए खेत। ● अमृत विचार

### खादर क्षेत्र में लगातार बारिश से खेतों में भरा पानी, फसल खराब होने की आशंका

**छजलैट, अमृत विचार :** खादर क्षेत्र में कई दिनों से वर्षा होने के कारण रामगंगा नदी से पानी निकलकर खेतों में फैलना शुरू हो गया। जिससे गन्ने की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है। तहसील क्षेत्र के बहादुरपुर, गोपालपुर, बेगमपुर, मिश्रीपुर, महममूदपुर कलमी, भैसली जमालपुर, बीबीपुर, सालवा, छज्जूपुरा दोयम, खेमपुर सैफुल्लापुर, गांवड़ी, मुजफ्फरपुर टांडा, शेरपुर रुस्तमपुर ,चैदरी अकबरपुर, सलेमपुर, मोढी हजरतपुर, मुस्तफापुर, मंजीरा खंडसाल, मल्लहीवाला, हसन गाड़ी, गाजीपुर खादर, दरियापुर, चेकफेरी, पायदापुर, रामसराय आदि गांवों के ग्रामीण और किसानों की चिंता बढ़ गई है। बाढ खंड के अधिकारी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं कि डैम का पानी ओवर होने पर ही रामगंगा नदी में छोड़ा जाएगा। खादर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है जिससे फसल को काफी नुकसान होगा। पानी का जल स्तर बढ़ने से तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बाढ़ सहायता के लिए लगी चौकियों का निरीक्षण किया और गांव में भी भ्रमण किया। सभी को बाढ़ से होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा और नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## एक नजर

### दो दरोगाओं को कप्तान ने किया लाइन हाजिर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा कोतवाली में एक बार फिर कप्तान का चाबुक चला। लापरवाही बरतने वाले दो दरोगाओं पर गाज गिरी है। काम में लापरवाही बरतने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने सब इंस्पेक्टर छविनाथ व सोहनलाल शर्मा को लाइन हाजिर किया है। डिप्टी एसपी राजेश तिवारी ने बताया कि अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। चेतावनी के बाद भी सुधार न आने पर उन्हें लाइन हाजिर किया गया है।

### काजीपुरा खालसा के कंपोजिट विद्यालय में चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा खालसा गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय का रात्रि में ताला तोड़कर चोर कीमती सामान ले गए। रविवार की रात्रि किसी समय चोर विद्यालय के कार्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर, चूल्हा भट्ठी और एक बोरा गेहूं व बर्तन आदि चुरा ले गए। प्रात: प्रधानाचार्य मुकेश कुमार विद्यालय पहुंचे तो देखा कि मुख्य द्वार व कार्यालय का ताला टूटा हुआ था। स्टाफ के पहुंचने पर ग्राम प्रधान व पुलिस को चोरी की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। प्रधानाचार्य ने चोरी किए गए सामान की लिस्ट के साथ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति सुनील कुमार, नीरज, बेबी, सतवीर सिंह, ओमवती, गीतकुमारी आदि मौजूद रहे।

### महिला को मारपीट कर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव बढेरा में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने महिला को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका उपचार जिला अस्पताल चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी है। गांव निवासी महिला शमीम जहां अपने घर में बैठी हुई थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी गुलाम नबी, अब्बास, रफत, आसमा हाथों में लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को किसी तरह बचाया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को अस्पताल भेजा।

## सार-संक्षेप

### क्षेत्र में आम की बहार, विदेशों में हो रही आपूर्ति

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में हजारों एकड़ भूमि में आम के वृक्ष लगे हुए हैं। कई क्वालिटी के आम यहां से विदेशों को सप्लाई किए जाते हैं। इस वर्ष आंधी कम आने के कारण आम की पैदावार अच्छी हुई है। तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़ी, सलेमपुर, अकबरपुर चैधरी, सालावा, मतलब, सदरपुर, उमरी, मुख्तियारपुर नवादा, रायपुर खुर्द, लाडला बाद आदि स्थानों पर कई एकड़ भूमि में आम के वृक्ष लगे हुए हैं। जिन पर दशहरी, चौसा, बनारसी, लंगड़ा आदि की पर्याप्त मात्रा में फसल हुई है। क्षेत्र में सबसे अच्छा आम दशहरी माना गया है जिसका उत्पादन अधिक होने से इस वर्ष मात्र 15 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। बाकी सभी आम 10 से लेकर 25 रुपये किलो तक बिक रहे हैं।


कांठ में आम बेचते फल विक्रेता। ● अमृत विचार


कान्हा गोशाला का निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने गोशाला का किया निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष मो. उस्मान अली ने गोशाला का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। सोमवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान अली ने कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण कर वहां उपस्थित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। कान्हा गोशाला के बराबर से गुजर रही करूला नदी के बढ़ते जल स्तर को भी चेयरमैन ने देखा तथा कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए हिदायत दी। साथ ही गोशाला में गायों के लिए हरा चारा व पीने के पानी आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मोहम्मद ज़ीशान, लिपिक सुरेंद्र सिंह, जय कुमार, मुशाहिद अली, अशोक, कप्तान आदि मौजूद रहे।

### सऊदी अरब से 27 दिन बाद पहुंचा फकरुद्दीन का शव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सऊदी अरब से फकरुद्दीन का शव सोमवार को नगर में पहुंचा तो परिजन गमगीन हो गए। दोपहर बाद उसके शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नगर के मोहल्ला अंसारियां वार्ड 23 निवासी फखरुद्दीन उर्फ नन्हे (40) पुत्र स्व. मोहम्मद अली सऊदी अरब में लंबे समय से हाइल शहर की एक कंपनी में कार्यरत था। 11 जून को ड्यूटी के दौरान अचानक हार्टअटैक आ जाने से उसकी मौत हो गई। मंगलवार को उसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली तो पत्नी अंजुम व दो बेटों अबुजर हमजा सहित उसके भाइयों नाजिर, हाजी रियासत, रईस व शाने आलम का रोते बिलखते बुरा हाल हो गया था। वही शव सोमवार को नगर में पहुंचा तो परिवारजन गमगीन हो गए। लोगों ने गमजदा परिजनों को सांत्वना दी।


फकरुद्दीन का फाइल फोटो।


कांवड़ पथ पर कूड़ा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### कांवड़ पथ की साफ-सफाई शुरू

**छजलैट, अमृत विचार :** सरकार के निर्देशानुसार कांठ तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले कांवड़ पथ का चार दिन पूर्व अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। उसी के तहत कांवड़ पथ की साफ-सफाई कराई जा रही है। तहसील क्षेत्र के कांवड़ पथ की स्थिति बारिश के बाद काफी खराब हो चुकी थी। जिसका जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने जा रही है। उसी के तहत जिला पंचायत राज्य अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम सराय खजूर, मानपुर ,मुजफ्फरपुर ,संदलीपुर, रसूलपुर चौहरा, शेरपुर, मुजफ्फरपुर टांडा, मोढी हजरतपुर, गाढी, सिकंदराबाद आदि मार्गों की साफ-सफाई का कार्य सोमवार से प्रारंभ हो चुका है। जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा ने निर्देशित किया है कि ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान उनके क्षेत्र में चल रही कांवड़ पथ की साफ सफाई की फोटोग्राफी कर संबंधित कार्यालय को सूचित करेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर टांडा में कांवड़ पथ पर जेसीबी से सफाई अभियान चलाया गया।

### एसडीएम से की फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लगने पर ग्रामीणों ने एसडीएम कांठ को प्रार्थना पत्र देकर फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की है। तहसील कांठ के ग्राम बगिया सागर में 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर अचानक आग लगने के कारण फुंक गया था। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। निराश होकर ग्रामीण कुलदीप कुमार, विकास कुमार, रामकुमार सिंह, विजयपाल सिंह, मोहम्मद उमर, नन्हे आदि ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम विनय कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की। एसडीएम ने एसडीओ विद्युत को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# जलभराव व गंदगी से नागरिक त्रस्त

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** बारिश के कारण गंदा पानी व कीचड सड़कों पर एकत्र हो गई है जिससे नागरिकों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है।

नगर के वार्ड नंबर दो में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, जबकि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान पखवाड़ा चल रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि काफी समय से नाली व नालों की सफाई न होने से गंदगी रास्ते पर इकट्ठी हो गई है और बरसात का पानी भी सड़कों पर जमा है। स्थानीय निवासी राजकुमार व देवेंद्र सिंह ने बताया कि नगर में सामुदायिक शौचालय बने हुए हैं उनकी भी स्थिति खराब है। गांव में नालों की सफाई न होने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे व किसानों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष से गंदगी की साफ-सफाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचा। उन्होंने शीघ्र ही साफ-सफाई कराने की नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है।

मांग करने वालों में राजकुमार, देवेंद्र, हरि सिंह, वीरेंद्र, जगदीश, राकेश, महेंद्र, धीरज कुमार, हरवीर, पिंटू, छोटू व हर कुमार आदि मौजूद रहे।


बारिश से वार्ड दो में हुई कीचड़। ● अमृत विचार

**परेशानी**

- नगर पंचायत प्रशासन से की साफ-सफाई की मांग
- नाली व नालों की सफाई न होने से सड़क पर जलभराव

# बैंक खाते से उड़ाए तीन लाख रुपये अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** शातिर ठग ने बैंक खाते से तीन लाख रुपये की रकम अलग-अलग तिथियों में निकाल ली। बैलेंस चेक करने पर पीड़ित को मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने मकान के निर्माण के लिए पैसे एकत्र किए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामला साइबर क्राइम शाखा को स्थानांतरित कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरजन नगर निवासी कासिम पुत्र नन्हे ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके स्टेट बैंक शाखा सुरजननगर में खाते से अलग-अलग तारीखों में किसी अज्ञात व्यक्ति ने लगभग तीन लाख रुपये निकाल लिए हैं। उसने बैलेंस चेक किया तो मामले की जानकारी हुई। इसकी शिकायत उसने शाखा प्रबंधक से की। कासिम ने बताया कि उसने यह पैसा मकान के निर्माण के लिए एकत्र किया था। वही कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे सवा लाख रुपये

**कांठ, अमृत विचार :** होमगार्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने ग्रामीण से धोखाधड़ी कर सवा लाख रुपये ठग लिए। ग्राम पाइंदापुर निवासी रिंकू पुत्र सोना सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम सलेमपुर के एक व्यक्ति पर होमगार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर सवा लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज कर भगा दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारी निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# ऑनलाइन हाजिरी पर शिक्षकों ने जताया विरोध , देंगे ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में एवं अपनी मांगों को लेकर हाथों में काली पट्टी बांधकर स्कूलों में कार्य किया।

यह जानकारी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने दी। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली किसी भी प्रकार से शिक्षकों के हित में नहीं है। इसका निरंतर विरोध किया जाएगा व 11 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिलाधिकारी के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

**विरोध**

- विरोध स्वरूप हाथ में काली पट्टी बांधकर स्कूलों में कार्य किया
- मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जताएंगे विरोध


काली पट्टी बांधकर विरोध जताते प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक। ● अमृत विचार


सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपते विधायक मोहम्मद फहीम इरफान व अन्य। ● अमृत विचार

# लखनऊ की ट्रेनों के ठहराव की मांग

संवाददाता, बिलारी

- विधायक ने ग्रामीणों के साथ सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** सोमवार को कैंप कार्यालय पहुंचे सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने क्षेत्रीय लोगों के साथ ज्ञापन सौंपा। जिसमें राजा का सहसपुर जंक्शन पर लखनऊ को जाने वाली कई ट्रेनों के ठहराव की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि मुरादाबाद के राजा का सहसपुर जंक्शन से लखनऊ को जाने के लिए कई ट्रेनें गुजरती हैं, परंतु उनका स्टॉप चंदौसी या मुरादाबाद पड़ता है। क्योंकि राजा का सहसपुर बड़ा जंक्शन भी है वहां पहले भी लखनऊ को जाने वाली ट्रेन रुका करती थी, मगर अब नहीं रुकती हैं, जिस कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बताया कि लखनऊ जाने वाली ट्रेन संख्या 15012-15011, 15116-15115, 14018-14017 आदि का राजा का सहसपुर जंक्शन पर ठहराव कराया जाए। इस पर सांसद ने बताया कि ट्रेन के ठहराव के लिए रेल मंत्री के समक्ष मांगों को रखेंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शाहनवाज आलम शानू, ग्राम प्रधान के पति सद्दाम हुसैन सैफी, ग्राम प्रधान रविंद्र चौधरी, मुजीब पाशा, पूर्व ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्य सरफराज पाशा, सभासद आमिल सिद्दीकी, जावेद पाशा, आकिब, फैसल इरफान आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसे जंगली बिज्जू को देख उड़े होश, पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के पूर्व डीआईजी स्वर्गीय जीवन चंद्र पांडे के आवास में जंगली बिज्जू घुस गया। जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बिज्जू को पकड़ा।

नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के पिछले गेट के निकट उत्तराखंड के पूर्व डीआईजी स्वर्गीय जीवन चंद्र पांडे का आवास है, वहीं पर उनका पूरा परिवार रहता है। आवास के निकट ही एक छोटे बगीचे में फुलवारी लगी है। सोमवार की दोपहर जंगली बिज्जू घर में घुसकर बगीचे में छुप गया। कुछ देर बाद परिजन बगीचे में पहुंचे तो बिज्जू देख उनके होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग की टीम को दी गई। वन विभाग की टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद बिज्जू को पकड़ लिया। वन विभाग की टीम में दरोगा पीयूष जोशी, बीट प्रभारी मदन सिंह, राम सिंह, क्षेत्र सहायक नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**गम ए हुसैन** — कर्बला पर हजरत इमाम हुसैन के शोक का प्रतीक काला अलम लगाया गया

# कुंदरकी में पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस निकला

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** नगर में सोमवार को पहली मोहर्रम का कदीमी अलम मुबारक का जुलूस नम आंखों के बीच हाय हुसैन हाय अब्बास की सदाओं के साथ निकला। वहीं नगर स्थित कर्बला पर हजरत इमाम हुसैन के शोक के प्रतीक काला अलम लगा दिया गया।

सय्यद कबर अब्बास नकवी के अजाखाने पर मजलिस हुई। जिसमें गुलाम मेंहदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा और मजलिस को काशिफ अब्बास काजमी ने खिताब करते हुए कहा कि रसूले करीम व इस्लाम ने अमन शांति का पैगाम दिया। लेकिन यजीद इस्लाम और रसूले करीम के पैगाम खत्म करने के साथ इंसानियत को खत्म कर रहा था। लेकिन पैगंबर ए इस्लाम के पैगाम और इंसानियत को बचाने के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में कुर्बानी पेश की। कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन के साथियों ने इत्तेहाद के साथ यजीद के लाखों के लशकर से सर कटवा कर जंग जीत ली। कर्बला जुल्म का विरोध करने और इंसानियत का पैगाम देती है।

उन्होंने हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत ब्यान की तो सभी की आंखे नम हो गईं। नम आंखों के बीच हाय हुसैन हाय अब्बास के साथ अलम मुबारक का जुलूस बरामद हुआ। जुलूस में अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन अलमूर्तजा, फैसल अब्बास रिजवी, रजा अस्करी रिजवी, अय्यान रिजवी आदि ने नोहे ख्वानी की। जुलूस नगर के पैठ बाजार होते हुआ नगर स्थित कर्बला पहुंचा और जहां हजरत इमाम हुसैन के शोक के प्रतीक काला अलम लगा दिया गया। जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।



पहली मोहर्रम को मातमी जुलूस निकालते शिया समाज के लोग। ● अमृत विचार

# अस्पताल की भूमि मुक्त कराने की मांग

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर में आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की भूमि को खुर्दबुर्द करने पर सामाजिक नागरिक संगठन ने ज्ञापन अधिशासी अधिकारी के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव को सौंपा। साथ ही भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

सोमवार को संगठन के कार्यकर्ता एकत्र होकर नगर पालिका परिषद पहुंचे। जहां उन्होंने पालिका अध्यक्ष के नाम अधिशासी अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के लिए जो भूमि नगर पालिका परिषद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय को दी गई थी। आरोप लगाया कि उस पर हेराफेरी कर नौ जून 2022 से 26 फरवरी 2024 तक मुकदमा लड़ा गया। जिसमें वह हार गए। न्यायालय की ओर से नगर पालिका परिषद को यह भी सूचित किया गया कि यह भूमि नगर पालिका द्वारा राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय के लिए वर्ष 2017 में दी चुकी है। आरोप लगाया कि जानबूझकर नगर पालिका परिषद को पार्टी बनकर मुकदमा हारने के बाद पालिका कर्मचारियों ने अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं दी। मांग की गई कि इस प्रकरण के दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में डॉ. राकेश रफीक, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार प्रेम, सभासद देवेश शर्मा, सभासद निहाल सिंह लाठर, भाजपा नेता केपी राणा, शकील साबरी आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते सामाजिक नागरिक संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# प्रेम प्रसंग में छात्र-छात्रा ने फंदे पर लटककर दी जान

## ढबारसी क्षेत्र के औगापुर गांव की घटना, संभल में नखासा क्षेत्र के रहने वाले थे दोनों

संवाददाता, संभल/कैलादेवी/ढबारसी

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के एक ही गांव के रहने वाले कक्षा 11 के छात्र व हाईस्कूल की छात्रा ने प्रेम प्रसंग के चलते अमरोहा जिले के गांव औगापुर के जंगल में पेड़ के सहारे दुपट्टे के फंदे पर लटक कर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना दोनों के शवों को एक ही चिता पर रखकर अंतिम संस्कार कर दिया। आत्महत्या से पहले प्रेमी युवक ने अपने चचेरे भाई को फोन कर कहा था कि वह जान देने जा रहा है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर व किशोरी अमरोहा जिले में कस्बा ढबारसी में स्थित एक निजी इंटर कालेज में पढ़ते थे। युवक कक्षा-11 और किशोरी कक्षा-10 की छात्रा थी। किशोर व किशोरी के बीच कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने प्रेमी प्रेमिका पर सख्ती शुरू कर दी थी।

### मिलते समय देखने पर लगा दी थी पाबंदी

**संभल।** किशोर व किशोरी को 20 दिन पहले गांव के ही लोगों ने जंगल में मिलते हुए देख लिया था। इस बात की जानकारी होने पर परिजनों ने दोनों पर पांबदी लगा दी थी। रविवार को किशोर खेत में धान फसल की सिंचाई करने गया था। शाम को किशोर ने फोन कर किशोरी को मिलने के लिए खेत पर बुला लिया था। देर शाम तक दोनों घर नहीं पहुंचे तो परिजन देर रात तक तलाश करते रहे। उधर, दोनों के शव फंदे पर लटके मिलने के बाद गांव में एक चर्चा रही। किशोर ने किशोरी के साथ आत्महत्या करने की बात फोन पर अपने चचेरे भाई को बताई थी। इसके बाद परिजन किशोरी व किशोर की तलाश करने लगे थे।

**दुखद**

- परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही एक चिता पर किया अंतिम संस्कार
- किशोर ने चचेरे भाई को आत्महत्या करने से पहले किया था फोन

सोमवार सुबह सात बजे ढबारसी के जंगल में किशोर व किशोरी के शव नीम के पेड़ से आपस में बंधे दुपट्टे के फंदे पर लटक रहे थे। बताया गया कि रविवार रात किशोर ने अपने चचेरे भाई को फोन कर कहा था, वह आत्महत्या कर रहा है। इसके बाद चचेरा भाई व अन्य परिजन उसके खोज रहे थे। गांव के लोगों ने किशोर व किशोरी के शव एक साथ लटके देखे तो दोनों के परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते प्रेमी व प्रेमिका के परिजन भी मौके पर आ गए। वहीं प्रेमी प्रेमिका के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने फंदा खोलकर दोनों के शवों को नीचे उतारा। इसके बाद वे शवों को लेकर श्मशान घाट आ गए। पुलिस को बिना सूचना दिए ही परिजनों ने एक ही चिता पर रखकर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, आदमपुर थानाध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

### फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक का दो माह पहले गजरौला थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती के साथ रिश्ता तय हुआ था। शादी की तैयारी चल रही थी। युवक और युवती मोबाइल से बात करते थे। रविवार रात युवक मोबाइल पर युवती से बात कर रहा था। किसी बात पर युवक का उससे विवाद हो गया। नाराज होकर युवक घर से चला गया और पानी की टंकी पर जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक पांच भाइयों में मझला था। कोतवाल सनोज प्रताप का कहना है कि इस तरह की कोई सूचना पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है।

### मानसिक रूप से परेशान युवक फंदे पर लटका, मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** मानसिक रूप से परेशान युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के समय घर में युवक के अलावा कोई नहीं था। शहर के चौहानपुरी मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय दीपक काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। परिजनों ने बताया कि वह पहले भी कई बार आत्मघाती कदम उठा चुका था, लेकिन समय के रहते परिवार के लोग उसे बचा लेते थे। सोमवार को उसकी पत्नी काम पर गई थी। उसके बच्चे भी स्कूल गए थे। घर में वह अकेला था। कमरे में उसने अपनी पत्नी के दुपट्टे के फंदा पर लटककर आत्महत्या कर ली। उसका भाई घर पहुंचा तो दीपक का शव फंदे पर लटका मिला। दीपक की पत्नी भी घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर**

### पुलिस ने तमंचा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि सोमवार को पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गांव मीरपुर डबका जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिस ने रामअवतार निवासी गांव सिरसा कलां को पकड़ लिया। उसके पास एक तमंचा मिला। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है।

### आज चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**अमरोहा, अमृत विचार :** स्वच्छता पखवाड़े के तहत इंडियन ऑयल की ओर से मंगलवार सुबह 11 बजे बृजघाट में गंगा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम एक से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़े के दौरान चलाया जा रहा है। इसमें इंडियन ऑयल के अधिकारी और कारोबारी शामिल रहेंगे। मंगलवार को बृजघाट पर होने वाले जलनिकाय सफाई अभियान के लिए लोगों को जोड़ा जाएगा। कहा कि लोग स्वच्छ पर्यावरण में योगदान दें। पर्यावरण को अच्छा रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है।

### बारिश की फुहारों से दिन भर मौसम रहा सुहाना

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में बारिश की फुहारों से दिन भर मौसम सुहाना बना रहा। ठंडी हवा ने लोगों को उमस से राहत दी। बारिश के चलते फसलों को भी पानी मिला। सोमवार को दिन भर रुक-रूककर बारिश होती रही। तापमान 28 डिग्री रहा। मौसम विभाग की साझा जानकारी के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में भी बारिश के आसार हैं। मंगलवार को आकाश में काले बादल छाए रहेंगे। उधर, कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से खेतों में नमी बढ़ गई है। सोमवार की पैठ और बाजार में भी अच्छी भीड़ देखने को मिली। अच्छी बिक्री होने से दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक देखने को मिली।

### भट्ठों पर गड्ढों से जलनिकासी की व्यवस्था करें संचालक

**अमरोहा, अमृत विचार :** एडीएम सुरेंद्र सिंह ने ईंट भट्ठा संचालकों से कहा कि बरसात में जलभराव होता। भट्ठों में ईंटें बनाने के लिए जमीन की सतह को गहरी कर मिट्टी खोदी जाती है या ईंट पाथने वाले स्थानों पर गहरा गड्ढानुमा आकृति बन जाती है तो इसमे जलजमा होता है। इससे घटना होने की आशंका अधिक रहती है। अस्थायी तालाब, पोखर व जलकुंड से जलनिकासी होनी जरूरी है।



गांव ओसिता जगदेपुर में नदी के पानी के बीच से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

## तिगरी गंगा के पानी से 10 गांवों में बाढ़ के हालात

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से 54 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने पर इससे ज्यादा पानी तिगरी गंगा से डिस्चार्ज हो गया। इससे सोमवार को जलस्तर स्थिर रहा।

गंगा का जलस्तर 200.10 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। जलस्तर बढ़ने पर खादर क्षेत्र के शीशोवाली, ढाकोवाली, बुड्ढियो वाली मढ़ैया समेत 10 से ज्यादा गांवों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। गांव के रास्तों पर पानी भरा है। गांव के बाहरी ओर बने घर भी जलमग्न हैं। इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में पानी भरा होने से पशु के लिए चारे का संकट हो गया है। ग्रामीणों को पानी के बीच से होकर खेतों पर जाना पड़ रहा है। वहां भी पानी में खड़े होकर ही चारा काटना पड़ रहा है। नाव से बमुश्किल ग्रामीण चारा ले जा पा रहे हैं। उधर, आबादी में भी पानी आ पहुंचा है। इससे ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। इसे लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। लेखपाल खादर क्षेत्र में जाकर जलस्तर का जायजा ले रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को ग्रामीणों के सामने बनी परेशानियों की जानकारी दी जा रही है।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए कराएं सफाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को सीएमओ डॉ. सतपाल सिंह ने बैठक की। इसमें उन्होंने एक जुलाई से 31 तक चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संचारी रोग अभियान में किन विभागों की सहभागिता होगी, उनसे जानकारी ली। कहा कि सभी विभाग अपनी कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों में घास, कीचड़ की सफाई कराए। जलभराव वाले स्थानों पर चूना डलवाए, एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराए। शहर क्षेत्र में ईओ नालों व नालियों की सफाई कराए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में अभियान चलाकर सफाई कराएं। विद्यालय परिसर, शौचालय, कमरों में बेहतर सफाई हो।

सीएचसी व पीएचसी में दिमागी बुखार व अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों से संबंधित रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के लिए स्टाफ उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी आंगनवाड़ी को दिमागी बुखार व अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



बैठक में निर्देश देते सीएमओ डॉ. एसपी सिंह। ● अमृत विचार

### कार से टकराकर खंदक में घुसी बस, पांच घायल

**हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचारः** क्षेत्र में सोमवार दोपहर दीपपुर गेट के पास कार से टकराकर बस खंदक में घुस गई। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में भेज दिया गया।

सोमवार दोपहर जनपद बदायूं से डग्गामार बस सवारियां लेकर कबीर नगर दिल्ली जा रही थी। गजरौला-हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के पास सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। इससे बस खंद में जा घुसी। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चालक-परिचालक बस को घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गए। बस में सवार नईम, सना परवीन, गायत्री व मोंटू चोटिल हो गए। कार चालक गौरव पुत्र विजेंद्र निवासी ग्राम लुहारी भूड़ भी जख्मी हो गया। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अन्य बसों में यात्रियों को बैठाकर दिल्ली के लिए रवाना किया।

## 14 को अमरोहा आएंगे केरल के राज्यपाल आरिफ खान

संवाददाता, मंडी धनौरा,

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया के निमंत्रण पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 14 जुलाई को अमरोहा आएंगे।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जनपद इकाई की ओर से कन्या गुरुकुल चोटीपुरा में आयोजित अखिल भारतीय संगोष्ठी वसुधैव कुटुंबकम के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

इस मौके पर कला संस्कृति साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान करने वाली विभूतियों को भारत विभूति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। संयोजक डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने बताया कि गुरुकुल चोटीपुरा में आयोजित कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सांस्कृतिक परंपराओं तथा संपूर्ण मानवता को एकता के सूत्र में बांधने वाली भारतीय संस्कृति के घोष वसुधैव कुटुंबकम् संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। इस अवसर प्रदेश भर से चुने गए राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कारों से विभूषित विभिन्न विभूतियां को विभूति सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की आचार्या सुमेधा स्वागत भाषण देंगे।

**दौरा**

- कन्या गुरुकुल चोटीपुरा में संगोष्ठी होगे शामिल

### मंदिर से घंटा चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचारः** पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी के मामले में सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी का घंटा भी बरामद किया गया है। नगर के मोहल्ला गोविंदपुरम स्थित मंदिर में गुरुवार रात दो चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

चोरों ने मंदिर से 11 किलो का घंटा और तांबे के बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर लिया था। वहीं मोहल्लेवासियों ने वारदात से पहले कुछ अज्ञात युवकों को मंदिर मार्ग सीसीटीवी की फुटेज व लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार को पुलिस ने मामले में चोरी के आरोपी गांव लिसड़ी थाना बछरायूं निवासी सुहैल और गांव शकरपुर थाना रजबपुर निवासी अरमान को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने आरोपी के पास से घंटा भी बरामद किया है।

## भोवपुरा में टूटी पुलिया में गिरकर चोटिल हो रहे लोग, किया प्रदर्शन

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत चचौरा के मझरा भोवपुरा में दो वर्षों से तालाब की सफाई नहीं की गई और न ही रास्तों पर पुलियों के टूटे स्लैब बदले गए हैं। इसे लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि मझरा में एक तालाब है। इसके पास से मंदिर को होकर एक रास्ता गुजरता है। तालाब की सफाई न होने के कारण कीचड़ व पानी भरा रहता है। लोगों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा मुख्य रास्तों पर बनी पुलिया के स्लैब टूट गए हैं। टूटी पुलियों में गिरकर पशु और ग्रामीण जख्मी हो रहे हैं। इस बारे में प्रधान व अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। श्रीराम का आरोप है कि यह समस्या दो वर्ष से है।

वह ग्राम प्रधान, सचिव, खंड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को बता चुके है। लेकिन अभी तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। अब आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान जसवंत, अमरीश, शिवकुमार, सतवीर, चन्द्र शैन, मलुकी, चरनसिंह, नरेंद्र राणा, धर्मवीर, मोहन, अवधेश, अनिल, रामजीमल, रामचन्द्र आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते भोवपुरा के ग्रामीण। ● अमृत विचार



यकबगड़ी में हुई बैठक के बाद मौजूद किसान। ● अमृत विचार

## किसानों ने तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, रोकने की मांग की

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत सोमवार को क्षेत्र के यकबगड़ी गांव में पूर्व प्रधान राजवीर सिंह के आवास पर हुई। इसमें क्षेत्र के किसानों ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष विजय वीर सिंह ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। किसानों ने बताया कि थाना और तहसील में भ्रष्टाचार हो रहा है। इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिया संयुक्त मोर्चा की ओर से अभियान चलाया जाएगा। पूर्व प्रधान राजवीर सिंह को जिला उपाध्यक्ष और ऋषिपाल सिंह चोटीपुरा को जोया ब्लॉक अध्यक्ष पद पर प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामिल चौधरी, पूर्व प्रधान मधनपाल सिंह, पूर्व प्रधान नरेश यादव, जलालपुर सलमान खान आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने उठाई किसानों की समस्याएं

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** फाजलपुर बिजलीघर में सोमवार को जिलाध्यक्ष रविपाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के किसानों ने जिलाध्यक्ष को अपनी समस्याएं बताईं। बताया कि प्रदेश सरकार ने चुनाव के दौरान किसानों को बिजली मुफ्त देने के लिए कहा था। लेकिन अब सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराकर मीटर लगाने की मंशा जाहिर कर दी है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी के भी ट्यूबवेलों पर मीटर नहीं लगने चाहिए और फुंके ट्रांसफार्मर बिना किसी शर्त बदले जाए। घरों में प्री-पेड मीटर लगाने के लिए सर्वे चल रहा है, उसे रोका जाना चाहिए। जिन उपभोक्ताओं का बिजली का बिल माह में एक से दो हजार रुपये तक आता था, उनका बिल 10 से 15 हजार रुपये माह का निकाला गया है, उस पर अभी तक कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है।

इन मांगों को लेकर भाकियू जनशक्ति के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, प्रदेश महासचिव जोगेंद्र सिंह, जिला प्रभारी संजीव चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अरुण गिल, गुरमीत चाहल, नरेश धारीवाल, इरशाद, मुस्तकी, शारुख, आलोक, विवेक चौहान, जयचंद, अशोक, आशु, भूप सिंह, शानू, बिजेंद्र, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- किसानों के निजी नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली देने की मांग

**मजलिस** मुहर्रम का चांद नजर आते ही मजलिसों का सिलसिला शुरू, इमाम हुसैन की जिंदगी पर डाली रोशनी

## हुसैन के चाहने वालों का किरदार भी हुसैनी होना चाहिए : मौलाना

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

**अमृत विचार :** हुसैन के चाहने वालों का किरदार भी हुसैनी होना चाहिए। मासूमीन को किसी के माल और दौलत की जरूरत नहीं है। वहां आपका खुलूस देखा जाता है।

कस्बा उझारी के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में पहली मुहर्रम को मजलिस हुई। इसमें जीशान हैदर और उनके साथियों ने मर्सियाख्वानी की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली हैदर नूरी ने कहा कि इमाम हुसैन को याद करने का मतलब, उनके बताए रास्ते पर चला जाए। कर्बला वालों की याद में खुलूस के साथ दिल खोलकर खर्च किया जाए। मासूमीन को आपके माल और दौलत की जरूरत नहीं है। मजलिस के बाद नोहाख्वानी अकबर मेहंदी (जुगनू) ने की। दूसरी मजलिस इमामबारगाहे अबु तालिब में हुई। इसमें मौलाना हुसैन मेहंदी ने कहा कि अल्लाह ताआला ने हजरत इब्राहीम के तीन इम्तिहान लिए। पहला इम्तिहान उनके माल और दौलत का, दूसरा उनकी जान और तीसरा उनकी औलाद का लिया गया। हजरत इब्राहिम अपने तीनों इम्तिहान में साबित कदम रहे। अल्लाह ने हजरत इस्माइल की जगह जन्नत से दुम्बा भेज दिया। लेकिन कर्बला के मैदान में ऐसा सख्त इम्तिहान था कि वहां जिबाह होने के लिए जन्नत से कोई दुम्बा नहीं आया। बल्कि तीन दिन के भूखे प्यासे आले रसूल और उनके जांनिसार शहीद हो गए। मजलिस के बाद कलबे अब्बास ने नोहाख्वानी की। इस दौरान नूरुल हसन, चमन हैदर बाकरी आदि रहे।



उझारी में मजलिस को खिताब करते मौलाना अली हैदर नूरी। ● अमृत विचार




सैदनगली में मजलिस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### शहीदों की याद में बुलंद होने लगीं या हुसैन की सदाएं

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे में पहली मुहर्रम को रविवार रात से ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। कर्बला में शहीदों की याद में मजलिसें और मातम बरपा हुआ। घरों मे महिलाएं हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद मे मजलिसें और मातम कर रही हैं। इमामबारगाह दादे हिमायत अली और पीरजी मुस्तकीम अली में मजलिसें हुईं। इसमें मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर बाकरी ने की। हसन मेहदी बाकरी ने मजलिस को खिताब किया। सुहैल अब्बास, मिसाल अब्बास, हैदर अब्बास नोहे ने पढ़े। दिन में इमामबारगाह फात्मा दख्खिन, सखी हुसैन, अलमदार हुसैन व अजाखाना मीर मुजाहिद हुसैन में मजलिसें हुईं।

### ट्यूबवेल चलाने गए किसान की करंट से मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** ट्यूबवेल चलाने गए किसान की करंट से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी संतराम सिंह सोमवार दोपहर दो बजे अपने खेत पर ट्यूबवेल चलाने के लिए गए थे। जैसे ही उन्होंने स्टार्टर का बटन दबाया तो उन्हें करंट लग गया। इससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजन न उसे नगर के निजी चिकित्सक के पास ले गए। लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संतराम सिंह अपने पीछे तीन बेटी व एक बेटे को छोड़ गए हैं। परिजन किसान के शव को घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे।



## वेंक्टेश्वरा विवि में छात्र-छात्राओं को मिलेगा डिजाइन का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय अब विकसित भारत व महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने एवं भारतीय संस्कृति, परिधानों को पूरी दुनिया से रूबरू कराने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करेगा।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय उच्च, तकनीकी एवं शानदार चिकित्सा शिक्षा के साथ अब फैशन टेक्नोलॉजी एवं टेक्सटाइल डिजाइनिंग के क्षेत्र में स्किल बेस्ड (कौशल विकास) पाठ्यक्रम शुरू करेगा। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं कैलेडॉज-70 की सीईओ फैशन डिजाइनर कहकशा कैलेडॉज ने होटल हयात में आयोजित दो दिवसीय फैशन वीक में दोनों संस्थानों के बीच हुए शैक्षणिक अनुबंध के बाद जानकारी दी। डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि वेंक्टेश्वरा ने अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनिंग कंपनी कैलेडॉज-70 के साथ शैक्षणिक अनुबंध किया है। इसके तहत भारतीय वस्त्रों एवं परिधानों की चमक दुनिया में फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर कहकशा की कंपनी युवाओं को प्रशिक्षित करेगी। इस दौरान नेपाल के आर्थिक मामलों के मंत्री तारानाथ अधिकारी, प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोड़ा, कुलपति प्रो. डॉ. कृष्ण कांत दवे, अजय श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सर्वानंद साहू, डॉ. दिव्या गिरधर, विशाल शर्मा आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिकुलाधिपति व अन्य।

## एक नजर

### बैटरी चोरी करते चांदपुर का युवक गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक चोर को सरकारी गाड़ी से बैटरी चोरी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सुधीर कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक चोर को सरकारी गाड़ी से बैटरी चोरी करते हुए पकड़ लिया। थाने में उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम फैजान उर्फ फैसल मोहल्ला बाजार चांदपुर बिजनौर बताया। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी की गई बैटरी को बरामद कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पकड़े गए चोर को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### गंगाचोली में मुख्य मार्ग पर जलभराव, परेशानी

**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव गंगाचोली में मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं कीचड़ से ग्रामीणों का निकलना दुश्वार है। इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक जलभराव से निजात नहीं मिल पाई है। इससे ग्रामीण व राहगीरों कीचड़ एवं गंदगी से निकलने को मजबूर है। ग्रामीणों ने गंदगी तथा कीचड़ का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है। लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी है।

# डिजिटल उपस्थिति के विरोध में गरजे शिक्षक

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपद इकाई के पदाधिकारियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने डिजिटलाइजेशन और ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष देवराज सिंह के नेतृत्व में शिक्षक कलेक्ट्रेट में एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से आठ जुलाई से ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश जारी किया गया है। विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कक्ष में बैठकर इस तरह के आदेश देते हैं। यह प्रणाली अपनाने में शिक्षकों को परेशानी होगी। इसका विरोध करने के लिए सैकड़ों शिक्षक यहां उपस्थित हुए हैं। कहा कि पहले अन्य विभागों की तरह हाफ-डे सीएल, राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल या महाविद्यालय के शिक्षकों की भांति पीएल का प्राविधान किया जाए। मौसम की प्रतिकूलता एवं कार्यक्रमों के दृष्टिगत बीएसए को ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में शिथिलता के अधिकार दिए जाएं। सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए जाएं। भेदभाव पूर्ण ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को शिक्षण कार्य के साथ अन्य विभागों के सहयोगी के रूप में भी कार्य करने होते है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, मतदाता सूची का सर्वे, मिड-डे मील का राशन, गैस, सब्जी, फल आदि की व्यवस्था करनी होती है। उन्हें कर्मचारियों के नजरिए से न देखा जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, रोहतास सिंह, कोहित देवल, अमित तेजा, विकास बंगा, शिवम पाराशर, हरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, पंकज कुमार, लोकेश चौहान, मनमोहन सिंह, रीना रानी, अमरजीत सिंह, ओमवीर यादव, सुनील कुमार, पुरजीत सिंह, कोमल, मीनू, रेनू, आशा कमल, नम्रता, आकांक्षा मिश्रा, संगीता, कुलवंत सिंह, गौरव, योगेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, अंकुर, मतीन अहमद, जमशेद, ललित, अरविंद आदि रहे।


अमरोहा में धरना प्रदर्शन के दौरात शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**हसनपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सोमवार को शिक्षक शिक्षिकाओं ने काली पट्टियां बांधकर डिजिटल उपस्थिति दर्ज करने का विरोध किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि बच्चों व शिक्षकों की हाजिरी में किसी दिन देरी के लिए स्पष्टीकरण होना चाहिए, न की करवाई हो। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे रास्तों से होते हुए शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय पहुंचती हैं, जहां यातायात के साधन भी नहीं हैं। कुछ स्थानों पर सड़कें भी नहीं हैं। ऑनलाइन हाजिरी के लिए तमाम शिक्षक संगठन राजी नहीं है। गंगेश्वरी ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया। प्राथमिक शिक्षक गंगेश्वरी के अध्यक्ष एवं हसनपुर ब्लॉक के अध्यक्ष होमपाल सिंह ने बताया कि शिक्षक संगठनों के आह्वान पर विरोध किया जा रहा है।


हसनपुर में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिजिटल उपस्थिति के विरोध में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर जिले के परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। 14 जुलाई तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य करते रहेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष विकास चौहान का कहना है कि शिक्षक विपरीत परिस्थितियों में भी स्कूलों में पहुंचकर शिक्षण कार्य करते रहे हैं। लेकिन फिर भी उनका शोषण किया जा रहा है। शिक्षकों ने स्कूलों में पहुंचकर काली पट्टी बांधकर अपने कार्य किया।

## सार-संक्षेप


स्मार्टफोन दिखाते विद्यार्थियों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### अमर सिंह डिग्री कॉलेज में छात्र छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर में शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में सोमवार को छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा व पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने कार्यक्रम का आरंभ किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि प्रत्येक युवा को तकनीकि शिक्षा से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री का सपना है कि युवा समग्र रूप से सक्षम हो। पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने कहा कि इस युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के 673 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए। इस दौरान प्रबन्धक अशोक सैनी, प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया, डॉ. विनीत शर्मा, अली अजीम, डॉ. रूपा, पूनम शर्मा, शिवा सैनी, चन्द्रमोहन, अवनीश सिंह, समरपाल, निशीन सैनी, अर्शी, नीतू, नितिन आदि मौजूद रहे।

### कार से स्टंट करते दो युवकों का वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की छत पर बैठकर स्टंट करने वाले दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो गजरौला के पास नेशनल हाईवे का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कार सवार युवाओं की स्टंटबाजी करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कार सवार स्टंटबाज दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो रविवार का नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में वायरल वीडियो के आधार पर कार की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


गजरौला में वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

### आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी बने नासिर



**हसनपुर, अमृत विचार :** उझारी निवासी चौधरी नासिर अली को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का अमरोहा का जिला प्रभारी बनाया गया है। वह पूर्व में भी अमरोहा जनपद के जिला प्रभारी रह चुके हैं। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नासिर को डॉ. भीमराव आंबेडकर व कांशीराम की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए कहा है।


निशुल्क शिविर में मरीज को दवा लिखते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में 200 रोगियों का निशुल्क इलाज

**चौधरपुर, अमृत विचार :** गांव चौधरपुर में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड की ओर से विम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रजबपुर की टीम ने निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें मेडिसिन, त्वचा रोग, नाक कान गला, शुगर, बुखार के 200 रोगियों का परीक्षण किया गया। रोगियों को निशुल्क दवा वितरण की। चिकित्सकों ने रोगों से बचने के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. राहुल, डॉ. अमित, डॉ. शिवानी, डॉ. मनीश, डॉ. संजीवन, डॉ. रूबी गुप्ता, मोहम्मद वासिफ और सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल सिंह राणा, जिला अध्यक्ष दिलशाद खान, महासचिव मोहम्मद रिहान, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट निर्वेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### अस्पतालों में बढ़ी बुखार के मरीजों की संख्या

**अमरोहा, अमृत विचार :** बरसात में बुखार और डायरिया पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल में सोमवार को 1487 मरीज का इलाज किया गया। इनमें 141 बुखार पीड़ित मरीज शामिल हैं। जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ उमडी। इमरजेंसी व कक्ष में डॉक्टरों ने मरीज का इलाज किया। सीएमएस प्रेमापंत ने बताया कि मौसम में हुए परिवर्तन से बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गंभीर अवस्था में 67 मरीजों को भार्ती कर दिया गया है। जबकि कुछ मरीजों को दवाई देकर घर भेज दिया गया। 23 मरीज डायरिया पीड़ित थे। इनमें से कुछ मरीजों को भर्ती किया गया है जबकि कुछ मरीजों को डॉक्टरों ने दवा देकर घर भेज दिया। खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। 91 लोगों के अल्ट्रासाउंड किए गए हैं और 50 मरीज के सीटी स्कैन हुए। उन्होंने बताया कि बारिश के बाद मौसम में हुए बदलाव से लोगों में बीमारियां फैलनी शुरू हो गई हैं। बारिश का पानी जमा न होने दें। इससे मच्छर पनपने से मलेरिया भी फैलता है।

## अभियान चलाकर बकायेदारों से करें राजस्व वसूली : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कर-करेत्तर राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। एसडीएम व तहसीलदार द्वारा कराए जा रहे अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने स्टाम्प, राजस्व, परिवहन कर, आबकारी, मंडी, परिवहन, वानिकी एवं वन्य जीव, सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली व आरसी की समीक्षा की। कम राजस्व वसूली वाले विभागों को तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्टाम्प विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि एक साल में जो रजिस्ट्री की गई है, एक्सेल शीट पर उसका डाटा उपलब्ध कराए। विद्युत निगम कार्य योजना बनाकर वसूली कराए। जिला संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई करे। आबकारी विभाग अवैध शराब के ठिकानों पर प्रभावी कार्रवाई कराए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारी रहे।

# डांस को लेकर बरातियों व घरातियों में मारपीट

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कुदैना चक गांव में सोमवार को डीजे पर डांस करने को लेकर विवाद के बाद कन्या पक्ष के लोगों व ग्रामीणों ने बारातियों के साथ मारपीट की। सूचना के बाद दूल्हे ने विरोध किया तो उसे भी पीटा। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में ही वर व कन्या के फेरे हुए। इस मामले में देर शाम तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

गांव मोहम्मदपुर सुल्तानठेर निवासी तीर्थ पुत्र मंगला की शादी कुदैना चक गांव निवासी छुट्टन की बेटी से तय हुई थी। सोमवार को बरात चढ़ाई जा रही थ। इसी बीच डीजे पर डांस करने को लेकर विवाद हो गया। घरातियों व गांव के लोगों ने मिलकर बारातियों को घेर लिया और लाठी डंडो, बेल्टों से जमकर मारपीट की। दूल्हे को जब बारातियों के पिटने की जानकारी मिली तो वह वहां पहुंचा और उसने विरोध जताया। आरोपियों ने दूल्हे को भी मारा पीटा। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। दूल्हे व बारातियों की पिटाई से खफा होकर काफी देर तक फेरे न करने की बात भी सामने आई। लेकिन पुलिस ने भी दोनों पक्षों को समझाया तो लोगों ने रजामंदी की बात कही। इसके बाद दोनों पक्ष राजी हुए और पुलिस की मौजूदगी में ही फेरों की रस्म अदा की गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। लेकिन किसी पक्ष ने भी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


मारपीट के बाद जुटे लोग। ● अमृत विचार

# 1420 मतदाताओं ने डाले वोट

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका में सभासद के एक पद के लिए सोमवार को उपचुनाव में वोट डाले गए। इसके बाद मतपेटियों को ब्लॉक के स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया है।

नगर के वार्ड नंबर 17 में सभासद की मौत होने के बाद उपचुनाव कराया गया। यहां तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। सोमवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। दोनों मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन लग गई।

बूथ नंबर 35 पर 731 व बूथ संख्या 36 पर 689 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। 2586 वोटो में से 1420 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। नगर के कनेटा रोड पर ग्रीन गार्डन स्कूल में बनाए गए मतदान स्थल पर दूर-दूर तक पुलिस बल तैनात रहा। उपचुनाव शांतिपूर्वक से हो, इसके लिए अधिकारियों ने पांच इंस्पेक्टरों को ड्यूटी पर लगाया गया था। सब इंस्पेक्टरों के अलावा पुलिसकर्मी तैनात थे। पांच बजे तक मतदान होने के बाद पोलिंग पार्टियों ने मतपेटियों को ले जाकर ब्लॉक में बने स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया। वहां सुरक्षा के बीच मतपेटियों की रखवाली की जा रही है। सीओ दीप कुमार पंत मतदान की जानकारी ले रहे थे। बुधवार को ब्लॉक में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कराई जाएगी।


हसनपुर में मतदान के दौरान मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- **नगर के वार्ड नंबर 17 में सभासद पद के लिए हुआ उपचुनाव**
- **ब्लॉक में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना**

## नलकूप की केवाईसी का किसानों ने किया विरोध

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों की एक बैठक राजबपुर के साप्ताहिक बाजार में हुई। इसमें किसानों के मुद्दों को उठाया गया। विद्युत निगम के अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

भाकियू असली के पदाधिकारी ने साप्ताहिक बाजार में सोमवार को पंचायत की। रजबपुर बिजली घर में खराब पांच केवीए ट्रांसफार्मर को जल्द बदलवाने मांग की। जिलाध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह ने कहा कि सरकार निजी नलकूप के लिए केवाईसी रजिस्ट्रेशन योजना चला रही है। भाकियू इसके विरोध में आंदोलन करेगी। गांव मऊमयचक में एक जून को हुई घटना के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। इस दौरान राहुल, धर्मवीर सिंह, शब्बन खान, दयाराम सिंह, तरुण चौधरी, जगदीश सिंह, राजेंद्र सिंह, यशवीर सिंह आदि रहे।

# हैदरपुर गांव में दो महीने पहले बनी सड़क उखड़ी

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य करते हैं। ग्रामीण विरोध कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार ग्रामीणों की एक नहीं चलने दे रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला ब्लॉक क्षेत्र ग्राम पंचायत हैदरपुर में देखने को मिला है। गांव में अशोक के मकान से लेकर राजपाल के मकान तक लगभग 200 मीटर सीसी रोड का निर्माण हुआ था। इसमें ठेकेदार ने घटिया सामग्री लगाई। जब सीसी रोड बन रही थी तब भी ग्रामीणों ने अच्छी सामग्री लगाने के लिए ठेकेदार से कहा था। लेकिन ठेकेदार ने अपनी मनमर्जी से घटिया सामग्री लगाकर सड़क का निर्माण कर दिया था। अब इस सड़क को बने हुए मात्र दो ही माह ही हुए है। तेज बारिश ने सड़क निर्माण की पोल खोल दी। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत करने की मांग की है। इस दौरान अशोक नागर, प्रिंस नागर, मनसुख, सोनू कपासी, रूम सिंह नागर आदि मौजूद रहे। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ) राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। जांच की जाएगी, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


हैदरपुर गांव में उखड़ी सड़क।

## अभियान

### चुचैला कलां की गोशाला में विधायक और जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

# पर्यावरण की शुद्धता और ऑक्सीजन के लिए पौधरोपण जरूरी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चुचैला कला स्थित गोशाला में सोमवार को विधायक राजीव तरारा व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने पौधरोपण किया।

विधायक ने चुचैला कला के ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की शुद्धता व शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पौधरोपण जरूरी है। आजकल फल और सब्जियों में बहुत से रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमें जीने के लिए शुद्ध हवा नहीं मिल पा रही है। लगातार जलवायु बदलती जा रही है। यह सब पेड़ों की कटाई और कमी का परिणाम है। उन्होंने सभी से अपने खेतों व खाली जमीन पर पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि हम सभी के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए पौधरोपण लाभदायक होगा। पेड़ लगाना पुण्य का कार्य भी है। इस धरती को बचाने, वातावरण के शुद्धिकरण के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि पेड़ मानव जीवन के लिए अनेक तरह से लाभकारी है। सभी इस पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने और शुद्ध हवा के लिए पौधरोपण में उत्साह व उमंग के साथ भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ आपको अपनी मां के नाम भी लगाना होगा। विधायक व जिलाधिकारी ने गोशाला का भ्रमण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी पशुचिकित्सा अधिकारी ने पौधरोपण किया।


पौधरोपण करते विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य।


हसनपुर में पौधा लगाते शिक्षक। ● अमृत विचार

### कॉलेज स्टाफ ने एक पौधा मां के नाम चलाया अभियान

**हसनपुर, अमृत विचार :** सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में सोमवार को एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया। डायरेक्टर इंजीनियर दानिश खान, प्राचार्या डॉ. मलका निजामी व राष्ट्रीय सेवा योजना के अभ्यर्थियों ने पौधा लगाकर इस अभियान को आगे बढ़ाया। पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया और स्वयं सेविकाओं ने इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का वचन लिया। डायरेक्टर दानिश खान ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में छात्रों को जानकारी ली। कहा कि पर्यावरण पर ही हमारा जीवन निर्भर है। डॉ. मलका निजामी ने पर्यावरण को लेकर छात्राओं से कहा कि स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पर्यावरण ही हमारे जीवन को जीवित रखता है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नसरे आलम, मुजीब बेग, विनेश कुमार, भूपेंद्र शर्मा, जीशान अली रहे।


भदौरा की समिति में पौधरोपण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# समिति में किया पौधरोपण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भदौरा स्थित समिति में सोमवार को समिति संचालक मंडल, समिति स्टाफ और किसानों ने छायादार व फलदार पौधे लगाए। जिला पंचायत सदस्य आकिब चौधरी ने कहा कि निजी स्वार्थ पूर्ति के लिए पेड़ों का कटान किया जा रहा है। इसलिए पेड़ों की कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसे ठीक करने के लिए पौधे लगाने जरूरी हैं। जिला सहकारी बैंक के निदेशक राहुल राणा ने कहा कि अभियान चलाकर पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में वे सूख जाते हैं। समिति परिसर में लगाए गए पौधों की देखरेख जरूरी है। सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि समिति में लगाए गए पौधों की देखभाल करने के लिए समिति स्टाफ की जिम्मेदारी है। बैठकों में इसकी समीक्षा की जाएगी। सिंचाई या देखभाल के अभाव में नष्ट पौधों के लिए जिम्मेदार से नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस दौरान उपसभापति समरपाल सिंह, शाहनवाज चौधरी, नासिर चौधरी, सचिव निधिशंकर त्यागी, आंकिक अतीक चौधरी, सहायक टिंकू सिंह, परिचारक राम सिंह, सोनवीर सिंह आदि रहे।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते ॥

मूर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।


## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लगातार विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन आतंकवाद अब भी कायम है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर माचेड़ी इलाके में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की यह हरकत पुलवामा हमले जैसी थी। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। एक दिन पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक ओर सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ाई अंतिम चरण में है, बीते 10 वर्षों में आतंकी घटनाओं में बड़े स्तर पर कमी आई है। लेकिन हर आतंकी हमले के बाद सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान नई साजिश रच रहा है। आतंकवादी अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि राज्य में भय के माहौल का स्तर पांच साल पहले की तुलना में कम है। पिछले दिनों मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों का मार गिराया था। दो जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराना बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा माहौल को मजबूत करने की दिशा में यह मील का पत्थर है। स्वैन ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी।

एक महीने में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मारा है। फिर भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर और सतर्क रहने की जरूरत है। राजौरी-पुंछ में सक्रिय आतंकवादी खास प्रशिक्षण प्राप्त हैं। आतंकियों का समर्थन करने वाले बड़ी चुनौती बनकर उभरे रहे हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बिना किसी रुकावट के निरंतर समन्वय, कमजोर क्षेत्रों की पहचान और ऐसे क्षेत्रों की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। यह भी सही है कि जब तक वहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के समुचित प्रबंध नहीं किए जाते आतंकी संगठन उन्हें मोहरा बनाते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार के अर्थशास्त्र को मूक सामाजिक स्वीकृति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है।

मैंने नहीं सुना कि संसद ने भारत में करप्शन की एनॉटमी पर कभी अध्ययन करवाया और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की, सिवाय इन दस बिल के जो देश की सर्वोच्च संस्था में विचारार्थ लंबित हैं। मनुष्य की सोच और गतिविधि में सबसे प्रमुख है शॉर्टकट क्योंकि यह ऊर्जा की संरक्षण के सिद्धांत के अनुसार काम करता है। दूसरा कारण है छिप कर या बे-ईमानी करके धनसंग्रह की प्रवृत्ति, जो कि मनुष्यों ही नहीं पशुओं में भी नैसर्गिक है। इसलिए रिश्वत, पेपर लीक आदि को इस नज़रिए से देखेंगे तो यह पूरी तरह से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है और मनुष्य का स्वभाव इसका समर्थन करता है।

करप्शन की टॉलरेंस किस वजह से है इसे जानने के लिए चंद उन पेपर्स को भी पढ़ना चाहिए जिन्हें चीन के उन स्कॉलर्स ने प्रकाशित किया है जो यूरोपियन यूनिवर्सिटीज़ में पढ़ते हैं जैसा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा सन 2020 में प्रकाशित यूएन यूएन अंग की इस किताब -चाइनाज गिल्डिड एज-द पैराडॉक्स ऑफ़ इकॉनोमिक बूम एंड वास्ट करप्शन, से साबित होता है। रूस में भी जबरदस्त करप्शन है। भारत में करप्शन का स्केल और इंटेंसिटी, व्यापकता अर्थात इन्सिडेन्स एंड प्रिवेलेंस व्यापक है और इसकी ऐतिहासिकता वेलफेयर और डेमोक्रेटिक स्टेट के लिए चिन्तीय और अवनतिकारक है।

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है। एक बात यह कि नीट के रद और नए पर्चे के कंटेंट डिजाईन अर्थात प्रश्नों में शत प्रतिशत भिन्नता होने की संभावना के कारण परीक्षार्थियों के रेस्पोंस का आकलन भी भिन्न हो जाएगा। पहली बारे के पर्चे में जो परीक्षार्थी बेहतर परफॉर्म करने के बाद जितना स्कोर हासिल कर पाते वह दूसरी बार के पर्चे में दिए गए प्रश्नों में कुछ को सोल्व नहीं कर पाते तो इनकी स्कोरिंग नीची होने की प्रबल संभावना है। इस विशाल अंतर की क्षतिपूर्ति कैसे होगी और कौन, कब, किस फॉर्म में करेगा? इसलिए न तो वस्तुस्थिति के बारीक परिक्षण से काम चलता है और न ही अलग-अलग साइज़ के कंकड़ों को एक

> भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे।

पात्र में डालकर हिलाने से बड़े साइज़ वाले ऊपर आएंगे और बारीक एवं छोटे साइज़ के नीचे चले जाएंगे। साधनहीन, विपन्न, एवरेज मनुष्य कुछ न कर पाएगा क्योंकि उसने खुद को कानून के दायरे में जकड़ लिया है, ऐसा सोशल साइकोलॉजिस्ट्स का कहना है।

रिश्वतखोरी या बे-ईमानी अगर स्वभावगत तो इस पर अंकुश इसलिए होता है कि न्याय की हानि न हो। लेकिन न्याय तो अब व्यक्ति-सापेक्ष हो गया है, प्रकृति सापेक्ष नहीं रहा। इसलिए भाई लोगों जितना भ्रष्ट आचरण कर सकते हैं, करें। डरें नहीं, क्योंकि न्याय सुनिश्चित करने वाले संपन्न और ताकतवर व्यक्ति ही इसे मोल्ड करके खुद के लिए अनंत सुख की कामना ही नहीं बल्कि छीनने का जुगाड़ को सही मानते हैं। इसलिए आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को एक समाजशास्त्री ने इकॉनमी ऑफ़ कम्फर्ट, एनरूट वाया करप्शन कहा है। मुझ जैसे अल्प समझ वाले व्यक्ति को यह ख्याल सही लगता है। लेकिन, करप्शन के लिए भीरूपन नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। करप्शन को फिजिक्स के बाद अगर बायोलॉजी और केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो हमें जेनेटिक्स और परिवेशिकी एवं न्यूरो-फिजियोलॉजी के गहराई में जाकर मॉलिक्यूलर लेवल तक भी उतरना होगा। करप्शन, बहुत लोगों का जेनेटिक ट्रेंड बन चुका है और प्रसन्नता, सुख और भय की केमिस्ट्री तो व्यक्ति के लिए जानलेवा होती है। भारत के मनीषियों का यह कथन सही है कि अन्याय को कुदरत बर्दाश्त नहीं करती और कथित विप्लव, बेशक व्यक्ति के मन के भीतर है, परिवार में है, समाज में है, पॉलिटिक्स में है, बिजनेस में या फिर अंतर्देशीय संबंधों में है, कुदरती तौर पर सुधार के एक कदम के रूप में प्रकट होकर सब-कुछ बराबर कर देता है।

भारत में करप्शन को रोकने के प्रयासों के बावजूद यह बढ़ी है। इस बारे में रिसर्च भी बहुत हुई है, लेकिन जब तक इसकी स्ट्रक्चर और सोशल एक्सेप्टेन्स की वजहों पर दीप रिसर्च नहीं की जाएगी तब तक मोदी जैसे व्यक्ति होने के बावजूद इसका ढांचा ढहेगा नहीं। मेरे हिसाब से छिपे तौर से मोदी राज में भी भाजपा शासन वाले प्रान्तों में बहुत करप्शन हुई है, क्योंकि इसके बिना काम होते ही नहीं। आधे से अधिक कर्मचारी काम करने के पैसे लेते हैं और दफ्तर अटेंड करने के लिए तनख्वाह। जो रिश्वत लेने की हिम्मत नहीं रखते और इनके पास रिश्वत लेने वाली सीट नहीं है, वे लोग लेथार्जिक हैं या ढर्रे पर काम करते हैं। चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु जैसे जर्नल हमारे यहां नहीं है। कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स जर्नल में प्रकाशित पर्चा 'रिफार्म, स्टेट एंड करप्शन -इज करप्शन लेस डेस्ट्रक्टिव इन चाइना दैन रूस?' और चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित स्टडी 'करप्शन एंड एंटी-करप्शन रिसर्च इन चाइना -ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ़ चाइनीज टॉप जर्नल पब्लिकेशन्ज़ (1989-2017) को पढ़ने बहुत कुछ मालूम होता है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे। इनमें से कोलब्रुक केस तो मशहूर है जो मालखाने से अपने लिए शानदार वस्तुओं को मामूली दाम देकर लेता था।

सन 2002 में 102 देशों में व्याप्त भ्रष्टाचार की मात्रा और फ्रीक्वेंसी के अनुसार तैयार की गयी सूची में हमारा रैंक नंबर 71वां था। मुझे रेश्यो और प्रोपोर्शनेट कैलकुलेट नहीं करना आता, परन्तु मुझे यह शक है कि नई गणना के समय 61 नए देशों को शामिल न करके 41 उन्हीं देशों के बीच में तुलना करनी चाहिए थी जिनसे पहली पार की गई थे। अन्य स्रोतों से यह जाहिर है कि सांख्यकी अध्ययनों के अनुसार भारत में उक्त अवधि के समापन के बाद इसका इन्सिडेन्स और प्रिवेलेंस बढ़ने से भ्रष्टाचार की वॉल्यूम दुगनी हो गई। देश में प्रशासकीय स्तर पर कर्मचारियों के लिए जो भी कण्ट्रोल, क्लासिफिकेशन एंड अपील रूल्स और कंडक्ट रूल्स हैं वे सिर्फ आंशिक रूप से सक्रिय किये जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो के अनुसार हरियाणा में भाजपा के शासन काल 2021-2022 के दौरान ही करप्शन के केस तीन गुणा हुए हैं।

सन 2021 में इनकी संख्या 79 थी जो अगले साल बढ़कर 246 हो गई (इंडियन एक्सप्रेस, 5दिसंबर, 2023)। प्रशासन की चुस्ती या निगहबानी और एंटी-करप्शन मैकेनिज्म की सक्रियता के नाते से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ने की वजहों के नाते से इस संख्या को समझने की जरूरत अधिक है। यह अधिक चिंताजनक है कि रिश्वत के आरोपों में अकसर ही छोटे स्तर के कर्चारियों को पकड़ा जाता है और बड़ी मछलियां जाल में फंसने से बच जाती है। इंडिया पालिसी फोरम की सन 2014-15 संकलित की गई एक रिपोर्ट करप्शन इन इंडिया -ब्रिजिंग रिसर्च एविडेंस एंड पालिसी आप्शन्स में कहा गया है कि आमजन का भ्रष्टाचार के प्रति जैसा नज़रिया है उसकी पुष्टिकरण के लिए अकादमीय दृष्टि से पर्याप्त और मजबूत सबूत हैं।

कोर्ट केस, डाक्यूमेंट्री प्रूफ, ब्यान और मौके की गवाही के अलावा मटेरियल वेल्थ की रिकवरी इस बारे में पर्याप्त आधार देती है कि देश में करप्शन की स्ट्रक्चर और व्याप्तता की सीमाओं का विस्तार हुआ है। खेद की बात है कि कार्रवाई करने वाली एजेंसीज से संबद्ध कुछेक जांच अधिकारी साक्ष्य मिटाने और नष्ट करने या कार्रवाई न करने के एवज में भारी रिश्वत लेते हैं। रिश्वत के आरोप को हल्का करके भरपाई करने का प्रयास पूरी शक्ति से किया जाता। अफसर लोग अपने साथियों को बचाते हैं। 85 पन्नों की यह रिपोर्ट देश में करप्शन की स्ट्रक्चर को न केवल उघाडती है बल्कि इसमें बढ़ोतरी के संकेत भी देती है। इस रिपोर्ट के समर्थन में 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स, रिपोर्ट्स और दस्तावेजों का सन्दर्भ देकर इसे अकाट्य और विश्वसनीय बनाया गया है।

## प्रसंगवश

# हिंसक होते वन्य जीव

पिछले दिनों उत्तराखंड में बाघ ने एक आठ वर्ष के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में हिंसक वन्य जीवों के मानव पर हमले लगातार बने हुए हैं। कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों से लगे गांवों में बाघ और गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते कुछ माह मे हिंसक हुए इन वन्य जीवों ने कई महिलाओं और पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल या अपना शिकार बनाया है। पिछले तीन माह में ही बाघ नैनीताल जनपद के भीमताल ब्लाक में दो महिलाओं और एक युवती को अपना शिकार बना चुका है। जब यह घटनाएं हुई तो लोग सड़कों पर उतर आए। जंगली जीव अपना प्राकृतिक आवास जंगल को छोड़कर हमारे क्षेत्र में क्यों आ रहे है,यह भी हमें सोचना और समझना होगा। बाघ और गुलदार का मानव के साथ संघर्ष पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक फैले विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों में बाघ और गुलदार अक्सर देखे जाते हैं तथा वहां पर जंगल जाने वाली या खेतों में काम करने वाली महिलाओं पर जानलेवा हमला होना अब एक आम बात है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बीते सालों में यह हमले क्यों बढ़े है और क्यों बाघ, गुलदार जंगल छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं? दरअसल कथित विकास की सोची समझी साजिश के तहत हमने पहाड़ खोद डाले हैं। बिना सोचे समझे जहां-तहां जंगल काटकर सड़कें बना दी गई हैं। सड़कें बनी तो जंगल के बीच में मकान, भवन और रिसोर्ट भी बनने लगे। जमीनें बिकने लगीं, बाहरी लोगों का प्रवेश हुआ तो जंगल में पेड़ कटने लगे और पेड़ों की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। इन रिसोर्ट और बंगलों में मनोरंजन के नाम पर कभी आतिशबाजी पार्टियां, तो कभी देर रात तक डीजे बजने लगा। शांत जंगल मे शोर होने लगा। नतीजतन वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों पर हमारा हस्तक्षेप बढ़ता गया। जाहिर है इसका नकारात्मक असर हुआ। जंगल का मूल जीवन ,उसकी इकोलॉजी डिस्टर्ब हुई तो जानवर जंगल छोड़ गांव की ओर आने लगे। जानवर अब डरे-डरे से है और हमारी नासमझी के कारण ही जंगल से पलायन को विवश हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

# श्रेष्ठ प्रबंधन पर निर्भर है आपदा नियंत्रण



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर आज आम आदमी को भी दिखने लगा है। इस साल जो भीषण गर्मी पड़ी,उसने हर किसी को प्रभावित किया। जंगलों में आग लगने की घटना ने विकराल रूप धारण कर लिया था। तमाम इंतजामात कुछ काम नहीं आए। कई वनकर्मियों और नागरिकों की जान भी गई। मैंने इस वर्ष उत्तराखंड की लंबी यात्राएं कीं। इस दौरान पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, भीमताल,नैनीताल, मुनस्यारी और टिहरी सभी जगह जंगलों को जलते देखा। वन विभाग कर्मचारी प्रशिक्षण और सुविधाओं के अभाव में भी ड्यूटी निभाने के तहत आग बुझाते रहे पर जंगल नहीं बचा पाए। बिनसर क्षेत्र में 5-6 वन कर्मचारियों का झुलसकर जान गंवाना हृदय विदारक घटना थी।

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत,सब बरसात आने पर ही याद आता है। इधर कुछ दिनों की बारिश में ही आंतरिक सड़कें टूटकर ध्वस्त हो गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 80 छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं,जिनमें गांवों को जोड़ने वाली ब्रांच सड़कें भी शामिल हैं। रानीखेत और रामनगर को जोड़ने वाला अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल भी बीते दिनों ढह गया। हल्द्वानी से मात्र 28 किलोमीटर दूर रेलवे का मुख्य स्टॉपेज लाल कुआं में पानी भर जाने से रेल यातायात बाधित रहा। व्यस्ततम भवाली-अल्मोड़ा हाईवे भी साल भर काम चलने के बावजूद भी बाधित होता रहता है। इसी तरह चारधाम और आदि कैलाश यात्रा भी स्थगित करनी पड़ी है। आपदाओं से बचने के लिए हमें पहाड़ों की प्रकृति को समझना पड़ेगा। उत्तराखंड के लगभग सभी पहाड़ अपनी युवावस्था में हैं। उन्हें परिपक्व होने में अभी वर्षों लगने हैं,पर लगातार सड़क विस्तारीकरण के कारण उन पर चोट की जा रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं,जो गंभीर परिणामों को न्यौता देने वाली बात है। सड़क में मलवा आने से अक्सर यात्री मार्ग में फंस जाते हैं। कुमाऊं में काली, गोरी और सरयू नदी उफान पर है तो गढ़वाल क्षेत्र में अलकनंदा, मंदाकिनी और पिंडर का भी यही हाल है।

इस बार भी मानसून की शुरुआत से ही लगभग सभी जिलों से तबाही की खबरें आने लगी हैं। अपने आसपास अगर नैनीताल की बात करूं तो जलवायु परिवर्तन का असर इस शहर में पिछले कई वर्षों से दिखाई देने लगा है। मानसून की बारिश की प्रवृत्ति में भी अब काफी बदलाव आया है। पुराने समय में कई-कई दिनों तक लगातार बारिश होती थी जिसे स्थानीय भाषा में सतझड़ कहते थे,लेकिन आज के दौर में कुछ देर के लिए मूसलाधार बारिश हो जाती है,जो सब कुछ तहस-नहस कर देती है और फिर कई-कई दिनों तक सूखा पड़ जाता है। अगर पिछले 10 वर्षों की बात करें तो नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। यह सब जलवायु परिवर्तन का असर है और अंधाधुंध पर्यटन भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। जब नए-नए भवनों और रिसॉर्ट्स का निर्माण होगा तो परिणति यही होनी है। यहां की प्रसिद्ध लोअर मॉल रोड पिछले कई वर्षों से धंसती जा रही है। पाषाण देवी मंदिर के पास ठंडी सड़क में दो साल पहले जो भूस्खलन की शुरुआत हुई थी,उसकी पुनरावृत्ति हर साल हो रही है। इसने कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास को भी अपनी जद में ले लिया है। तराई भाबर के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृषि भूमि का रकबा कम हुआ,जल आपूर्ति करने वाली नहरों को अवैध तरीके से पाट दिया गया है, जिससे जल भराव की समस्या बढ़ रही है।

बरसात का मौसम अपने साथ कई बार जलजला लेकर आता है। कई मकानों और पुलों की बलि बरसात के मौसम में चढ़ जाती है। इसीलिए निर्माण कार्य में भी प्रबंधन की जरूरत है। बारिश इस तबाही का बहाना बन जाती है,लेकिन सच्चाई यह है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री और लापरवाही इसका मुख्य कारण होता है। बरसात का मौसम पोल खोलने का काम जरूर करता है। अंधाधुंध निर्माण के चलते पहाड़ियां यूं ही जर्जर अवस्था में हैं उस पर गर्मियों में लगने वाली आग इन्हें और कमजोर बना देती है। बोल्डर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि ये बॉल्डर ही पहाड़ों को थामे रहते हैं। इनका गिरना मतलब पहाड़ों का कमजोर होना। आज पहाड़ की सहन क्षमता से अधिक पर्यटक यहां आ रहे हैं,जो एक गंभीर मुद्दा है। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखकर एक ठोस प्रबंधन नीति जरूरी है,जो आपदा के मौसम की मार को कम कर सके।

## सोशल फोरम

# शिक्षा में सुधार के लिए

सरकार की नीति कहती है कि स्कूल सरकारी हो या प्राइवेट,उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक ट्रेंड होने चाहिए। ट्रेंड मतलब बीएड, डीएलएड आदि। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पष्ट कर दिया है कि जो ट्रेंड नहीं है वह किसी भी स्कूल में पढ़ा नहीं सकता।

इन हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के इस दिशा निर्देश का पालन प्राइवेट स्कूलों में हो रहा है या नहीं। अगर नहीं हो रहा है तो यह समाज और बच्चों के साथ धोखा है, साथ ही सरकार के प्रति अपराध है। हाकिमों को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए, अखबार वालों को, टीवी और यू-ट्यूब वालों को ऐसी कार्रवाइयों के बारे में खबरें और वीडियो चलानी चाहिए।

आज के दौर में शहरों में रिक्शा वाले, खोमचे वाले, घरेलू नौकर का काम करने वाले तक अपने बच्चों को किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। ऐसे न जाने कितने पढ़ाते भी हैं। तमाम आर्थिक जद्दोजहद को झेलता लोअर मिडिल तो बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजता है। यह वर्ग महंगी ही होती जाती फीस और अन्य तमाम शुल्कों से बुरी तरह हलकान है। उनकी मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च हो जा रहा है।

हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के दिशा निर्देश, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों के वेतन स्तर आदि का मेल कैसा है इन प्राइवेट स्कूलों में। प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक,किसी को अंग्रेजी नहीं आती और तब भी अंग्रेजी स्कूल खोलकर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का दम भरने वाले स्कूल भी हजारों में हैं। ऐसे भी बहुतेरे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनके शिक्षकों और शिक्षण का स्तर निम्न है। वे बड़ी मात्रा में अधकचरी जमात पैदा कर रहे हैं छात्रों की और इनका सबसे बड़ा शिकार लोअर मिडिल क्लास है। हाकिमों को यह सब देखना चाहिए। सिर्फ सरकारी मास्टरों को खूब-खूब टेंशन दे देने से शिक्षा नहीं सुधरने वाली। इन शिक्षकों के मानस और उनके हितों से भी सामंजस्य बिठाना होगा।

–फेसबुक वॉल से



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

# शिव, तुम्हारी गंगा कहां खो गई



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप –'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है।

हरिद्वार में एक प्रश्न यह जन्मा कि यदि हिमालय शिव का वास है तो इसका नाम 'हरद्वार' क्यों नहीं है? इसे हरिद्वार के रूप में क्यों लोकप्रिय बनाया गया? सिर्फ बद्रीनाथ (विष्णु) की वजह से इसे हरिद्वार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आगे केदारनाथ, कैलास- मानसरोवर और 'शिव की जटा' पर उतरी गंगा है। हिंदू धर्म में कम से कम दो प्रवृत्तियां स्पष्ट हैं, आक्रामक आत्मसातीकरण और प्रेमभरा अंतरमिश्रण। एक-एक समय कट्टर वैष्णवों ने दूसरे धार्मिक बिंबों का आक्रामक आत्मसातीकरण किया है। इसका एक उदाहरण 'हरद्वार' को 'हरिद्वार' बनाना है। इसी तरह प्रेमसक्त अंतरमिश्रण के उदाहरण हैं, हरि-हर और अर्धनारीश्वर के बिंब, शैव-वैष्णव विवाद का राम और शिव द्वारा एक-दूसरे की प्रशंसा के रूप में समाधान।

आक्रामक आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति धर्म को मूल्यों की खोज की जगह कर्मकांड प्रधान तो बनाती ही है,उसे हिंसात्मक भी बना देती है और आज के दौर में व्यापार का उपजाऊ क्षेत्र भी। धर्म के दो पक्ष हैं-मूल्य चेतना और कर्मकांड। धर्म का महज कर्मकांड में सीमित होना धर्म का अंत है। जब भी धर्म-धर्म का बहुत शोर हो तो समझ लेना चाहिए,वहां सब है सिवाय धर्म के। मेरे लिए चिंता का विषय आक्रामक आत्मसातीकरण का नया रूप है,जो एकरूपतावादी स्वरूप है। यह 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' के आक्रमण का भ्रम पैदा कर रहा है । स्पष्ट है कि उत्तर भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ हिंदुओं की आस्थाओं और रीतियों में भी विविधता है। वस्तुतः 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज नहीं है। अपनी विविधताओं और अंतरमिश्रण के साथ हिंदू धर्म जरूर एक बड़ी वास्तविकता है। मेरा इससे सरोकार गर्व और शर्म से भिन्न है।

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है। इससे जुड़े प्रचार हिंदुओं को ही संकुचित कर रहे हैं। मुझे हिंदू देवताओं में शिव सबसे ज्यादा प्रिय हैं। शिव एक गैर वैदिक उत्पत्ति के देवता हैं,पशुपति से विकसित, वैदिक रुद्र और दक्षिण भारतीय नटराज आदि के बिंबों से अंतरमिश्रित। दक्षिण में शिव भक्ति का प्रचार ज्यादा रहा है। कश्मीर में शैव दर्शन बना है, भले हिंदी क्षेत्र में कई बड़े शिव मंदिर हों। शिव से संबंधित जो कथाएं बाद में बनीं,उनसे स्पष्ट बोध हो सकता है कि दक्षिण-उत्तर संवाद कितना अर्थपूर्ण है। शिव का संबंध गंगा और कैलास से होना। दक्षिण-उत्तर के बीच धार्मिक सांस्कृतिक अंतरमिश्रण का एक बड़ा उदाहरण है। मुझे शिव इसलिए भी प्रिय हैं कि उनकी छवि भले संहारक की बनाई गई है,वे जरा भी मार-काट मचाने वाले देवता नहीं हैं,बल्कि काली की हिंसात्मकता को रोकने के लिए वे उनकी राह में सत्याग्रह करते दिखते हैं। वे स्वर्णाभूषण और राजमुकुट वाले देवता नहीं हैं, लोक देवता हैं और कई स्थानीय लोक परंपराओं के साथ उनका व्यापक अंतरमिश्रण होता है। वे सर्वसुलभ देवता हैं और सबसे कम हथियाए जा सके हैं। एक और खूबी है, वे भोले हैं, सहज हैं, घर-परिवार वाले हैं। कोई अन्य देवता इस तरह घर-परिवार वाला नहीं है।

समुद्र मंथन में कोई ऐरावत ले गया, कोई लक्ष्मी ले गया, कोई अमृत ले गया, शिव के हिस्से में जहर आया। उन्हें नीलकंठ कह कर महिमामंडित कर दिया गया,पर क्या किसी ने उनके विषपान के दर्द को पहचाना? यह मुक्त बाजार एक तरह का समुद्र मंथन ही तो है। कोई ऐरावत ले जाएगा, कोई लक्ष्मी ले जाएगा,करोड़ों लोगों के हिस्से में जीवन का हलाहल आएगा। हरिद्वार में एक जगह साधारण सा बना एक स्कूल देखा जिसका नाम 'संस्कृति स्कूल' है,पर यहां शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। धर्म की तरह संस्कृति की धारणा किस तरह सिकुड़ी है,इसका यह एक उदाहरण है। देहरादून में दून स्कूल है,जो इस देश के 'रुलर्स', शासक तैयार करता है,बड़े लोगों के बच्चे यहां पढ़ते हैं। दूसरी तरफ, हिंदी माध्यम के हजारों विद्यालय हैं,जो देश को चपरासी,क्लर्क,नर्स और झंडा ढोने वाला देते हैं। पूरे देश में राम का हल्ला है,पर यह देश तो हलाहल पी रहा शिव बना हुआ है। एक बार फिर गंगा की तरफ लौटें। गंगा को एक महान नदी कहने का अर्थ यह कभी नहीं होना चाहिए कि देश की नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियां गौण हैं। सिर्फ गंगा के गुण गाना भारतवासी को सीमित करेगा, यह आक्रामक 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' का चिह्न होगा। फिर गंगा के सैकड़ों स्थानीय नाम हैं और बांग्लादेश में तो इस नदी का नाम पद्मा है। यह नहीं है कि भारत में वह हिंदू नदी है और बांग्लादेश में वह मुसलमान हो गई। नदियां, पहाड़, खेत, जंगल कभी हिंदू-मुसलमान नहीं होते।

मैं गंगा के किनारे कुछ नहीं,गंगा को ही ढूंढ रहा हूं। मुझे लगा कि मैं जैसे अपने ही घर में खो गया हूं। मेरे सांस्कृतिक असबाब मेरे घर से बाहर फेंक दिए गए हैं और हर तरफ अपरिचित चीजें भर गई हैं। इतना ताम-झाम, इतना ग्लैमर, इतने जयकारे, इतने नाट्य, इतने शक्तिशाली प्रचार हैं कि मेरी आवाज कौन सुनेगा! फिर भी हमें तूती की तरह बोलना तो होगा। तसल्ली यह हुई कि गंगा निर्विकार बह रही हैं। वह अपने संसार को पहले की ही तरह बचा रही हैं। इसी तरह कहीं नर्मदा बह रही होगी,कहीं गोदावरी बह रही होगी,कहीं कोसी बह रही होगी और सैकड़ों नदियां बह रही होंगी। वे बह-बह कर यही कहती हैं, धर्म को तालाब न बनाओ और न उसे बाढ़ बनाओ। गंगा की बाढ़ का पानी पवित्र नहीं होता।

# शारीरिक दृष्टि से अयोग्य होते व्यस्क

लगभग आधी व्यस्क आबादी शारीरिक दृष्टि से अयोग्य हो रही है। लांसेट ग्लोबल हेल्थ अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग आधी व्यस्क आबादी 2030 तक शारीरिक रूप से अयोग्य हो जाएगी। शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे लोगों की संख्या 2000 में 22.3 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 49.4 प्रतिशत हो गई। भारत में इस मामले में महिलाओं की संख्या और भी ज्यादा है, जो लगभग 57 प्रतिशत है जबकि पुरुष 42 प्रतिशत शारीरिक रूप से अयोग्य पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ रहने को एक व्यस्क को सप्ताह में 150 से 300 मिनट हल्की एक्सरसाइज की जरूरत है। ऐसा न करने से डायबिटीज और हार्ट की समस्या बढ़ने की आशंका रहती है। वर्ल्ड स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार भारत में जिम में जाकर एक्सरसाइज करने वालो की संख्या मात्र 50 लाख ही है,जो की पूरे विश्व के मुकाबले काफी कम है। जानकारों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह-सुबह का टहलना और छोटे-छोटे व्यायाम करना व्यस्कों के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही साथ अपने को फिट रखने के लिए जंक फूड के स्थान पर पौष्टिक आहार भी जरूरी है जैसे ताजा भोजन,दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ, अंडे और अन्य प्रोटीन युक्त आहार आदि।

अभी तक सबसे स्वस्थ देश नहीं होने के बावजूद,भारत 195 देशों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में 12 वें स्थान पर है। भारतीय जनता में पहले से ही हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों की प्रवृत्ति है। भारतीयों को दूसरों की तुलना में बहुत पहले पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यायाम बहुत जरूरी है,व्यायाम करेगा तभी तो स्वस्थ बनाएगा इंडिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री से अवैध वसूली को लेकर शिकायत

**संभल अमृत विचार :** भाजपा सुशासन केंद्र राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव एडवोकेट ने प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि तहसील संभल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से प्राइवेट कर्मचारी रखकर अवैध वसूली करके किसानों को परेशान किया जा रहा है। छोटे छोटे कार्यों के एवज में रुपये की वसूली हो रही है। जिससे जनता तंग आ चुकी है और पार्टी के विरुद्ध आक्रोश पनप रहा है। प्रभारी मंत्री से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### गाली गलौज करने पर चार गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी अमरीश व चरन सिंह के बीच सोमवार को मेड़ काटने को लेकर आपस में विवाद हो गया। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ निवासी सलमान व शमशाद की पत्नी नजमा के बच्चों के बीच सौ रुपयों को लेकर गाली गलौज हो रही थी। वहीं थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला निवासी अमजद अली व शाने आलम जमीन बंटवारे को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चरन सिंह व अमरीश, सलमान और अमजद अली को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने चारों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### निराश्रित पशुओं के खौफ से लोग परेशान

**बबराला, अमृत विचार :** नगर में निराश्रित गोवंश का खौफ कम नहीं हो रहा है। मुख्य बाजार से लेकर गली- गलियारों तक इनका ही राज है। नगर के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोग निराश्रित गोवंशों से परेशान हैं। सड़कों पर निराश्रित गोवंशों से टकराकर कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन इन निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित करने की रणनीति बनाने के आगे कुछ भी उपाय नहीं कर पा रहा है। नगर के बाजार में बड़ी संख्या में गोवंश को घूमते हुए देखा जा सकता है। साप्ताहिक पैठ में तो सांड ने सब्जी खरीदने आए व्यक्ति को पटक कर मार डाला था। निराश्रित गोवंश के कारण किसान परेशान रहते हैं। ये फसलों में घुस कर फसल नष्ट कर देते हैं।

# चचेरे तहेरे भाइयों में चली लाठियां, एक की मौत

## मुंडन की दावत को लेकर हुआ विवाद, छह लोग घायल, गांव में पुलिस बल तैनात, चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



ग्रामीण की हत्या के बाद शोकाकुल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में कुनबे के भाईयों को नाती के मुंडन संस्कार की दावत को लेकर कहासुनी के बाद परिवार के लोगों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दावत देने गए ग्रामीण की मौत हो गई जबकि दोनों पक्षों से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तनातनी को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।



थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जागीर निवासी रामवीर (45 वर्ष) पुत्र रामेश्वर के नाती बॉबी का मुंडन संस्कार सोमवार को गंगातट राजघाट पर होना था। रविवार को देर शाम रामवीर कुनबे के चचेरे तहेरे भाइयों हरवंश व बाबाजी के यहां मुंडन संस्कार की दावत का निमंत्रण देने पहुंचा। रामवीर की इस परिवार से रंजिश थी लेकिन वह उन्हें दावत में बुलाकर रंजिश खत्म करना चाहता था। रामवीर ने निमंत्रण दिया तो हरवंश व बाबाजी ने कुछ कह दिया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ी तो बाबाजी, हरवंश, कालीचरन ने रामवीर पर लाठी डंडों से वार कर दिया। शोर सुनकर रामवीर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडों से जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से रामवीर, दिनेश, बिल्लू, रामेश्वर तथा दूसरे पक्ष से हरवंश, बाबाजी, कालीचरन घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग करके शांत किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां से गंभीर हालत में रामवीर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में सोमवार को सुबह करीब पांच बजे रामवीर की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि रामवीर के भाई भूपाल की तहरीर पर बाबाजी, चंद्रपाल, सोहनपाल और वंशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दुश्मनी खत्म करना चाहता था रामवीर, मिली मौत

**मनोज यादव, रजपुरा, अमृत विचार :** गांव भीकमपुर जागीर निवासी रामवीर दूसरे पक्ष से दुश्मनी खत्म करना चाहता था। वह काफी दिनों से ऐसे मौके की तलाश में था कि जब दूसरा पक्ष भी उसकी खुशी में शामिल होकर रंजिश को भुला दे। रामवीर के बेटे सत्यपाल की कैंसर के चलते पांच साल पहले मौत हो गई थी। सत्यपाल के बेटे बॉबी का मुंडन संस्कार सोमवार को राजघाट पर होना था। ऐसे में रामवीर ने दूसरे पक्ष को दावत देने का मन बनाया। वह खुशी-खुशी दूसरे पक्ष के वहां पहुंचा लेकिन पुरानी बातें सामने आईं और विवाद हो गया। रामवीर पिता सत्यपाल की मौत के बाद से नाती बॉबी का बड़े लाड प्यार से पालन पोषण कर रहा था। अब रामवीर की मौत होने से बॉबी के सिर से पहले पिता और अब दादा का साया उठ गया।

### ...तो शायद बच जाती ग्रामीण की जान

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** दोनों पक्षों में मारपीट में घायल हुए लोगों को लेकर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने दूसरे पक्ष को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया लेकिन रामवीर पक्ष के तीन लोगों को पूछताछ के लिए रोक लिया। इस बीच रामवीर की हालत बिगड़ती चली गई। अगर समय से रामवीर को उपचार मिल गया होता तो शायद उसकी जान बच जाती। पुलिस की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में रोष है। गांव भीकमपुर जागीर में दोनों पक्षों के बीच रंजिश के चलते मारपीट होने पर रामवीर की मौत के बाद माहौल ज्यादा ठीक नहीं है। इसलिए पुलिस प्रशासन एहतियातन कदम उठा रहा है। गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



संभल में डीजे संचालकों को हिदायत देते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# डीजे संचालकों ने नहीं किया नियमों का पालन तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

- डीएम व एसपी ने जनपद के डीजे संचालकों को दी चेतावनी
- कहा, न तो होगी डीजे की अधिक ऊंचाई, न बजेंगे भड़काऊ गाने

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने जनपद के डीजे संचालकों के साथ बैठक में दो टूक कहा कि शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया तो सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

नये तहसील सभागार में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा में डीजे वालों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे से संबंधित दुर्घटनाएं भी संज्ञान में आती रही हैं। कहीं डीजे में करंट आने तो कहीं अधिक ध्वनि होने के कारण दुर्घटना एवं सांप्रदायिक तनाव जैसे मामले प्रकाश में आते हैं। एसपी ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित मानक के अनुसार डीजे की ऊंचाई चौड़ाई होनी चाहिए। आम जनमानस को कोई समस्या उत्पन्न न हो इसका प्रत्येक दशा में ध्यान रखा जाए। डीजे पर ऐसे गाने न बजाए जाएं जो किसी धर्म विशेष या समुदाय विशेष से जुड़े हों। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई घटना घटित होती है तो उसमें डीजे संचालकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि डीजे की ऊंचाई शासन के निर्धारित मानक के अनुसार हो। कोई भी नियम के विरुद्ध जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना अध्यक्ष तथा जनपद के समस्त डीजे संचालक उपस्थित रहे।

# निराश्रित पशुओं के संरक्षण के लिए खुलेगा कंट्रोल रूम

संवाददाता, बहजोई

- डीपीआरओ को बनाया गया नोडल अधिकारी
- सीडीओ ने कंट्रोल रूम पर आने वाली समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या को दूर करने तथा साफ सफाई किए जाने को लेकर सीडीओ ने डीपीआरओ को नोडल अधिकारी बनाया है। वहीं निराश्रित गोवंश पशुओं को सड़कों से हटाकर गोशाला में संरक्षित किए जाने को लेकर जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

भारी बारिश के चलते जगह-जगह जल भराव तथा ग्राम पंचायत में गंदगी को लेकर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने नागरिकों से मिल रहीं शिकायतों तथा सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश की समस्या से छुटकारा के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे को इन समस्याओं के निस्तारण के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रतिदिन शिकायत में प्राप्त हो रही हैं कि विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। साफ सफाई नहीं होने से ग्राम व सड़कों पर निराश्रित गोवंश विचरण करते पाए जा रहे हैं। जिससे नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ा है। अब सीडीओ ने इन समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को जनपद का नोडल अधिकारी बनाया है। सीडीओ ने कहा है कि जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित कर उसका नंबर जारी कर प्रचार प्रसार किया जाए। सीडीओ ने जिला विकास अधिकारी रामाशीष को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

# एमएसपी पर फसल खरीद गारंटी का बने कानून

कार्यालय संवाददाता, संभल



सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

- भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर उठाईं मांगें

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपा। जिसमें फसलों की एमएसपी पर खरीद गारंटी का कानून बनाए जाने समेत कई मांगें उठाई गईं।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपकर कहा गया कि पूरे देश के किसानों के लिए सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाने के साथ ही डॉ.स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय किए जाएं। किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्जमुक्ति की जाए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुनः लागू किया जाए। भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की लिखित सहमति एवं सरकारी रेट से 4 गुना मुआवजा देने का प्रावधान होना चाहिए। कहा कि लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को सजा, पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने और 2020-21 के किसान आंदोलन के सभी मुकदमे रद्द किए जाने चाहिए। भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए, किसानों और खेत मजदूरों को 10 हजार रुपये महीना की पेंशन देने, विद्युत संशोधन विधेयक 2003 को रद्द किए जाने, खेती को प्रदूषण कानून से बाहर किए जाने समेत कई मांगें उठाईं। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, जयवीर सिंह यादव, चौधरी अर्जुन सिंह, नवाब सिंह, रामनिवास यादव, इंद्रपाल सिंह, मुहम्मद शफीक आदि रहे।

## सार-संक्षेप



संभल में पैदल भ्रमण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### डीएम और एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

**संभल, अमृत विचार :** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। संभल में सोमवार को शाम जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों से कहा कि त्योहारों पर शासन और प्रशासन की गाइडलाइन का पालन किया जाये। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस बल के साथ सोमवार को शाम चंदौसी चौराहा से पैदल मार्च शुरू किया। पैदल मार्च रोडवेज बस अड्डा, अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, आर्य समाज मार्ग, छंगामल कोठी, खग्गू सराय तिराहा, नखासा चौराहा, बुध बाजार से होते हुए हिंदूपुरा खेड़ा तक हुआ। अधिकारियों ने पुलिस को मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। कई बिंदुओं के बारे में जानकारी हासिल की। रास्ते में लोगों से संवाद कर कहा कि त्योहारों पर कोई नई परम्परा कायम न की जाये। शासन और प्रशासन द्वारा तय गाइडलाइन का पालन किया जाये। चेताया गया कि किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### मुनीम अपहरण मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक पखवाड़ा पूर्व शराब कारोबारी के मुनीम को मारपीट कर हथियारों के बल पर अपहरण करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे अपहृत मुनीम का पर्स बरामद हुआ है। सोमवार को कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे स्थित नूरपुर तिराहे से गांव जहांनपुर निवासी गंभीर पुत्र नेत्र पाल और चंद्रहास उर्फ काले पुत्र श्री पाल को दबोच लिया। दोनों शराब कारोबारी के मुनीम के अपहरण की घटना में वांछित थे। बताते चलें कि मुनीम प्रदीप का 24 जून की शाम मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे पर जगन्नाथपुर और सैंजना मुस्लिम के बीच उस वक्त अपहरण कर लिया गया जब वह शराब की दुकानों से दिनभर की बिक्री की रकम उगाही कर साथी नितिन के साथ बाइक से लौट रहा था। मौका पाकर नितिन रकम के थैला सहित भाग कर पास में ही स्थित कोल्ड स्टोर में जा कर छिप गया था।

# सोत नदी का बहाव तेज, आवागमन बाधित

संवाददाता, संभल



सोत नदी के तेज बहाव के बीच से निकलते ट्रैक्टर सवार लोग। ● अमृत विचार

- पुलिया निर्माण नहीं होने से सड़क पर बहता है नदी का पानी
- ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए लेना पड़ रहा ट्रैक्टर ट्राली का सहारा

**अमृत विचार:** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में आटा पंवासा मुख्य मार्ग पर इन दिनों सोत नदी का पानी बह रहा है। कई गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाइकों को ट्रैक्टर ट्राली में लादकर ग्रामीण सोत नदी के दूसरी ओर लेकर जा रहे हैं। सैंकड़ों बीघा फसल डूबकर बर्बाद होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से जिले में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश की वजह से सूखी पड़ी सोत नदी में भी पानी की धारा बह निकली है। जिसे देखकर लोगों में उत्साह है, लेकिन पंवासा से गांव आटा जाने वाले मुख्य मार्ग पर सोत नदी का पानी तेज बहाव के साथ बह रहा है। जिससे गांव सिरोही सहित कई गांवों के लोगों को रास्ते पर जान जाखिम में डालकर पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। वहीं दूर दराज जाने वाले लोग बाइकों को पानी के बीच ट्रैक्टर ट्राली में लादकर सोत नदी के दूसरे छोर पर लेकर जा रह है। रविवार को पानी के बीच से गुजर रहा चालक बाइक लेकर गिर गया। जिसे आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उठाया। पानी की वजह से दर्जनों किसानों की कई बीघा धान की फसल डूब चुकी है। तो धान पौध की रोपाई करने वाले किसानों के माथे पर खेत में पानी भरने की वजह से चिंता की लकीरें खिंची है। वहीं कई किसानों की पानी में डूबकर धान की पौध बर्बाद हो चुकी है।

## बूंदाबादी होने के बाद मौसम रहा साफ

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कई दिनों से हो रही बरसात से लोग परेशान रहे। सोमवार को सुबह के समय कुछ देर बूंदाबादी होने के बाद मौसम साफ हो गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा।

लगातार हो रही बारिश से नगर के गली-मोहल्लों व सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय बारिश होने से बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। सोमवार की सुबह नौ बजे तक हल्की बांदीबादी होती रही। जिससे कम ही संख्या में बच्चे विद्यालय पहुंचे। इसके बाद मौसम साफ हो गया और हल्की धूप निकल आई। जिससे नागरिकों ने रोज हो रही बारिश से राहत महसूस की। हल्की धूप निकलने के बाद भी मौसम सुहावना बना रहा।



पंवासा के गांव में बरसात से गिरा मकान। ● अमृत विचार

## बरसात में गिरे दो मकान, मलबे में दबकर सामान हुआ खराब

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में रविवार की रात एक ही गांव में दो मकान गिर गये। मलबे में दबकर खाने पीने सहित अन्य सामान दबकर खराब हो गया। सूचना मिलने पर लेखपाल के मौके पर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

विकासखंड क्षेत्र के गांव सिहोरी निवासी राजेश्वर कुमार रविवार की रात पत्नी पुष्पा देवी व बच्चों सहित बरामदे में सो रहा था। रात दस बजे अचानक से कमरे की कच्ची छत भरभराकर गिर गई। छत के मलबे में दबकर पांच क्विंटल गेहूं, बर्तन, कपड़े सहित अन्य सामान बर्बाद हो गया। वहीं दूसरी ओर गांव निवासी कल्लू की पत्नी मिथलेश देवी रविवार की रात नौ बजे बच्चों सहित घर के आंगन में बैठी थी। अचानक मकान की छत गिर गई। सोमवार की सुबह छत गिरने की सूचना राजेश्वर कुमार व मिथलेश देवी ने हल्का लेखपाल को दी। आरोप है कि तीन बजे तक भी लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे गुस्साएं राजेश्वर कुमार व मिथलेश देवी ने ग्रामीणों सहित प्रदर्शन किया।



तहसील में नामांकन पत्रों की जांच करती एल्डर कमेटी। ● अमृत विचार

# तहसील बार के लिए अध्यक्ष व सचिव पद पर होगा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- शेष पदों पर एक-एक नामांकन आने पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्ति व नाम वापसी का कार्य किया गया। अध्यक्ष व सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी होने पर 12 जुलाई को चुनाव कराया जाएगा।

सोमवार को चुनाव प्रक्रिया के तहत जांच, आपत्ति व नाम वापसी की प्रक्रिया कराई गई। जिसमें एल्टर कमेटी के अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अमर सिंह यादव व मुकेश पाल सिंह तथा सचिव पद पर अरविंद गुप्ता व रामजीमल दो-दो नामांकन आए हैं, जो जांच में सभी सही पाए गए हैं। इसके अलावा अन्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने पर प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होने तय है। जिनमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पिंटेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजय पाल सिंह व सत्यवीर सिंह, सह सचिव शाकिर अली, धर्मवीर सिंह व मोहम्मद तारिक अनवर, कोषाध्यक्ष पद पर बलराम शर्मा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में अलीशेर खां, मोहम्मद खालिद, मुकेश पाल सिंह, रमेश बाबू, शीशपाल सिंह, बाबू सिंह राणा, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में दारा सिंह, हृदेश यादव, मुनेश, अवधेश कुमार शामिल है। एल्डर कमेटी के रतन कुमार श्रीवास्तव, सियाराम मौर्य, फजुलर्रहमान, राकेश गुप्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांगता और अल्प दृष्टि दोष जांच को लगेंगे शिविर

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की स्वास्थ्य जांच को जनपद की प्रत्येक सीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर 9 जुलाई से 2 अगस्त तक लगाए जाएंगे। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बच्चों की दिव्यंगता व अल्प दृष्टि दोष की जांच करेगी।

विकासखंड के एक सीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम रहेगी। परीक्षण के आधार पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। तो वहीं अल्प दृष्टि दोष से प्रभावित विद्यार्थियों को चश्मा की आवश्यकता के लिए उनकी आंखों की जांच कर अल्प दृष्टि दोष जाना जाएगा। यह शिविर 9 जुलाई से सीएचसी बहजोई से प्रारंभ होकर अंत में 2 अगस्त को सीएचसी जुनावई पर संपन्न होंगे।

### कब कहां लगेगा शिविर

| दिनांक | सीएचसी |
|---|---|
| 9 जुलाई | बहजोई |
| 12 जुलाई | चंदौसी |
| 16 जुलाई | पंवासा |
| 19 जुलाई | संभल |
| 23 जुलाई | असमोली |
| 26 जुलाई | रजपुरा |
| 30 जुलाई | गुन्नौर |
| 2 अगस्त | जुनावई |

परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र दृष्टि दोष की जानकारी के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में बनाई गई है। छात्र-छात्राओं को सहायक उपकरण व चश्मा दिए जाने में सहायता मिलेगी।

– डा. तरन्नुम रजा, सीएमओ

दावा | हाथरस हादसे के बाद बाबा सूरजपाल उर्फ विश्व साकार हरि उर्फ भोले बाबा की हर तरफ है चर्चा

# मेरी मृत पत्नी को कर दिया था जीवित : देवेंद्र कुमार

संजीव वार्ष्णेय, गुन्नौर(संभल)



देवेंद्र कुमार व उसकी पत्नी संजू। ● अमृत विचार

- वह शादी से पहले से ही नारायण साकार हरि की अनुयायी है
- प्रसाद रूपी जल से महिला के जिन्दा होने का दावा उसके पति ने किया

**अमृत विचार :** हाथरस सत्संग हादसे में 121 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत के बाद सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि को लेकर अंधभक्ति के नित नए किस्से सामने आ रहे हैं। अब संभल जनपद के रहने वाले एक भक्त ने दावा किया है कि उसकी पत्नी की मौत हो गई थी, लेकिन नारायण साकार हरि के नाम से अभिमंत्रित जल के पीने से वह जिंदा हो गई।

दो जुलाई को हाथरस हादसे के बाद बाबा सूरजपाल उर्फ विश्व साकार हरि उर्फ भोले बाबा की हर तरफ चर्चा है।

अब जनपद संभल के गुन्नौर इलाके में विश्व साकार हरि के प्रसाद रूपी जल से मृत महिला के जिन्दा होने का दावा उसके पति ने किया है। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ दीपक यादव का दावा है कि कोरोना काल के आखिरी दौर में करवा चौथ के दिन राजस्थान के दौसा में आयोजित साकार हरि के कार्यक्रम में सपत्नीक गया था। वहां उसकी पत्नी संजू की हालत बिगड़ गई। हार्टबीट और पल्स भी नहीं थी। स्थानीय चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने एक सेवादार बहन से जल लेकर परमात्मा (साकार हरि भोलेबाबा) का नाम लेकर पत्नी के मुंह में जल डाला तो संजू की हार्टबीट फिर से शुरू हो गई और सांसें लौट आईं। नारायण साकार हरि के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले देवेंद्र का कहना है कि साकार हरि साधारण व्यक्ति नहीं, परमात्मा हैं। वहीं, देवेंद्र की पत्नी संजू भी पति के दावे का समर्थन करते हुए बताती है कि वह शादी से पहले से ही नारायण साकार हरि की अनुयायी है।

### आगरा के शाहगंज पुलिस थाने में लड़की को जिंदा करने के दावे पर दर्ज हुआ था केस

**गुन्नौर, अमृत विचार :** साकार हरि की कृपा से मृत शरीर में जान फूंकने के तमाम किस्से कहानियां उनके बाबा सूरजपाल के अनुयाइयों में प्रचलित हैं। जनपद आगरा के शाहगंज पुलिस थाने में तो वर्ष 2000 में साकार हरि उर्फ सूरज पाल, उसकी पत्नी प्रेमवती समेत 7 लोगों के खिलाफ एक मृत लड़की को जिंदा करने के दावे को लेकर आईपीसी की धारा 109 और चमत्कारी उपचार अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ था। बाद में साक्ष्यों के अभाव में इस मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी थी। 16 साल की एक लड़की की प्राकृतिक मौत के बाद साकार हरि उर्फ सूरज पाल करीब 200 भक्तों के साथ पहुंचा और लड़की को फिर से जिंदा करने का दावा करते हुए परिजनों को अंतिम संस्कार करने से रोक दिया था।

# कानून व्यवस्था पर गंभीरता से कार्य करें अधिकारी

## 24 घंटे में ठीक हो ट्रांसफार्मर, जिले के प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रभारी मंत्री ने कानून व्यवस्था पर गंभीरता से कार्य करने, 24 घंटे में ट्रांसफार्मर ठीक कराने, किसानों को मोटे अनाज के की बुआई के लिए प्रेरित करने, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति सक्रिय रहने के निर्देश दिए। कहा कि गोशालाओं में वर्षा से गोवंश पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए कार्य किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने विकास एवं सुरक्षा से संबंधित निराश्रित गोवंशों को गोशालाओं में पहुंचाने समेत कई बिंदुओं को लेकर डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नई तहसील सभागार में समीक्षा बैठक की। कानून व्यवस्था की समीक्षा में एसपी ने गुंडा एक्ट, लूट, महिला संबंधी अपराध, एससी,एसटी के उत्पीड़न से संबंधित मामले, गोकशी आदि से संबंधित बिन्दुओं के बारे में बताया। कहा कि आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में संभल का जून में प्रथम स्थान पर है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम पर विशेष ध्यान दिया जाए। कानून व्यवस्था पर गंभीरता से कार्य करें। किसी भी अपराध को छिपाया न जाए एवं थाने में पीड़ित की रिपोर्ट लिखी जानी चाहिए। जांच में सही पाए जाने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दोषी बचे नहीं निर्दोष फंसे नहीं इस सिद्धांत पर कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारी से कहा कि खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे में सही होना चाहिए। कृषि विभाग को पीएम कुसुम योजना का लक्ष्य बढ़ाने और मोटे अनाज की बुआई के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। कहा कि बैंकर्स की बैठक बुलाकर सरकारी योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभागके अधिकारी को एंबुलेंस सेवा को सक्रिय रखने, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति सक्रिय रहने के निर्देश दिए। एक्सईएन आरईडी को अधूरे निर्माण कार्य पूर्ण कराने, दिव्यांग जन विभाग को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने को कहा। जल जीवन मिशन में पेयजल पाइप लाइन का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी जताई और कार्यों के सत्यापन के लिए डीएम को टीम बनाने के निर्देश दिए।



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

### प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण, कार्यकर्ताओं से की चर्चा

**संभल, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से परिचय लेकर क्षेत्र विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की एवं उनके जल्द निदान के लिए कहा। प्रभारी मंत्री ने गेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, राजेश शंकर राजू, सुधीर मल्होत्रा, कमल कुमार कमल, अर्जुन वाल्मीकि, कुलदीप चाहल, हृदेश यादव, विपिन गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, संजय सांख्यधर आदि रहे।

### गोशालाओं में वर्षा से सुरक्षित रहें गोवंशीय पशु

**संभल, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री ने कहा कि गोशालाओं में गोवंशों को वर्षा से सुरक्षित रखने के लिए कार्य किए जाएं और ग्राम पंचायत में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वन विभाग को फलदार पौधे रोपित करने, जन सहयोग से गोशालाओं में ट्री गार्ड सहित छायादार पौधे लगाने, शिक्षा विभाग को कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहने देने, बच्चों को ड्रेस एवं किताबें आदि उपलब्ध कराने, शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशु पालन विभाग को गोचर भूमि में चारे की बुआई करने, गोचर भूमि को चिन्हित कर कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा जिन-जिन योजनाओं की बैठक में समीक्षा की गई है, उन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक प्राप्त हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी रहे।

## एक नजर

### ताला तोड़कर संदूक से दस हजार की नकदी ले गए चोर

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गौहत निवासी सतेंद्र उर्फ नन्हे के घर पर मुख्य दरवाजा लगा हुआ नहीं है। सतेंद्र रविवार की रात घर पर पत्नी नेमवती व तीन बेटियों को छोड़कर गांव के ही युवक की बारात में शामिल होने गया था। नेमवती बेटियों के साथ बरामदे में सो रही थी। साढ़े नौ बजे मुख्य गेट से होकर चोर घर में घुस आए और दरवाजा खोलकर कमरे में रखी संदूक ताला तोड़कर उसमें रखी दस हजार रुपये की नकदी निकालकर भाग गए।

### हरदोई में बदायूं के युवक की करंट से मौत

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार :** युवक पर सोते समय टेबिल फैन गिर गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर निवासी केंद्रपाल (35) पुत्र नत्थू सिंह लगभग आठ साल से हरदोई के कस्बा सदई बेटा में किराए पर कमरा लेकर रहता था। वहीं की मंडी में सब्जी बेचकर जीवनयापन कर रहे थे जबकि उनकी पत्नी और बच्चे गांव में ही रहते हैं।



हसनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे लकड़ी का सहारा देकर रोका गया हाईटेंशन लाइन का पोल।

# लकड़ी के सहारे रोके गए हाईटेंशन लाइन के पोल से हादसे का अंदेशा

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे हाईटेंशन लाइन का झुका पोल लकड़ी के सहारे रुका हुआ है। बरसात में गीली मिट्टी के साथ लकड़ी जमीन में धंसने से कभी भी हादसा हो सकता है।

थाना क्षेत्र में गांव रुकनुद्दीन सराय में स्थित बिजलीघर से उद्योगों के लिए जा रही हाईटेंशन लाइन के पास संभल हसनपुर मार्ग के किनारे खंदक में पेड़ खड़े हुए हैं। बारिश के साथ आई तेज हवा में खग्गूपुरा व रिठाली गांव के बीच तीन जगह पेड़ उखड़कर हाईटेंशन लाइन के ऊपर गिर गए थे। जिससे हाईटेंशन लाइन के तार भी टूट गए थे और एक पोल सड़क की ओर झुक गया था। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने गिरने से बचाने के लिए पोल के नीचे लकड़ी लगाकर तार जोड़कर उद्योगों की बाधित हुई बिजली की आपूर्ति को सुचारु कर दिया था, लेकिन पोल को सीधा नहीं किया। जिससे पांच दिन बीतने के बाद भी लकड़ी पोल के नीचे लगी हुई है। अगर तेज हवा या गीली होने की वजह से लकड़ी मिट्टी में धंस जाए तो सड़क पर किसी आने जाने वाहन पर पोल गिरने से हादसा हो सकता है।

# एचडीएफसी बैंक में फाल्स सीलिंग गिरने से कार्य ठप

- सोमवार की सुबह बैंक खुलने पर गिरी सीलिंग के बारे में पता चला
- बैंक कार्य के समय गिरती सीलिंग तो हो सकता था हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** एचडीएफसी बैंक में कुछ हिस्से की फाल्स सीलिंग गिरने से सोमवार को पूरा दिन बैंक का कार्य ठप रहा। जबकि ग्राहक बैंक के बाहर खड़े होकर कार्य बंद होने का कारण पूछते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से कार्य बंद कर दिया है। गनीमत यह रही कि बैंक कार्य के दौरान हादसा नहीं हुआ। वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

सोमवार को आजाद रोड स्थित एचडीएफसी बैंक लिंटर के नीचे लग रही फाल्स सीलिंग का काफी हिस्सा टूटकर जमीन पर पड़ा मिला। सुबह दस बजे जब कर्मचारियों ने बैंक खोला तब उनको इसका पता चला। सीलिंग गिरी देख बैंक कर्मचारियों के होश उड़ गए। शीघ्र ही घटना से बैंक के शाखा प्रबंधक फैजल इरफान को सूचित किया गया। कुछ देर वह भी मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों वार्ता की। इसके बाद ग्राहकों के लिए बैंक बंद कर दिया गया। बताया गया है कि बिजली फाल्ट होने के कारण बैंक का कार्य बंद है। इसके बाद भी दोपहर दो बजे तक ग्राहक बाहर खड़े होकर बैंक खुलने का इंतजार करने लगा। शाखा प्रबंधक फैजल इरफान ने बताया कि फाल्स सीलिंग गिरने पर सुरक्षा की दृष्टि से कार्य बंद किया गया है। ताकि अन्य कोई सीलिंग का हिस्सा न गिर जाए। बैंक शाखा में प्रवेश करते हुए सामने ही कैश काउंटर है। कैश काउंटर के ऊपर व सामने जहां ग्राहक खड़े होते है। उसी हिस्से की सीलिंग गिरी थी। इसी कारण बैंक का कार्य प्रभावित रहा।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में गरजे शिक्षक

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में जिले भर के शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर बारिश के बीच ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी से मुक्त किए जाने की मांग उठाई।

जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में भारी बारिश के बीच जिले भर के शिक्षक विरोध प्रदर्शन को कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। जहां से पैदल मार्च करते हुए शिक्षक डीएम दफ्तर पहुंच गए। शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिला संयोजक विकास यादव ने कहा कि शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का तुगलकी फरमान जारी किया गया। विभागीय अधिकारी बिना जमीन हकीकत जान ही इस प्रकार के अव्यवहारिक आदेश करते रहते हैं। जिनमें आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर किए बिना उसको लागू कर पाना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों की भांति हाफ डे लीव अवकाश दिया जाए। राज्य कर्मचारियों की भांति ईएल या महाविद्यालय को शिक्षकों की भांति पीएल दिया जाए। अन्य विभागों की भांति प्रतिकर अवकाश प्रदान किए जाएं। इस दौरान जिला संयोजक विकास यादव, सुभाषचंद्र, सन्देश चौधरी, मनीष बेनीवाल, के पी यादव , रविंद्र खारी नवीन शर्मा, कामेश्वर प्रसाद, प्रीति शर्मा, पूनम सिंह, भावना सिंह राजू गुप्ता, दीपक गोस्वामी सहित जिले भर के सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।




ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताते शिक्षिकाएं व शिक्षक । ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट में एकत्रित होकर जमकर की नारेबाजी
- शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

## सार-संक्षेप



विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने विरोध स्वरूप काली पट्टी बांध किया कार्य

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले तहसील के बेसिक अध्यापकों व अध्यापिकाओं ने ऑनलाइन डिजीटल उपस्थिति के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। जिला महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अव्यवहारिक आदेश को यदि शीघ्र निरस्त नहीं किया गया तो शिक्षक पुरजोर विरोध करेंगे और जब आदेश निरस्त नहीं हो जाता तब तक आंदोलन करते रहेंगे। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन 14 जुलाई तक जारी रहेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की ने कहा कि पूरे जनपद में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। 15 जुलाई को जिलाधिकारी के माध्यम से शिक्षक मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे।

### कर्मियों की शासनादेश अनुसार मानदेय की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संविदा सफाई कर्मचारियों ने शासनादेश के अनुसार मानदेय दिलाने के लिए अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद में 108 संविदा सफाई कर्मचारी कार्यरत है। जिन्हें वर्तमान में 192 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत का भुगतान पालिका द्वारा किया जा रहा है। जबकि शासनादेश के अनुसार 239 प्रतिशत महंगाई राहत दिए जाने का प्रावधान है। जबकि नगर पंचायत नरौली में संविदा सफाई कर्मचारियों को मूल वेतन के साथ 239 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत का भुगतान किया जा रहा है। चन्दौसी के संविदा कर्मचारियों 20440 रुपये माह में दिए जा रहे हैं, जबकि खाते में 18640 रुपये पहुंचते हैं। जबकि अन्य नगर पालिका व नगर पंचायतों के संविदा सफाई कर्मियों को माह में 24500 रुपये दिये जा रहे हैं, जबकि उनके खाते में 21900 रुपये आते हैं। चन्दौसी में संविदा सफाई कर्मचारियों के पीएफ का पैसा काटा जा रहा है, लेकिन वह उनके खाते में नहीं पहुंच रहा। सफाई कर्मचारियों ने शीघ्र ही समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में विक्रम, लल्ला बाबू, नवीन, नीरज, कुलदीप, प्रदीप, गौरव, राहुल, गौतम आदि मौजूद रहे।



कैडे्टस को प्रमाण पत्र देते हुए एनसीसी के सूबेदार मेजर प्रवीण प्रकाश।

### एनसीसी कैडेट्सों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कॉलेज में 24 यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर प्रवीण प्रकाश की ओर से वर्ष 2023-24 में एनसीसी ए,बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा के उत्तीर्ण हुए कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि एनसीसी क्लस्टर के जूनियर डिवीजन के 72 कैडेट्स को ए प्रमाण पत्र, सीनियर डिवीजन के 120 कैडेट्स को बी प्रमाण पत्र व 37 कैडेट्स को सी प्रमाण पत्रों का वितरित किया गया। बताया कि एनसीसी ज्वाइंन करने के बाद कैडेट्स को सेना में जाने का रास्ता साफ हो जाता है। उन्हें ज्यादा तैयारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस दौरान कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट आकाश चौहान, अमरजीत मौर्य, चीफ ऑफिसर करन सिंह, थर्ड ऑफिसर सतीश सिंह, हवलदार डालचंद, थान सिंह, योगेंद्र सिंह मौजूद रहे।



स्थापना दिवस पर केक काटतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अन्य। ● अमृत विचार

### केक काटकर मनाया पालिका का 161वां स्थापना दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के कंपनी बाग स्थित अस्थायी कार्यालय में 161वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष ने सभासद व पालिका कर्मचारियों के साथ केट काटा। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि 161 वर्ष पहले नगर पालिका परिषद की स्थापना आज के दिन हुई थी। पूर्व में नगर पालिका में बहुत योग्य अध्यक्ष रहे। कहा कि उन्होंने एक वर्ष पहले ही नगर पालिका में अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया है। इस दौरान पालिका की वित्तीय स्थिति व उपलब्ध संसाधनों से क्षेत्र में विकास के कार्य किए गए हैं। उन्होंने नगर के संभ्रांत नागरिकों से नगर को चांदसी नगरी बनाने के लिए सुझाव देने की बात कही। कहा कि हमारा नगर एतिहासिक है, हमें नगर का चहुंमुखी विकास करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम में पालिका के समस्त कर्मचारी व सभासद मौजूद रहे।

# रेलवे फाटक पर वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर वैकल्पिक मार्ग की मांग को लेकर युवा व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण उक्त मार्ग को बंद कर दिया गया है।

सोमवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में फाटक 36 बी पर वैकल्पिक मार्ग की मांग की गई। कहा गया है कि चंदौसी के 36 बी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के चलते मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया है। मात्र पैदल चलने वाले राहगीर ही मार्ग का प्रयोग कर पा रहे है। शेष छोटे व बड़े वाहनों को फाटक 35 बी से गुजरना पड़ रहा है। अब फाटक 35 बी पर पूरा ट्रैफिक आ गया है। ट्रेन की क्रासिंग के समय फाटक पर लंबा जाम लगना शुरु हो गया है। जिससे लोगों का काफी समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण में करीब एक से डेढ़ वर्ष का समय लगेगा। ऐसे में प्रशासन राहत बतौर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर दे। इसके अलावा प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी व सभासद अमन कोहली ने कहा मुख्य मार्गों पर गहरे गड्ढे हो गए है जिसकी वजह से आये दिन कोई न कोई हादसा होता रहा है, उन गड्ढों को भरा जाये। कहा कि रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज के मुख्य गेट पर पानी निकासी न होने कारण जलभराव हो गया है इससे भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

इस मौके पर तुषार क्रिस्टल, राजा कुरैशी, विक्की रस्तोगी, धारा सिंह, मुजीव, मयंक वार्ष्णेय चिंकल आदि मौजूद रहे।



तहसील में एसडीएम को समस्या बताते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- तहसील पहुंचकर युवा व्यापारियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

# लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को हो निस्तारण

**चन्दौसी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद न्यायालय में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी ।

सोमवार को जिला न्यायालय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की । जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने की बात कही गई।

इस दौरान सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम आदित्य सिंह, मनोज यादव सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम, तुषारिका सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के अलावा अक्षिता मिश्रा, कृष्ण मोहन पांडे, व्योमा गौड़, हिमांशु वर्मा, विजय प्रकाश आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सोत नदी का पुल हुआ जर्जर विभाग ने जारी की चेतावनी

- एसडीएम को पत्र भेजकर वाहनों के आने जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग
- वाहनों के आने-जाने से बारिश में हो सकता है बड़ा हादसा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** बिसौली क्षेत्र में सोत नदी पर बने पुल को पीडब्ल्यूडी विभाग जर्जर घोषित कर चुका है। साथ ही वाहनों के आवागमन को भी प्रतिबंधित कर दिया है। रोक के बाद भी हल्के और भारी वाहन फर्राटा भर रहे हैं। भारी बरसात के चलते पुल की स्थिति और खराब है। इसके चलते पीडब्ल्यूडी विभाग ने वाहनों के गुजरने को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही एसडीएम को पत्र भेजकर वाहनों के आने-जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

बिसौली तहसील क्षेत्र के इस्लामनगर, सहसवान, बिल्सी मार्ग पर गांव निजरां और रानेट के बीच सोत नदी पर लगभग 50 वर्ष पूर्व पुल बना हुआ है। पिछले साल पीडब्लूडी विभाग ने निरीक्षण कर उसे जर्जर घोषित कर दिया था। इस पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को बंद करते हुए बैरियर लगा दिया था। पुलिस और तहसील प्रशासन की सख्ती से कुछ माह तक पुल पर वाहनों का आवागमन बंद रहा लेकिन अब फिर से पुल के ऊपर भारी और हल्के वाहन दौड़ने लगे हैं। इस समय भारी बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने पर पुल की स्थिति और खराब होती जा रही है। पुल पर वाहनों के गुजरने से कभी बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। इस स्थिति को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से तहसील और कोतवाली पुलिस को पत्र भेजा गया है, जिसमें विभाग ने पुल पर वाहनों का आवागमन बंद करने का अनुरोध किया है।



तहसील रोड़ पर गैस कंपनी द्वारा खोदकर छोड़ा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

# गैस कंपनी के कर्मचारियों ने गड्ढे खोद कर छोड़े, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** तहसील रोड पर गैस कंपनी के कर्मचारियों ने सड़क किनारे दो गड्ढे खोदकर छोड़ दिए हैं। जिससे हादसा होने का खतरा बना हुआ है। जबकि बरसात होने पर जलभराव में सड़क किनारे गड्ढे नजर नहीं आते। आसपास के लोगों ने गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

शहर में एक गैस कंपनी द्वारा जगह-जगह गड्ढे खोदकर गैस लाइन बिछाई जा रही है। जिसके चलते चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर तहसील के पास सड़क किनारे गैस की पाइप लाइन डालने के लिए कुछ दिन पहले दो गड्ढे खोदे थे। जिन्हें कार्य के बाद बंद नहीं किया गया। जबकि कुछ दिनों से रोजाना बरसात हो रही है और तहसील के सामने सड़क पर जलभराव हो जाता है। आसपास के लोगों ने शीघ्र ही गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

परेशानी | लक्ष्मणगंज वारिसनगर में बरसात में पानी भरने से हो रही परेशानी

# गड्ढा युक्त सड़कों से राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** लक्ष्मनगंज वारिसनगर की सड़क लंबे अरसे से जर्जर है। बरसात में जलभराव के कारण यहां से निकलना दूभर हो गया है, लेकिन पालिका प्रशासन इस समस्या से अंजान बना हुआ है। सोमवार को नगर पालिका परिषद चन्दौसी को 161 वर्ष पूर्ण हो गए है, लेकिन नगर के कुछ हिस्से आज भी मूलभूत समस्या से वंचित हैं।

नगर के मुख्य मार्ग में एक लक्ष्मनगंज वारिस की सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मार्ग में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। हाल के दिनों में बरसात के बाद तो मार्ग से निकलना दूभर हो गया है। वाहन स्वामी गिर कर चुटैल हो रहे है। वहीं पैदल निकलना भी कठिन है। बता दें कि उक्त मार्ग सीकरी गेट से होते हुए बदायूं राज्यमार्ग पर खुलता है। जिस कारण वाहन दिन-रात उक्त मार्ग से गुजरते रहते हैं। इसके बावजूद भी पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। कई बार इस मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की जा चुकी है,लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। यहां के निवासियों का कहना है कि सड़क टूट चुकी है। बरसात के दिनों में तो परेशानी ओर बढ़ जाती है। स्कूली बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।



लक्ष्मनगंज वारिसनगर में क्षतिग्रस्त सड़क पर हुए जलभराव से गुजरता बाइक सवार।

- उक्त मार्ग बदायूं रोड़ से जुड़ा होने के कारण रहता है काफी व्यस्त
- स्कूली बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है

"बोर्ड की अगली बैठक में कई सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव रखें जाने की योजना है। जिसमें लक्ष्मणगंज वारिस नगर की सड़क को शामिल किया जाएगा।
-नीतू रानी, एसडीएम/ईओ नगर पालिका



"सड़क से गुजरना का कठिन हो चुका है। प्रशासन हमारी इस समस्या को दूर नहीं कर रहा है। आए दिन दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं।
-मुजीव, वारिसनगर, लक्ष्मनगंज



"सड़क कई वर्ष से खराब है। बरसात के दिनों में तो गड्ढों में पानी भर जाता है। कई बार सड़क को लेकर शिकायत की गई है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
-शमशाद हुसैन, बारिसनगर, लक्ष्मनगंज

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर बिहार का व्यक्ति घायल

**नगीना, अमृत विचार :** नॉन स्टॉप ट्रेन से गिरकर 30 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गेटमैन की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति बिहार का रहने वाला है। जीआरपी के मुताबिक, पंकज पुत्र दुलार चंद बिहार का निवासी है। सोमवार शाम चार बजे वह नगीना नहटौर मार्ग स्थित हसन अलीपुर के रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रैक के पास घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोट है। रेलवे के गेटमैन फोन करके एंबुलेंस बुलाई। लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। माना जा रहा है कि पंकज किसी नॉन स्टॉप ट्रेन में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा होगा।

### लिंटर गिरने से मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत

**स्योहारा, अमृत विचार :** कई दिनों से हो रही बारिश के बीच सोमवार दोपहर गांव मंडोरी में मकान का लिंटर गिर गया। मलबे में डूबने से मकान स्वामी बुजुर्ग की मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया। गांव मंडोरी निवासी राम राज सैनी (65) सोमवार दोपहर अपने घर के बरामदे में बैठकर गांव के ही राजवीर (24) से बात कर रहे थे। तभी मकान का लिंटर भर भराकर उनके ऊपर आ गिरा। इसकी वजह से बुजुर्ग रामराज की मौके पर ही मौत हो गई और राजवीर घायल हो गया। देर शाम तक कोई अधिकारी घटनास्थल पर नहीं हुआ था।



### सपा जिला उपाध्यक्ष के चाचा का बीमारी से निधन

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संदीप गुर्जर के चाचा का निधन हो गया। इससे परिवार में गम का माहौल है। आदमपुर क्षेत्र के ओगारपुर निवासी सुखवीर उर्फ मुन्ना का निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पहले से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। देर शाम तक उनके घर लोगों का आना जाना लगा रहा है। परिवार में शोक है।

# पिता ने मृत बच्चे को ससुराल में फेंका

## हरगनपुर में नाना की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरगनपुर में बीमारी से दो साल के बच्चे की मौत के बाद पिता उसका शव ससुराल में फेंककर जाने लगा तो ससुराल वालों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। नाना की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।



गांव हरगनपुर में अरविंद कुमार का परिवार रहता है। सात वर्ष पहले उसकी शादी गांव अखेड़ा निवासी प्रतीक्षा रानी से हुई थी। दंपति के दो बेटे और एक बेटी है। बताया जाता है कि प्रतीक्षा रविवार को पति और तीनों बच्चों के साथ मायके में आरष्टि के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी। दंपति कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। तभी खंडसाल बिजलीघर के सामने किसी बात को लेकर दंपति के बीच विवाद हो गया।



बालिका की मौत के रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

इसके बाद दोनों गांव लौट आए। सोमवार सुबह नौ बजे दंपति मृत बच्चे को गांव अखेड़ा में ले गए। ससुराल में बच्चे को फेंककर जाने के आरोप में ग्रामीणों ने अरविंद को पकड़ लिया। बच्चे को मारकर लाने का आरोप लगाते उसे पुलिस को सौंप दिया। इस बीच परिजनों ने बताया कि बच्चे की तबीयत खराब हो गई थी। उसे चिकित्सक के यहां ले गए थे। बीमारी से बच्चे की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व धामपुर के सीओ सर्वम सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। बच्चे के नाना अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अरविंद को हिरासत में लेकर बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तालाब में डूबने से बालिका की मौत

**स्योहारा, अमृत विचार :** तालाब किनारे खेलते समय पानी में डूबने से 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। गांव मधुपुरा निवासी रफीक अहमद की पुत्री रहनुमा सोमवार को तालाब किनारे खेल रही थी। बताया है कि तालाब के किनारे ढांग से उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गई। कड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। देर शाम तक बालिका के घर परिजनों को लोग ढांढस बंधाते रहे।

## व्यापारियों ने बांटों और कांटों पर लगवाई मुहर

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बढ़ापुर इकाई के तीन दिवसीय शिविर में सैकड़ों व्यापारियों के कांटों व बांटों पर मुहर लगाई गई। क्षेत्र की तीन कंपनियों सहित बांट माप विभाग के निरीक्षक भी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बढ़ापुर के नगर अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री गुलजार मलिक द्वारा रामलीला ग्राउंड में बांट माप विभाग की ओर से शिविर लगवाया।

व्यापारियों के कांटे बाटं एवं मापक यंत्रों पर मुहर लगाने के साथ लाइसेंस का एक वर्ष के लिए नवीनीकरण किया गया। सोमवार को कैम्प में व्यापारियों के प्रमाणपत्रों का वितरण करने के बाद समापन किया गया। इस दौरान नगीना स्केल कंपीनी, एसके स्केल कम्पनी व ओमप्रकाश एन्ड कम्पनी की और से तनवीर अहमद, जसप्रीत सिंह, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश, राजेश, महेंद्र, इरफान अंसारी, जमशेद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पौध लगाते थाना प्रभारी प्रवेश पाठक व अन्य। ● अमृत विचार

### पुलिसकर्मियों ने लगाए पौधे

**नगीना, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छायादार व फलदार 150 पौधों का रोपण किया। थाना प्रभारी प्रवेश पाठक ने सोमवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण की सुरक्षा के लिए थाना परिसर, मंझेड़ा पुलिस चौकी व अन्य स्थानों पर पौधे लगाए। इस मौके पर एसआई राजकुमार, एसआई सुभाष तोमर, मंझेड़ा चौकी प्रभारी सरवेज खान, कांस्टेबल नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### अमानगढ़ रेंज के शिविर कार्यालय में हुआ पौधरोपण

**बिजनौर, अमृत विचार :** वन विभाग के अधिकारियों ने अमानगढ़ रेंज में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। रेड कैंप कार्यालय में उपप्रभागीय वन अधिकारी बिजनौर ज्ञान सिंह, अंशुमान मित्तल उपप्रभागीय वन अधिकारी नजीबाबाद, खूशबू उपाध्याय रेंजर अमानगढ़ तथा अन्य वन कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### इस्लाम को जिंदा रखने के लिए इमाम हुसैन ने दी कुर्बानी

**हल्दौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम छजुपुरा सादात में पहली मोहर्मि पर नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिस हुई। पहली मजलिस अली रजा के मकान, दूसरी मजलिस दरगाहे फात्मा जैहरा, तीसरी इमामबारगाह में हुई। मजलिसों को क्रमश: मौलाना अहमद रजा व मौलाना मेहदी अब्बास ने खिताब किया। इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस में मौलाना मेहदी अब्बास ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन इस्लाम और इंसानियत को कयामत तक जिंदा रखने के लिए कर्बला के मैदान में अपनी और अपने घर वालों की कुर्बानी दे दी। मजलिसों में सोजख्वानी मोहम्मद रजा, नायाब हैदर, मोहम्मद अब्बास, आलम जैदी, रोशन अब्बास, गाजी अब्बास और नोहाख्वानी, रोशन अब्बास, अम्मार जैदी ने की। कार्यक्रम का संचालन शाही वास्ती ने किया।

### सट्टा माफिया के घर पुलिस ने मारा छापा, आरोपी फरार

**नहटौर, अमृत विचार :** ऑनलाइन सट्टा खे ला रहे सट्टे माफिया के घर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई की जानकारी होते ही माफिया घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने जब से जनपद का चार्ज संभाला है, तभी से काउंटर लगाकर सट्टा खिला रहे सट्टा माफिया भूमिगत हो गए हैं। सट्टा माफिया ने अनेक सूत्र लगाकर सट्टे को पुन: प्रारंभ करने का प्रयास किया। लेकिन एसपी के सख्त रवैया के चलते सट्टे माफिया के काउंटर शुरू नहीं हो सके। माफियाओं ने सट्टा चलाने का नया ऑनलाइन तरीका निकाला। ऑनलाइन सट्टे के जाल में नगर में क्षेत्र के सैकड़ो युवा फंसे हुए हैं। कुछ ही साल में सट्टा खिलाकर माफिया ने लाखों रुपये जमा कर लिए। एक छोटी झोपड़ी में रहने वाले सट्टा माफिया ने अपना महल तैयार कर लिया। नगर क्षेत्र में अनेक प्रॉपर्टियां खरीद लीं। लोगों ने पुलिस से सट्टा माफिया के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। सूत्र बताते हैं कि सट्टा माफिया के घर छापेमारी की गई। जानकारी होते ही सट्टा माफिया घर छोड़ फरार हो गया। लोगों ने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करती है तो आने वाले समय में समाज में सुधार होगा और सट्टा माफिया खत्म हो जाएंगे।

## खंदक में वैन पलटी, एक ही परिवार के सात लोग घायल

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** मारुति वैन पलटने से नजीबाबाद के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने ने जा रहे एक ही परिवार की दो बालिकाओं सहित सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।



खंदक में पलटी पड़ी वैन।

नगर की बाल्मीकि बस्ती निवासी राजकुमार चावला सोमवार दोपहर अपने परिवार के लोगों के साथ मारुति वैन में सवार होकर माता बसंती के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। जब उनकी वैन नगीना-नजीबाबाद मार्ग स्थित गांव लावलहेडी रेलवे फाटक से कुछ आगे पहुंची तो चालक वैन पर नियंत्रण खो बैठा। इससे मारुति वैन सड़क किनारे खंदक में पलट गई। इससे वैन में सवार राजकुमार चावला (60), हंसराज चावल (32) दीपा चावला (30), मिल्की (7), शिल्पी (3) समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने उन्हें वैन से बाहर निकाला। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

## बकाया गन्ना भुगतान दिलाने की मांग

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई। इसमें बिलाई शुगर मिल का बकाया गन्ने का भुगतान शीघ्र कराए जाने की मांग की। गन्ने का भुगतान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

ब्लॉक परिसर में सोमवार को हुई भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिलाई शुगर मिल द्वारा बकाया गन्ने का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में बनाई गई पानी की टंकी की पाइपलाइन के लिए खोदी गईं सड़कें ठीक नही कराई गई हैं। इन सड़कों की मरम्मत कराई जाए। क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। बिजली के जर्जर तारों को शीघ्र ही बदलवाया जाए। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह को ज्ञापन दिया।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह, संजीव कुमार, सुभाष कुमार, जोनी कुमार, शोवीर सिंह, दीपक कुमार, मयंक देशवाल, दिग्विजय सिंह, विमल कुमार, सतेंद्र कुमार, शाहबाज खान, शिवांशु चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह रहे।

### बैठक में किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

**हल्दौर, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में सोमवार को किसानों की सोमवार को बैठक हुई। इसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद जिला गन्ना अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सचिव गन्ना समिति को दिया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि बजाज शुगर मिल बिलाई से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दिलाया जाए। शीघ्र ही गन्ना भुगतान नहीं दिया गया तो किसान लखनऊ में गन्ना संस्थान कार्यालय में महापंचायत करके गन्ना आयुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।



# झील में डूबने से छात्रा की मौत

## विराम गांव के मझरा की रहने वाली थी शशि

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** झील पार कर रही 10 वर्षीया छात्रा की पानी में डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद छात्रा के शव को झील से बाहर निकाला। 10 वर्षीया शशि गांव के ही प्राथमिक स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा थी। स्कूल खुलने के कारण वह मामा के घर से अपने गांव आ रही थी। रास्ते में झील के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा है।



जिला अस्पताल में मौदूज मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

तहसील क्षेत्र के गांव विराम का मझरा निवासी शिशुपाल की 10 वर्षीया बेटी शशि कुछ दिन पूर्व थाना गंज के गांव अजयपुर निवासी अपने मामा के घर गई थी। कई दिन से पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते तालाब और झील लबालब हो गए हैं। सोमवार को शशि परिजनों के साथ मामा के घर से वापस आ रही थी। गांव पहुंचने के लिए रास्ते में पड़ने वाली झील को पार करना पड़ता है। बालिका परिजनों के साथ झील को पार कर रही थी। इस दौरान वह पानी में डूब गई। इस पर साथ मौजूद परिजनों ने शोर मचा दिया।

बालिका पानी के बहाव में हाथ-पांव मारने लगी और डूबती चली गई। मौके पर अन्य परिजन व ग्रामीण भी पहुंच गए। उन्होंने शशि को तलाशना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय, तहसीलदार अशोक संत व कोतवाल संदीप त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से घटना के बारे में जानकारी की।

करीब घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शशि के शव को झील से निकाल लिया।परिजन उसे सीएचसी ले आए। पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। शशि तीन भाइयों की इकलौती बहन थी।

## एटीएम तोड़कर नकदी निकालने का किया प्रयास

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार तड़के पांच बजे एक व्यक्ति ने एटीएम तोड़कर पैसे निकालने का प्रयास किया। सूचना पर बैंक प्रबंधक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंजाब नेशनल बैंक की बिलासपुर की शाखा खाता नगरिया के प्रबंधक श्याम सुंदर ने बताया है कि रविवार तड़के पांच बजे बैंक के सिक्योरिटी गार्ड सौरभ ने बताया कि एटीएम के साथ छेड़खाड़ की जा रही है। इस पर वह मौके पर पहुंच गए। वहां किसी ने एटीएम तोड़कर पैसे निकालने का प्रयास किया था। इसमें एटीएम क्षतिग्रस्त हो गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कोतवाली से 150 मीटर की दूरी पर है एटीएम :** केमरी तिराहे पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम सीओ ऑफिस से मात्र 400 मीटर और कोतवाली से मात्र 150 मीटर की दूरी पर है। इस चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी भी रहती है। इसके बावजूद चोरों ने एटीएम को तोड़कर उसमें से रुपये चुराने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस कार्रवाई करने की बजाए पर्दा डालने की फिराक में लगी रही।



बिलासपुर में तोड़ा गया एटीएम।



स्कूटी में लगी आग। ● अमृत विचार

## स्कूटी की एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अमरोहा, अमृत विचार :** कैलसा बाईपास स्थित स्कूटी एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में केलसा बाईपास स्थित ओकिनावा नाम से बैटरी स्कूटी की एजेंसी है। सोमवार को एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने आग पर काबू पाया। एजेंसी में स्कूटियां जल गईं। एजेंसी मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी दमकल की गाड़ी समय से नहीं पहुंची। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में तैनात कर्मचारी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लेखा विभाग में तैनात कर्मचारी के कमरे में दो लोग घुस गए। इनमें से एक व्यक्ति ने कर्मचारी को पीट दिया। कार्यालय में मारपीट का मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।



थाने में मौजूद पीड़ित नेगपाल।

बीएसए कार्यालय में लेखा विभाग के कार्यालय में सोमवार को करीब साढ़े तीन बजे लेखा विभाग में तैनात कर्मचारी नेगपाल काम कर रहे थे। तभी दो लोग आए और उनसे बात-चीत करने लगे। एक व्यक्ति ने अचानक उनके साथ मारपीट कर दी। इसके बाद दोनों अरोपी वहां रखी फाइल लेकर भाग गए। पीड़ित ने वित्त एवं लेखाधिकारी अशोक कुमार को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइन पुलिस को दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पिटाई का वीडियो

लेखा विभाग में तैनात कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया। इसमें एक व्यक्ति कर्मचारी को पीट रहा है। यह वीडियो शिक्षकों में काफी देखा गया।

> लेखा विभाग में तैनात कर्मचारी नेगपाल के कमरे में दो लोग आए। एक व्यक्ति ने उसे पीट दिया। आरोपी दो फाइल भी ले गए। इस मामले में सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है।
>
> –अशोक कुमार
> वित्त एवं लेखाधिकारी

## बिजली के तारों से टकराया डीजे, चार बच्चे झुलसे, भर्ती

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव कसाईपुरा में सोमवार को गंगाराम सैनी की पुत्री की बरात पास के ही गांव भावली से आई थी। बताया कि बरात में डीजे बज रहा था। तभी डीजे हाईटेंशन लाइन के तार से टकरा गया।



अस्पताल में भर्ती बच्चा। ● अमृत विचार

इससे मुदित पुत्र मुन्नीलाल, लविश पुत्र सोनू, प्रिंस पुत्र सुरेंद्र, भूपेंद्र पुत्र मनवीर गंभीर रूप से झुलस गए।

इन बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर हसनपुर के लिए रेफर कर दिया। चारों का उपचार चल रहा है।

इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत ने बताया कि गांव में पुलिस भेजी गई है। घटना की जांच की जा रही है।

## मनरेगा के एपीओ का किया गया स्थानांतरण

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने विभागीय कार्यों में सुधार लाने के लिए हसनपुर में तैनात मनरेगा के एपीओ सौरभ कुमार का स्थानांतरण कर दिया है। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ने मनरेगा के कार्यों में सुधार और तेजी लाने के लिए स्थानांतरण किया। उन्होंने हसनपुर के एपीओ सौरव कुमार को गंगेश्वरी ब्लॉक भेजा है। जोया ब्लॉक में तैनात एपीओ बृजेश को हसनपुर का अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। मनरेगा का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है और ग्राम पंचायत के मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## चोरी की सात घटनाओं में शामिल चार आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने सोमवार को चोरी की सात घटनाओं का खुलासा कर दिया। पकड़े गए चारों आरोपियों से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

कुछ दिन पूर्व अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव हरैटा में चोरों ने एक ही रात में दो घरों से नकदी और जेवर सहित चुरा लिया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने आसिफ निवासी ग्राम दौंकपुरी टांडा, हिस्ट्रीशीटर शाहिद नूर निवासी ग्राम सैमरा लाडपुर थाना स्वार, अशरफ निवासी गांव सैमरा लाडपुर थाना स्वार व इंतेजार निवासी ग्राम गमनपुरा थाना स्वार को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने स्वार में चार, अजीमनगर में दो और टांडा में हुई चोरी का एक घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मूंढापांडे के गांव नरखेड़ा निवासी नईम फरार है। आरोपियों से तमंचा, कारतूस और बाइक भी मिली है।

### रेकी के बाद देते थे घटना को अंजाम

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना स्थल की एक दिन पूर्व रेकी करते थे। घटना करते समय मोबाइल फोन घर ही छोड़ जाते थे। घटनास्थल से करीब करीब दो किमी पहले मोटर साइकिल खड़ी कर देते थे। असरफ व शाहिद कूमल लगाते थे और तीन लोग कुछ दूर खड़े हो जाते थे। आहाट होने पर साथियों को सतर्क कर देते थे। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की।

## डूंगरपुर के मामले में 12 जुलाई को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। इस मामले में अब 12 जुलाई को बचाव पक्ष की बहस होगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगे थे। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो चुकी है। बचाव पक्ष की बहस शुरू हो गई है।

## एक नजर

### युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार

बाजपुर, अमृत विचार : नगरीय क्षेत्र में झपट्टामार चोर गिरोह पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसके चलते बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर युवक के हाथ से फोन छीन लिया और जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपित फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार फोन के कवर में 3000 रुपये भी थे। नगरपालिका के वार्ड नंबर-1 मोहल्ला माजरा प्रभु निवासी राजीव सागर रविवार की देर रात बाजार में दुकान पर काम करके अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह रामलीला ग्राउंड में पहुंचा पीछे से पहुंचे बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से फोन छीन लिया और फरार हो गए। युवक ने आरोपितों का पीछा भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ सके।

### शिकायतों के निस्तारण में मुरादाबाद जिला प्रथम

बरेली, अमृत विचार : आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में जून में बरेली जोन को प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने आईजीआरएस प्रकोष्ठ के तीन पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रदेश स्तर पर जून महीने की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई है। जून में बरेली जोन की छह शिकायतें पहुंची, जिनका गुणवत्तापरक और समय से निस्तारण किया गया। आईजीआरएस प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह और महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा जोन के मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम और बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक मिली है। जोन के पांच जिलों बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर और संभल को भी पहला स्थान मिला है। वहीं बरेली और रामपुर को 33वीं और शाहजहांपुर और अमरोहा जिले को 55वीं रैंक मिली है।

### सिटी बस में बिना टिकट यात्रा करते आठ पकड़े

बरेली, अमृत विचार : सिटी बस में बिना टिकट यात्रा कर रहे आठ लोगों को प्रवर्तन दल ने पकड़ लिया। सभी से 4050 रुपये जुर्माना वसूला गया है। टीम ने बिना टिकट सवारियों को यात्रा कराने वाले कर्मचारियों की रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है।

# ऊधमसिंह नगर में चार युवक बाढ़ में डूबे

## खटीमा में बाढ़ में फंसे परिवार को बचाने गए दो युवकों की भी जान गई

संवाददाता, खटीमा/शक्तिफार्म


प्रिंस कुमार और सन्नी फाइल फोटो।

• शक्तिफार्म में अलग-अलग नदियों में दो युवक बह गए

अमृत विचार : खटीमा में भारी बारिश और जलभराव में फंसे एक परिवार को बचाने पहुंचे दो युवकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद किया। उधर, शक्तिफार्म क्षेत्र में काटना नदी में मछली पकड़ने गया युवक तेज बहाव में बह गया। एक अन्य घटना में खेत में खड़ा युवक बैगुल नदी के तेज बहाव के साथ बह गया। पुलिस व ग्रामीण युवकों की तलाश में जुटे रहे लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा।

खटीमा में मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में हुए जलभराव के चलते रिटायर्ड एलआईयू अफसर राजेंद्र प्रसाद का मकान में बाढ़ में घिर गया था। सूचना मिलने पर ग्राम हल्दी घेरा निवासी प्रिंस कुमार (18) पुत्र राम कृपाल और सन्नी (20) पुत्र धर्मेंद्र कुमार बाढ़ में फंसे परिवार को रेस्क्यू करने वहां पहुंच गए। जैसे ही दोनों रेस्क्यू के लिए आगे बढ़े तभी पानी में सांप आ गया। सांप से बचने को दोनों इधर-उधर भागने लगे और तभी वे गहरे पानी में चले गए। दो युवकों के डूबने की सूचना पर तहसीलदार हिमांशु जोशी एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद कर लिया। युवकों की मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दैवीय आपदा का शिकार हुआ सन्नी तीन भाइयों में सबसे छोटा था और आईटीआई कर रहा था। जबकि प्रिंस भी तीन भाइयों से छोटा था और कंप्यूटर का कोर्स कर रहा था।

शक्तिफार्म के निर्मल नगर ग्राम सभा के ग्राम 20 क्वार्टर निवासी संजीत मंडल पुत्र हजारी मंडल का खेत बैगुल नदी के किनारे है। बैगुल नदी में आई बाढ़ के बाद संजीत अपने भाई सूरज व एक अन्य युवक के साथ सोमवार को खेत की फसल देखने गया था। बताया जा रहा है संजीत अपने खेत पर जहां खड़ा था, वो हिस्सा बैगुल नदी के तेज बहाव के साथ एकाएक नदी में समा गया। इसी के साथ संजीत भी नदी में गिरकर तेज बहाव में बह गया। वहां पर खड़े उसके भाई सूरज व दूसरे युवक ने भागकर जान बचाई। पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने संजीत को नदी में काफी तलाशा लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा।

वहीं निर्मल नगर निवासी जगदीश मंडल (40) पुत्र विनोद मंडल रविवार को धौरा डैम की सीमा पर काटना नदी में मछली पकड़ने गया था। देर शाम नदी में जाल फेंकते समय जगदीश नदी में गिरकर डूब गया। सूचना पर कोतवाल सितारगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम साथ रात तक उसकी तलाश में जुटे रही। लेकिन जगदीश का पता नहीं चला।

### रुद्रपुर में नदी-नाले उफान पर, घरों में घुसा पानी

रुद्रपुर, अमृत विचार : तराई में पिछले 48 घंटे से अधिक समय से हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। इससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बारिश से रुद्रपुर में नदी-नाले उफान पर आने से कई स्थानों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। वहीं कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ने से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। पानी लोगों के घरों में चला गया है। इससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं मुख्य बाजार में कई स्थानों पर जलभराव से नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है।

### दवा लेने जा रहे किसान की नहर में डूबने से मौत

बदायूं, अमृत विचार : पत्नी की दवा लेने जा रहा किसान नहर में डूब गया। ग्रामीणों ने काफी तलाश की लेकिन नहीं मिला तो पास के गांव से गोताखोर बुलाकर तलाश कराई गई। तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद उसका शव बरामद हुआ। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव टकसेना निवासी रमेश (50) पुत्र नत्थू खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। उनकी पत्नी राजकुमारी के पेट में अक्सर ही दर्द होता था तो रमेश पास के गांव दुर्गा नगर के चिकित्सक से दवा लाकर दे देते थे और आराम हो जाता था। रविवार दोपहर भी राजकुमारी के पेट में अचानक तेज दर्द उठा तो वह दवा लेने के लिए दोपहर दो बजे गांव के पास से गुजर रहे दहेलिया नहर पार करने लगे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गए। हर में रमेश की तलाश कराई गई लेकिन कुछ पता नहीं चला।

# कई जगह ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल, कई ट्रेनें प्रभावित

• करीब आठ घंटे तक कॉशन देकर गुजारा गया ट्रेनों को
• लखनऊ मेल, पद्मावत, नौचंदी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें हुईं लेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लगातार बारिश से पीतांबरपुर, बिलपुर, टिसुआ और रसुइया में ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल फेल हो गया। इसकी वजह से रविवार रात 1 बजे से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। लखनऊ मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, सुहेलदेव सुपरफास्ट समेत करीब 24 ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ा। करीब आठ घंटे तक ट्रेनों को कॉशन देकर गुजारा गया।

रात करीब 1 बजे के ट्रैक पर पानी भरा तो सिग्नल फेल हो गया और पद्मावत एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, अर्चना एक्सप्रेस, गंगा सतलज एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, सुहेलदेव सुपरफास्ट आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। डाउन लाइन की ट्रेनें बरेली जंक्शन से निकलने के बाद प्रभावित हुईं तो अप लाइन की ट्रेनें बरेली आते-आते लेट हो गईं। जिसमें आनंद विहार गरीबरथ एक्सप्रेस 2 घंटा 39 मिनट, सरयू यमुना एक्सप्रेस 3 घंटा 41 मिनट, गरीब नवाज एक्सप्रेस 2 घंटा 40 मिनट लेट हो गई। ट्रैक से पानी कम होने पर हालात सामान्य हो सके। करीब आठ घंटा तक बरेली से शाहजहांपुर के बीच ट्रेनें रेंगते हुए गुजरती रहीं। एस एंड टी विभाग के कर्मचारियों ने फॉल्ट ठीक किया।

### यह ट्रेनें भी पहुंचीं घंटों लेट

अलग-अलग सेक्शन में ब्लॉक और विभिन्न कारणों से सोमवार को अन्य ट्रेनों का संचालन भी सोमवार को प्रभावित रहा। जिसमें काफी तादाद में ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं। इनमें अवध असम एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट, राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटा 42 मिनट, प्रयागराज बरेली एक्सप्रेस 1 घंटा 39 मिनट और कुंभ एक्सप्रेस 2 घंटा 51 मिनट देरी से पहुंची।

# एलएलबी, एलएलएम व एमएड के प्रवेश पत्रों में किया संशोधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम, एलएलबी और एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्रों में संशोधन किया है। कई छात्रों के परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया गया है। ऐसे में छात्रों को फिर से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे नहीं तो उन्हें परीक्षा के दौरान परेशानी हो सकती है।

प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए करीब 31 सौ छात्रों ने पंजीकरण कराया है। 5 जुलाई को विश्वविद्यालय ने प्रवेश पत्र जारी किए थे लेकिन सोमवार को संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन 18 मई से 17 जून तक किए गए थे। इसके बाद 26 जून को 27 और 28 जून दो दिन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया था। इस दौरान करीब सात सौ से आठ सौ आवेदन बढ़ गए। इसी वजह से परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में कुछ दिक्कत हुई है। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक अपरिहार्य कारणों से पहले से जारी प्रवेश पत्रों के परीक्षा केंद्रों में संशोधन किया गया है।

ऐसे में अभ्यर्थी वेबसाइट से संशोधित प्रवेश पत्र जरूर डाउनलोड कर लें ताकि उन्हें परीक्षा के दिन कोई परेशानी न हो। एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को सुबह 9 से 10:30 बजे और एमएड की प्रवेश परीक्षा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज, केजीके कॉलेज और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद में अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं।

### मंदिर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

गदरपुर, अमृत विचार: देर रात्रि चोरों ने सनातन धर्म मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर लाखों रुपये चांदी के छत्र उड़ा लिए। मंदिर कमेटी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रविवार रात्रि मूसलाधार बारिश के बीच चोरों ने बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर का मेन गेट का ताला तोड़कर मूर्तियों के ऊपर लगे लाखों रुपये के चांदी के छत्र उड़ा लिए। प्रातः 5 बजे मंदिर के पुजारी पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना मंदिर कमेटी को दी। सूचना पर मंदिर कमेटी के लोग पहुंचे और घटना की जानकारी थानाध्यक्ष जसवीर चौहान को दी।

सूचना पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान पुलिस टीम के साथ पहुंचे और मौका मुआयना किया। कमेटी पदाधिकारी थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# फंदे पर लटका मिला छात्र का शव, हत्या का आरोप

• मां का आरोप बेटे के बहनोई और चाचा ने की हत्या
• पुलिस को मौके पर नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : किला क्षेत्र में 12वीं के छात्र का शव कमरे में फंदे पर चादर के सहारे लटका मिला। छात्र की मां ने दामाद पर चाचा के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वहीं पोस्टमार्टम में मौत का कारण हैंगिंग आया है।

चौधरी तालाब निवासी 18 वर्षीय यश 12वीं का छात्र था। उसकी मां सरोज देवी और पिता गुड्डू दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। यश यहां पर अपने चाचा प्रमोद और दादा के साथ रहता था। चाचा प्रमोद ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह यश अपने कमरे में सोने चला गया। शाम तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला। उन्होंने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव चादर के फंदे से कुंडे पर लटका हुआ था।

यश की मां सरोज देवी ने बताया कि वह बेटे से रोज फोन पर बात करती थीं लेकिन दो दिन से यश ने बात नहीं की, जिससे वह परेशान थीं। रविवार की शाम उन्हें यश के दोस्त शिवम और चाचा प्रमोद ने फोन पर सुसाइड की सूचना दी। सरोज ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी निक्की ने मिलक रामपुर निवासी अनुज से प्रेम-विवाह किया था। पूरा परिवार अनुज से नाराज था। जिस कारण अनुज ने चाचा प्रमोद के साथ मिलकर उनके बेटे यश की हत्या कर दी। थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला अपराध में सौ अपराधी गिरफ्तार, मुरादाबाद में 21

बरेली, अमृत विचार : अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के आदेश पर जोन में महिला अपराध में फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 15 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। एक सप्ताह में सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जोन के सभी जिलों में 1 से 15 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है। 7 जुलाई तक सौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान को और तेजी से चलाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान बरेली पुलिस ने नौ, बदायूं ने आठ, पीलीभीत ने नौ, शाहजहांपुर ने छह, मुरादाबाद ने 21, बिजनौर ने छह, रामपुर ने 23, अमरोहा ने 10 और संभल ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रामपुर**

पत्रांक- 2023/नी०सू० दिनांक 08.07.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के निकट स्थित खण्डीय भवन/स्टोर में खड़े 06 यू०के० वृक्षों की नीलामी दिनांक 17.07.2024 को सायं 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व रू0 17,000.00 (सत्राह हजार रूपये मात्र) धरोहर धनराशि (नगद) के रूप में जमा करानी होगी। नीलामी से संबंधित समस्त नियम एवं शर्तों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रामपुर


### दूसरे धार्मिक प्रतीकों के बैनर लगा व्यापार करना गलत : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने दूसरे धर्म के प्रतीकों के बैनर और तस्वीरें लगाकर खानपान का कारोबार करने को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि यह पूरी तरह से शरीयत के खिलाफ है। मुसलमानों को इससे बचने की जरूरत है।

मौलाना ने कहा कि खास तौर से कांवड़ यात्रा के दौरान देखा गया है कि लोग दूसरे धर्म के प्रतीकों की तस्वीर लगाकर कारोबार करते हैं। इनमें ज्यादातर वो तबका है, जो बेहद गरीब है और रोजी रोटी कमाने के बहाने जहां जैसा माहौल होता है, उसी में रच बस जाता है। कई ऐसी शिकायतें आई हैं, जिसमें पता चला है कि मुसलमान लोग भी इसमें शामिल हैं। लिहाजा, मुसलमान अपनी पहचान के साथ जहां रहते हैं, वहीं कारोबार करें।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

• 30 हजार का जुर्माना, वादी को दी जाएगी आधी धनराशि
• एक आरोपी की हो चुकी है मौत एक अन्य बरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अमृत विचार : त्वरित न्यायालय की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने हत्या के 14 साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि वादी को देने का आदेश दिया है। मुकदमा के विचारण के दौरान एक आरोपी की मौत हो चुकी है जबकि एक अन्य आरोपी को बरी किया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा जयवीर सिंह ने 5 जून 2010 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि रात लगभग साढ़े 11 बजे उनके पिता अंगद सिंह घर के आंगन में सो रहे थे। गांव परसेना निवासी मुकेश सिंह, वीर सिंह पुत्र नन्हें, सत्यवीर सिंह पुत्र कस्तूरी और राम रहीस पुत्र गुलफाम सिंह तमंचे लेकर उनके घर में घुस आए। गोली अंगद सिंह की कोख में लगी और मौके पर ही मौत हो गई। मुकदमा के दौरान एक आरोपी मुकेश की मौत हो गई। सोमवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद आरोपी वीर सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जबकि श्याम सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

### चेक बाउंस के मामले में आरोपी को छह माह की सजा

काशीपुर, अमृत विचार : चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को छह माह के कारावास और ढाई लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जसपुर के मोहल्ला गुजरातियान निवासी सुरेंद्र कुमार ने अपने अधिवक्ता कमल कश्यप के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उसकी इनवर्टर, बैट्री व सीलिंग फैन आदि बेचने की फर्म है। जबकि आरोपी रोशनपुर, मुरादाबाद निवासी रिजवान बिजली का सामान रिटेल में बेचने का व्यवसाय करता है। रिजवान ने उससे समय-समय पर अपनी दुकान के लिए 2,78,250 रुपये के इनवर्टर, बैट्री व सीलिंग फैन बतौर उधार लिए थे। देनदारी की एवज में उसने 1,50,000 रुपये का चेक 24 मई 2018 एक्सिस बैंक की काशीपुर शाखा का दिया।

### वाहन खाई में घुसा राजमार्ग पर लगा जाम

वजीरगंज (बदायूं), अमृत विचार : मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर आम की पेटियां लादकर मंडी जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा घुसा। उसमें बैठे लोगों ने आम की पेटियां उतारकर राजमार्ग पर लगा दी जिससे राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर वाहन खाई से बाहर निकलवाया। हादसे में वाहन चालक, हेल्पर और उसमें सवार लोग चोटिल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

हमारा पुत्र मौ० कलीम व पुत्रवधु शिजा परवीन पत्नी मौ० कलीम गलत संगत में पड़ गये हैं। दोनो लोग हमारे व हमारे परिवार के साथ झगड़ा-फसाद व मारपीट करते रहते हैं। हम अपने पुत्र मौ० कलीम पुत्र शमीम अहमद उसकी पत्नी को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। दोनो के द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। शमीम अहमद (पिता) एवं शायरा खातून (माता) निवासी ग्राम- सलेमपुर, थाना व तह. कांठ जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी पत्नी आसमा गलत संगत में पड़ गयी है एवं आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौंच करती रहती है जिस कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। मौ. रफी पुत्र श्री याकूब निवासी मजरा हस्सन आरसल पारसल थाना स्वार जिला रामपुर।

**खोया-पाया**

प्रार्थी निवासी ग्राम सेढ़ू का मझरा कोतवाली टांडा जिला रामपुर का स्थायी निवासी है। प्रार्थी 28.06.2024 को अपने मूल बैनामे की फोटो कॉपी करने टांडा बाजार आया हुआ था। रास्ते में उनके पुराने बैनामे जो कि उन्होंने श्रीमती संजीदा बेगम से खरीदे हुए थे कहीं खो गए है, बैनामे का विवरण निम्नानुसार हैः बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1170 पृष्ठ संख्या 1 से 38 एवं क्रमांक संख्या 3333 दिनांकित 10.08.2016 है। प्रार्थी ने अपने उक्त बैनामे को काफी तलाश किया लेकिन उक्त बैनामे कहीं नहीं मिल सका। उक्त बैनामे यदि किसी को मिलें तो निम्न मोबाइल नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

प्रार्थी मौ० फारुक
मो. जुबेर पुत्र मुन्ना सैफी व मो. फारूख पुत्र मुन्ना सैफी
निवासी ग्राम सेढ़ू का मझरा कोतवाली टांडा
जिला रामपुर। मो.- 9412645345/8755564784


# जन सुनवाई में लापरवाही बरतने पर दो थाना प्रभारी लाइन हाजिर

• वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रवीण कुमार को आंवला और रामरतन भोजीपुरा थाना प्रभारी बनाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

> फरियादियों की सुनवाई न करने, जमीन विवाद में लगातार लापरवाही और अधीनस्थों पर प्रभावी नियंत्रण न रख पाने पर आंवला और हाफिजगंज थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> -अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

अमृत विचार : जनसुनवाई, जमीन विवाद में लापरवाही बरतने और अधीनस्थों पर प्रभावी नियंत्रण न करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने आंवला और हाफिजगंज थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। उन्होंने भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह को हाफिजगंज का थाना प्रभारी बनाया है। इसके अलावा निरीक्षक प्रवीण कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक आंवला और साइबर सेल से दरोगा रामरतन को थाना प्रभारी भोजीपुरा बनाया है।

आंवला थाना क्षेत्र की लगातार शिकायतें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच रही थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जांच कराई तो पाया कि थाना प्रभारी वीरेश कुमार जनसमस्याओं के निस्तारण में लगातार ढिलाई बरत रहे हैं और जमीन संबंधी विवाद में चौकी प्रभारी समेत अधीनस्थों पर प्रभावी पर्यवेक्षण और नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं। इसके अलावा हाफिजगंज थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह भी जन सुनवाई डेस्क का सही से संचालन और अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं कर पा रहे थे। उनके क्षेत्र की अधिक शिकायतें पहुंच रही थीं। इसकी वजह से दोनों थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

### कार्यभार संभालते ही दिए थे सख्त आदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कार्यभार संभालते ही जिले के सभी 29 थानों में 72 घंटे में जनसुनवाई अधिकारी तैनात करने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा था कि थाने से कोई भी फरियादी वापस लौटता है या फिर जिस थाना क्षेत्र से पुलिस अधिकारियों के पास ज्यादा शिकायतें आएंगी उस थाना प्रभारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई अधिकारी के पद पर इंस्पेक्टर या दरोगा के साथ एक महिला और एक पुरुष सिपाही तैनात करने के आदेश दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थानों पर अपराधियों की टॉप टेन सूची तैयार करने का आदेश दिया था। वह थानों पर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जिस भी थाना प्रभारी की तरफ से उनके आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

### गोशाला में गुलदार ने 12 बकरियों को मार डाला

टनकपुर, अमृत विचार : बाराकोट ब्लॉक के रैघांव में रविवार की रात गुलदार ने एक गोशाला में घुसकर 12 बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। काली कुमाऊं क्षेत्र के रेंजर आरके जोशी ने बताया कि बकरियों को गुलदार ने मारा है। पीड़ित को मुआवजा दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार ग्राम रैघांव निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र मानसिंह की गोशाला में रविवार रात गुलदार घुस गया और बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। रात में बकरियों के जोर से मिमियाने की आवाज सुनकर त्रिलोक सिंह गोशाला में गए तो वहां गुलदार बैठा हुआ था। परिजनों ने शोर मचाया तो गुलदार रोशनदान से भाग निकला। गुलदार ने 10 बकरियों को गले पर वार कर मारा था जबकि दो बकरियों का कुछ मांस खा रखा था। ग्रामीण हयात सिंह व धन सिंह ने बताया कि गुलदार ने उसी रात पदम सिंह की छह बकरियों को भी मार डाला। क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है।


**सर्वसाधारण को सूचना**

पत्र सं0:- 1167/सं0प्र0-मुरादाबाद/ दिनांकः- 05/07/2024

परिषद की बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 4बी/116 प्रदेशन पत्रांक 834 दिनांक 02.04.1998 द्वारा श्रीमती भगवन्ती पत्नी स्व० श्री शिवलाल सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने दिनांक 28.06.2001 को अपने पक्ष में किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 29.06.2001 को प्राप्त कर लिया था। कर्नल महेश सिंह पुत्र स्व० श्री शिवलाल सिंह ने अपने ऑनलाइन आवेदन सं० MU2024061112483250 दिनांक 11.06.2024 द्वारा अपनी माता श्रीमती भगवन्ती की दिनांक 19.01.2008 को मृत्यु होना सूचित करते हुए आवासीय भूखण्ड संख्या 4 बी/116, बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद को पंजीकृत वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से- सम्पत्ति प्रबन्धक

**सर्वसाधारण को सूचना**

पत्र सं0:- 1172/सं0प्र0-मुरादाबाद/ दिनांकः- 05/07/2024

परिषद की बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 4बी/115 प्रदेशन पत्रांक 835 दिनांक 02.04.1998 द्वारा श्रीमती क्रान्ति देवी पत्नी श्री योगेश कुमार के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने दिनांक 29.09.1999 को अपने पक्ष में किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 14.10.1999 को प्राप्त कर लिया था। कर्नल महेश सिंह पुत्र स्व० श्री शिवलाल सिंह ने अपने ऑनलाइन आवेदन सं० MU2024061120003025 दिनांक 11.07.2024 द्वारा अपनी सास श्रीमती क्रान्ति देवी की दिनांक 17.01.2019 को मृत्यु होना सूचित करते हुए आवासीय भूखण्ड संख्या 4 बी/115, बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद को पंजीकृत वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से- सम्पत्ति प्रबन्धक



प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# छह लाख में से 16,500 शिक्षकों ने ही लगाई ऑनलाइन हाजिरी

## जिलों में प्रदर्शन: शिक्षकों ने किया विरोध, जिलाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विरोध के बीच सोमवार से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई जाने लगी है। प्रदेश में लगभग 6 लाख शिक्षक हैं। पहले दिन 16,500 शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराई। दूसरी ओर जिलों में स्कूल छोड़कर शिक्षकों ने जमकर प्रदर्शन किया। काफी संख्या में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर भी विरोध जताया।

शिक्षकों कहना है कि वे ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। पहले उनकी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिलों के बीएसए को शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने के आदेश जारी किया है।

**उन्नाव में बीएसए को धमकी :** उन्नाव में बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह को शिक्षक नेताओं ने धमकी दी। उन्होंने कहा कि आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। वेतन काटने की हिम्मत अगर बीएसए ने दिखाई तो आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकरियों ने सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

### ऑनलाइन उपस्थिति इसलिए है जरूरी



राज्य परियोजना कार्यालय के मुताबिक आनलाइन कई बार निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षक समय से विद्यालय नहीं पहुंचते हैं। वहीं, शिक्षकों को ऑफलाइन रजिस्ट्रर वर्क भी बहुत करना पड़ता है। ऐसे में 12 रजिस्ट्रर को आनलाइन करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति भी सुनिश्चत की गई है।

> इस व्यवस्था से शिक्षकों का समय बचेगा, मैनुअल रिकार्ड नहीं रखना पड़ेगा। रिपोर्ट स्वत: तैयार होगी। पंजिकाओं के खोने का डर भी नहीं होगा। डेटा भी सुरक्षित और वास्तविक समय में उपलब्ध रहेगा।
>
> –**कंचन वर्मा**, शिक्षा महानिदेशक

# फोरेंसिक जांच के लिए भेजी राइफल एफआईआर दर्ज

● मामा की राइफल से भांजे की मौत का मामला

**लखनऊ, अमृत विचार:** कृष्णानगर के प्रेमनगर में रविवार शाम को खेल-खेल में राइफल से चली गोली से किशोर की मौत के मामले में लापरवाही से शस्त्र रखने को लेकर मामा संजय के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। वहीं जब्त राइफल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद किशोर के माता-पिता उसका शव कालपी ले गए, जहां देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने पुलिस से कहा कि गलती से घटना हुई है। गौरतलब है कि मृतक किशोर का मामा रविवार को शाम करीब 6 बजे के आसपास संजय राइफल कमरे में रखकर सब्जी लेने चला गया। उसका बेटा दिव्य और भांजा शिवा राइफल से खेल रहे थे। इसी दौरान गोली चली जो शिवा के पेट में लगी और उसकी मौत हो गई।

# नए मेडिकल कॉलेजों में नहीं शुरू होगा पहला सत्र

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

● एनएमसी ने पुराने मेडिकल कॉलेजों में चेतावनी के साथ एमबीबीएस सत्र करने की दी मान्यता

**अमृत विचार :** तमाम प्रयासों के बाद भी प्रदेश में 13 नए मेडिकल कॉलेजों को सत्र शुरू करने की अनुमति नहीं मिली है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शिक्षकों की कमी समेत अन्य मानकों का हवाला देते हुए मान्यता नहीं दी है। वहीं पुराने मेडिकल कॉलेजों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के बावजूद सत्र शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस संदर्भ में राज्य सरकार का कहना है कि एनएमसी के साल 2020 के मानक पूरे हैं, इसलिए सत्र शुरू करने की दोबारा अपील की जाएगी।

प्रत्येक साल की भांति एमबीबीएस का सत्र शुरू करने के पहले एनएमसी द्वारा मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण किया गया और मानक के अनुरूप शिक्षकों की कमी के चलते मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। मान्यता न पाने वाले नए मेडिकल कॉलेजों में सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत व ओरैया जिले शामिल हैं।

### पीपीपी माडल पर खुले तीन मेडिकल कॉलेज

शामली, महाराजगंज और संभल में पीपीपी( पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) माडल पर मेडिकल कॉलेज इस साल शुरू हो जाएंगे। एनएमसी ने इन तीनों को कुल 350 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दे दी है। शामली और महाराजगंज मेडिकल कॉलेजों को 150-150 एमबीबीएस की सीटें मिली हैं, जबकि संभल के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की मात्र 50 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पीसीएस-जे मेंस रिजल्ट में धांधली केस की सुनवाई 12 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस-जे मुख्य परीक्षा 2022 के परिणाम में गड़बड़ी के मामले में सोमवार को 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मामले में हुई कार्यवाही और आगे की जांच के विषय में जानकारी लेने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को आगामी 12 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने श्रवण पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

### छापा मारकर दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विशेष अनुसंधान शाखा ने एक लोहा कारोबारी की फर्म पर छापा मार कर दो करोड़ की कर चोरी पकड़ी। मौके पर 15 लाख रुपये जमा कराए गए, लेकिन कर चोरी कम से कम दो करोड़ की होने की आशंका है। मामले की जांच जारी है। फर्म संचालकों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। सीजीएसटी से पंजीयन निरस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। अपर आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा जोन प्रथम डीपी सिंह के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर रॉय के नेतृत्व में उपायुक्त विजयपाल सिंह समेत कई अफसरों ने तालकटोरा ऐशबाग स्थित एक लोहा कारोबारी के यहां छापा मारा। जांच-पड़ताल में पता चला कि लखनऊ की इस फर्म ने पश्चिम बंगाल और पंजाब से 9 करोड़ 26 लाख का लोहा खरीद कर बेचा।

### भूमि अधिग्रहण: यथाशीघ्र मुआवजा राशि देने के निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3-डी(1) के तहत भूमि अधिग्रहण और उसके एवज में देय मुआवजे के नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त धारा के तहत घोषणा हो जाने पर भूमि का स्वामित्व केंद्र सरकार में निहित हो जाता है। सरकार में भूमि के निहित हो जाने के परिणामस्वरूप वास्तविक स्वामी भूमि पर अपना अधिकार खो देता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि उक्त अधिनियम की धारा 3-एच (1) में यह आवश्यक प्रावधान है कि राज्य सरकार कब्जा लेने से पहले मुआवजा राशि जमा करेगी, न कि मुआवजा का भुगतान तब किया जाएगा, जब कब्जा लिया जाएगा। इसी पृष्ठभूमि पर कोर्ट ने वर्तमान मामले में एनएचएआई को आदेश दिया कि वह सक्षम प्राधिकारी को मुआवजा राशि उपलब्ध कराए, जिससे याची और अन्य प्रभावित व्यक्तियों को इस आदेश से 4 सप्ताह के अंदर मुआवजा भुगतान किया जा सके।

### पति की आत्महत्या की खबर सुन पत्नी छत से कूदी, मौत

**गोरखपुर, एजेंसी :** गोरखपुर में एक युवती ने पति की आत्महत्या की खबर सुनने के बाद इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि संचिता (28) ने और हरीश बागेश (28) की दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। हरीश ने गोरखपुर आने से पहले अज्ञात कारणों से अपनी नौकरी छोड़ दी थी। शुक्रवार को हरीश ने संचिता को बताया कि वह पटना जा रहा है और संचिता उसको रेलवे स्टेशन पर छोड़ने भी गई। इस बीच पुलिस ने रविवार को परिवार को सूचित किया कि हरीश ने सारनाथ के एक होटल के कमरे में फांसी लगा ली, जिसके बाद संचिता ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी।

### शादी समारोह में करंट लगने से दो किशोरों की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के एक गांव में शादी समारोह स्थल पर करंट लगने से दो किशोरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात धनपतगंज थाना क्षेत्र के गांव पियरापार की है। गांव के निवासी विश्राम के घर लड़की की शादी का कार्यक्रम था। उसने बताया कि डीजे की धुन पर नाचने के दौरान केशराम (15) और सुरजीत (15) बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे दोनों को करंट लग गया। पुलिस ने बताया कि दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसने बताया कि दोनों इसी गांव के निवासी थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खरीद महंगी बिजली की, पर सस्ते में विक्रय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सीबीआई जांच की मांग, दर तय करने को केस्को में सुनवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन प्रदेश में बिजली की किल्लत के समय अन्य राज्यों से महंगी बिजली की खरीद कर रहा है, जबकि सरप्लस बिजली होने पर विक्रय सस्ते में किया जा रहा है।

नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाये। साथ ही, आयोग से सीबीआई से जांच कराने की मांग की। आयोग ने सोमवार को कानुपर स्थित कानपुर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी केस्को कार्यालय में पहली सुनवाई कर उपभोक्ताओं का पक्ष जाना। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के लिए वर्ष 2023-24 में 2951 मिलियन यूनिट बिजली 2741 करोड़ में खरीदी गई और सरप्लस 6397 मिलियन यूनिट बिजली 2765 करोड़ में बेच दी गई। इसी तरह वर्ष 2024-25 में 3243 मिलियन यूनिट बिजली दूसरे राज्यों से 3096 करोड़ में खरीदी गई, जबकि 1192 मिलियन यूनिट बिजली 473 करोड़ में दूसरे राज्यों को बेची गई। उन्होंने कहा कि बिजली खरीद के लिए कोई पारदर्शी नीति नहीं है।

# छात्रवृत्ति के लिए अब 75% बायोमेट्रिक उपस्थिति जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत पूर्वदशम्, दशमोत्तर और पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति (शुल्क प्रतिपूर्ति) अब उन्हीं छात्रों को मिलेगी, जिनकी कक्षाओं में कम से कम 75% उपस्थिति होगी। यही नहीं, छात्रों की उपस्थिति अब आधार बेस्ड बायोमेट्रिक (फेशियल ऑथेंटिकेशन) के जरिए होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पहले चरण में यह व्यवस्था समूह एक के पाठ्यक्रमों (बीएएमएस, बीबीए, एमबीए, बीडीएस, बीएफएडी, बी फार्मा, बीटेक, एमटेक, आदि पर इसी शैक्षणिक सत्र से सभी शिक्षण संस्थाओं पर लागू होगी।

# बरेली समेत 11 जिलों में विरासत वृक्ष वाटिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● वाटिका अगले तीन माह में अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी आदि जिलों में होगी तैयार

**अमृत विचार :** वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत प्रदेशवासियों को चिह्नित विरासत वृक्षों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 11 जिलों में विरासत वृक्ष वाटिका तैयार की जाएगी। आने वाले तीन महीनों में यह वाटिका बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट व मीरजापुर में तैयार होगी।

प्रत्येक वाटिका में विरासत वृक्ष से तैयार पौधा, टहनी, डाल को अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। शेष पौधे स्थानीय महत्व की प्रजातियों के होंगे। इसके लिए लगभग आठ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। प्रभागों द्वारा चिह्नित 11 जिलों में पर्याप्त संख्या में



विरासत वृक्ष से पौधे तैयार करने के लिए प्रत्येक प्रभाग में कम से कम 10 वृक्ष उपलब्ध कराए जाएंगे।

राज्य सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत उप्र. के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी। 100 साल से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। इनमें अरु, अर्जुन, आम, इमली, कैम, करील. कुसुम, गूलर, छितवन, चिलबिल, जामुन, नीम, एडनसोनिया, पाकड़, पीपल, पीलू, बरगद, महुआ, बरगद, शामिल हैं।

### आध्यात्म व स्वतंत्रता से जुड़े वृक्ष भी शामिल

विरासत वृक्ष में आध्यात्मिक व स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े वृक्ष शामिल किए गए हैं। योगी के गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर, काली मंदिर के समीप व गौशाला के अंदर बरगद व पाकड़ वृक्षों सहित पूरे जिले में 19 वृक्ष विरासत वृक्ष घोषित किए गए हैं। वहीं लखनऊ व वाराणसी के क्रमश: दशहरी व लंगड़ा आम के मातृ वृक्ष, फतेहपुर का बाचन इमली, मथुरा के इमलीतला मन्दिर परिसर का इमली वृक्ष, आर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री शाहजहांपुर में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा पीपल वृक्ष शामिल है।

## धर्म दर्शन

# जरासंध का आक्रमण और रणछोड़



कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंचकर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिंतित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था। साम्राज्यलिप्सा थी, इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिलाकर मथुरा जा पहुंचा। चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्ध पितामह भीष्म इस समय सजग थे, लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादवगण राज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था, किंतु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किंतु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यंत फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादव प्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादव प्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए। जरासंध से यादवसेना की एक और लड़ाई विदर्भ में हुई थी, जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका चल दिए थे। वहां भी यादवसेना से परास्त होकर जरासंध भाग निकला था।



**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# जैन धर्म में अयोध्या का महत्व

अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है- 'अयुद्ध्या' अर्थात युद्ध के अयोग्य। स्पष्ट है यह शब्द युद्ध में शत्रुओं के लिए युद्ध में अयोध्या की अपराजेयता का द्योतक है। जैनियों के अनुसार अयोध्या जैन धर्म के पांच तीर्थं करों क्रमशः ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ की जन्मस्थली रही है। जैनसाहित्य में प्राकृत या अपभ्रंश में दूसरीशती में विमलसूरि द्वारा लिखित "पउमचरियं" (पद्मचरित) विस्तार से रामकथा वर्णित है। जैन साहित्य श्रीराम का मूल नाम "पउम" या पद्म बताता है तथा यह भी स्पष्ट करता है कि अंत मे वह अर्थात श्रीराम जैन संप्रदाय में दीक्षित हो गए थे। जैनसाहित्य में 'पउमचरियं' के अतिरिक्त प्रथम शती में आचार्य यति वृषभ ने अपने 'तिलोयपण्णति' नामक ग्रंथ में अयोध्या के कई नामों का उल्लेख है। संस्कृतभाषा में प्राप्त रविषेणकृत 'पद्मपुवाण', गुणभद्र कृत संस्कृत ग्रंथ सभी के राम का नाम "पद्म" है। यही नहीं बाद मेंलिखित, सभी जैन ग्रंथ एकमत हो, श्रीराम के अंतिम समय में जिनेन्द्र की शरण में जाने का उल्लेख करते हैं। जैन परंपरा में अयोध्या नामक शाश्वत तीर्थ के अयुध्या, विनीतानगरी, साकेत, सुकौशल, रामपुरी और विशाखा जैसे विभिन्न नाम उल्लिखित है। यही नहीं सभी प्रमुख जैन ग्रंथ एक स्वर से, चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम ऋषभ देव, द्वितीय अजित नाथ, चौथे अभिनंदन नाथ,पांचवें सुमति नाथ और चौदहवें अनंतनाथ इन पांचों की जन्मभूमि अयोध्या कही गई है। स्पष्ट है कि जैन धर्मावलंबियों के लिये अयोध्या एक अत्यंत पवित्र तीर्थस्थली रही है। परवर्ती ऐतिहासिक ग्रंथों से यह तथ्य निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि बाबर के समय राममंदिर के ध्वस्तीकरण से पूर्व ही मुस्लिम शासकों के शासनकाल में सुनियोजित ढंग से हिन्दू,जैन तथा बौद्ध मंदिरों का ध्वस्तीकरण किया गया। विस्तार भय से, यहां उनका विवरण, अंकित नहीं किया गया है।

अंत में इतना लिखना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परंपरा में अयोध्या भारत ही नहीं वरन् विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केन्द्र रहा है। यही पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने अपने पुत्रों एवं पुत्रियों को अंक विद्या और लिपि विद्या की शिक्षा दी थी। जैन परंपरा अयोध्या के सरयू तट पर होने का समर्थन करती है। सिखों के लिए भी अयोध्या एक पवित्र स्थान है। गुरु नानकदेव अपनी अयोध्या यात्रा के क्रम में सरयू नदी के तट पर रूके थे। यही नहीं संवत् 1725 में सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर जी भी अपनी यात्रा के क्रम अपनी पत्नी गुजरी देवी के साथ अयोध्या आए थे। पिथौरागढ़ एवं वर्तमान नवसृजित जनपद बागेश्वर जिले के उत्तरी भाग में स्थित नंदा कोट पर्वत के निकटवर्ती "सरमूल" (सरयू का मूल) नामक स्थान से निकल कर सरयू नदी दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर प्रस्थान करती है। यह उद्गम स्थान रामभक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में सम्पूजित हो चुका है। हिमालय की तलहटी में ही आगे चलकर इसमें पूंगुर और लाहूर नदियां मिलती हैं। अपनी प्रवाह यात्रा में आगे चलकर सरयू स्वयं को पिथौरागढ़ जनपद नंदा देवी पर्वतमाला के पूर्वी ढलान से लगभग 3600मीटर या 12,000 फीट की ऊंचाई से निकल, नेपाल और भारत के बीच सीमारेखा बनाकर बहने वाली महाकाली या काली नदी में प्रवेश कर जाती है।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-125

**बाएं से दाएं**

1.1. हाथ की सफ़ाई, ऐसा काम या खेल जिसका रहस्य दर्शक न समझ कर आश्चर्यचकित हों, अलौकिक या अमानवीय समझा जाने वाला कार्य, बाज़ीगरी, नज़रबंदी, इंद्रजाल, (मैजिक) 2. दूसरों को मोहित करने या लुभाने की शक्ति, वशीकरण, मोहिनी, माया, जंतर-मंतर, टोना। (मु.) -करना : किसी को चमत्कृत करना, वश में करना। -चलना : जादू का प्रभाव होना, किसी बात का असर होना। -डालना : जादू करना, मोहित करना, प्रभाव डालना।

3. इंद्र का हाथी ऐरावत।

6.1. मैलापन, गंदगी 2. गाढ़ापन 3. मोटाई, स्थूलता।

7.1. जिसमें तथ्य एवं वास्तविकता न हो 2. ऊपरी, बाहरी, दिखाऊ 3. नकली, कृत्रिम।

**ऊपर से नीचे**

1.1. मध्यकाल में राजा या राज्य की ओर से विशेष सेवा के बदले या पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली भूमि या प्रदेश 2. संपत्ति 3. (अ-अ.) पुराने समय में गांव में नाई

2.1. पाला पड़ना 2. बरफ गिरना, हिमपात 3. ऐसा प्रहार जो विनाश का सूचक हो 4. अरमानों या आशाओं पर पानी फिरना,निराश होना।

4. तीसरी बार।

5.1. विस्तृत करना, फैलाना, छितराना 2. आगे की ओर करना, आगे बढ़ाना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | 4 |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -124 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 पे |
| थि | ■ | 3 रि | हा | इ | श |
| रो | ■ | सा | ■ | ■ | गी |
| 4 ह | थ | ल | प | 5 क | ■ |
| ण | ■ | दा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | र | ■ | हं | ■ |
| 6 स | रो | ■ | 7 आ | स | रा |

## सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 6 | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 5 | | 9 | | | 4 | 1 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 1 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 9 | | | | 2 | | 5 | | |
| | 1 | 3 | | | 5 | | 9 | 2 |
| | | 4 | | | 6 | | 3 | |
| 6 | | | | 9 | 8 | | 4 | |

### सुडोकू -37 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .08 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07 .52 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज व्यापार में आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। किसी कार्य के बनते बनते विघ्न बाधा आ जाएगी। नौकरी में उच्च अधिकारी से व्यर्थ का वाद विवाद हो सकता है। भोग विलास पर अत्यधिक धन खर्च होगा।

**वृष** – आज भूमि क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। सामाजिक कार्य में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी। किसी महत्वपूर्ण अभियान, आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई सुखद सूचना मिलेगी। देव स्थल के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्ग परिजनों के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में अकारण व्यवधान आ सकता है। रोजगार के लिए इधर से उधर भटकना पड़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक भरोसा करना घातक सिद्ध हो सकता है। उद्योग धंधे की योजना को खूब सोच समझकर गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं।

**कन्या** – आज राजनीति में उच्च पद मिलने के योग हैं। नौकरी में अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने के योग है। धन संपत्ति मिलने की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी।

**तुला** – आज किसी महत्वपूर्ण योजना पर कार्य करेंगे। किसी पुराने मुकदमे में जीत आपकी होगी। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। पैतृक धन संपत्ति को लेकर परिवार में वाद हो सकता है। आप किसी के कहे सुने में न आएं। उद्योग धंधे में किसी अनुभवी व्यक्ति से विशेष सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन होगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य लोगों को सफलता एवं सम्मान मिलेगा। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आज उद्योग धंधे की कोई बड़ी बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। राजनीति में सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे। खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** – आज किसी व्यापारिक योजना के सफल होने के योग हैं। नौकरी में आपके कार्य से बॉस का ध्यान आपकी ओर आकर्षित होगा। किसी प्रियजन के कारण समाज में मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अस्त्र-शस्त्र में अभिरुचि रहेगी। शस्त्र खरीदने की योजना बन सकती है।

**मीन** – आज नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के संयोग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने में अचानक मनोबल में वृद्धि होगी। कला, खेल,विज्ञान की दुनिया में लोगों को सरकार से महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
देवता – सुबह : 11.31
कहानी किस्मत की – शाम : 06 .20

**&pictures**
कार्तिकेय 2 – सुबह :11.06
स्क्वाड – रात : 08 .00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन – सुबह : 10 .26
मॉन्स्टर हंटर – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
बंगाराजू – सुबह : 11 .06
गदर 2 – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
कसम – सुबह : 09 .25
दामिनी – रात : 09 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# भारतीय हॉकी टीम स्विट्ज़रलैंड रवाना

ओलंपिक की तैयारी



बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया है।

इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा हमने अभी बेंगलुरू में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी।

भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में रहना होगा।

## जेसविन-अंकिता को एथलेटिक्स टीम में मिली जगह




**नई दिल्ली।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया है। दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई हैं। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकितना ध्यान के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है। वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15 :28 .08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16 :10 .31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

## भारत के मिशन प्रमुख होंगे गगन नारंग, सिंधू महिला ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद उप मिशन प्रमुख नारंग को मिशन प्रमुख बनाया जाना स्वतः पसंद थी। उषा ने कहा, मैं अपने दल की अगुआई के लिए ओलंपिक पदक विजेता को ढूंढ रही थी और मेरे युवा साथी मेरीकोम के उपयुक्त विकल्प हैं। पीटीआई ने इससे पहले खबर दी थी कि नारंग भारतीय दल का मिशन प्रमुख बनने की दौड़ में शामिल हैं। उषा ने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।

# भारत के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व सनत जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच

कोलंबो, एजेंसी



- टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर सिल्वरवुड ने दे दिया था इस्तीफा एसएलसी ने सनत को सौंपी जिम्मेदारी

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में स्थायी समाधान मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है।

भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा श्रीलंका क्रिकेट सनत जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम के अंतरिम प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। वह सितंबर 2024 में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के पूरा होने तक इस पद पर कार्य करेंगे। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के पूर्व वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह अंतरिम आधार पर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिल्वरवुड ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी-20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे। एसएलसी ने कहा जयसूर्या वर्तमान में श्रीलंका क्रिकेट के पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। एसएलसी के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा जब तक कि हमें स्थायी समाधान नहीं मिल जाता तब तक सनत जयसूर्या राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त हैं।

## खेल डायरी

### ओडिशा के दो खिलाड़ियों को 15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी। माझी ने कहा कि जेना और रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके अपने गृह नगरों के साथ पूरे राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के प्रयास, इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता से राज्य में युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुष फुटबॉल के लिए अमेरिका की टीम घोषित

**वॉशिंगटन।** पेरिस ओलंपिक 2024 में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अमेरिका ने सोमवार को मिहेलोविच, रॉबिन्सन और जिमरमैन सहित 18 पुरुष खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को वैकल्पक रूप में रखा गया है। गोलकीपर : पैट्रिक शुल्टे , गागा स्लोनिना, डिफेंडर : मैक्सिमिलियन डाइट्ज, नाथन हैरियल, माइल्स रॉबिन्सन, जॉन टोल्किन, कैलेब विले और वॉकर जिमरमैन। मिडफील्डर्स : जियानलुका बुसियो, बेंजामिन क्रेमास्ची, जैक मैकग्लिन, जोर्डजे मिहैलोविक और टान्नर टेसमैन। फॉरवर्ड : पैक्सटन आरोनसन, टेलर बूथ, डंकन मैकगायर, केविन पेरेडेस और ग्रिफिन यो। वैकल्पिक : जोश, जैकब, जोहान गोमेज और जॉन पल्सकैम्प शामिल हैं।

### ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे चोतरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले 22 वर्षीय चोतरानी ने मैक्सिको के दूसरे वरीय अल्फ्रेडो अविला वर्गारा को 11-3 9-11 11-7 11-7 से हराकर पांचवीं बार किसी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया था।

### अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में खरीदी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में 3 से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। अश्विन ने कहा हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। सह मालिक के रूप में मैं यात्रा का गवाह बनने और सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।

# गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 में जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन की जरूरत

चेन्नई, एजेंसी




भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।

दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें। बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी-20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाए है। दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

### मैच : शाम 07:00 बजे

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर : बाली



**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। 21 वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी। बाली ने छेत्री का बचाव किया और कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शॉर्ट लेग पर जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया वह सराहनीय है। बाली ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि उसे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। टेस्ट मैच के दौरान उसने 70 से 80 ओवर तक फील्डिंग की थी। वह बहादुर लड़की है। शॉर्ट लेग पर फील्डिंग करना आसान नहीं होता है। उसे तब चोट भी लगी थी लेकिन दर्द के बावजूद भी उसने वहां पर फील्डिंग की। उसका रवैया शानदार है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। मुझे बहुत खुशी है कि उसने ब्रिट्स को स्टंप आउट किया।

# अब युवराज को मुझ पर गर्व होगा : अभिषेक

हरारे, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है।

अभिषेक भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे। जिंबॉब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा मैंने कल युवराज से बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।

## मालदीव के पर्यटन निकाय ने टी-20 विश्वविजेता टीम को किया आमंत्रित

**माले।** मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी-20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने संयुक्त बयान में कहा मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने के बाद गुरुवार को भारत लौटी है। इसमें कहा गया हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों को दर्शाता है। शिउरी ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी का हिस्सा बनना मालदीव के लिए बहुत सम्मान की बात होगी।

# इटली के तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

लंदन, एजेंसी



- रिबाकिना और स्वितोलिना भी जीतीं लोरेंजो ने जियोवान्नी को हराया

फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी के खिलाफ मैच के दौरान कोर्ट पर गिरे लोरेंजो मुसेत्ती।

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने पांच फुट आठ इंच लंबे फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुसेत्ती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को विंबलडन प्री क्वार्टर फाइनल में 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर और महिला वर्ग में सातवीं रैंकिंग वाली जैसमीन पाओलिनी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। यह पहली बार हुआ है कि इटली के तीन खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हों।

सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। मुसेत्ती का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव या टेलर फ्रिट्ज से होगा। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच या होल्गर रूने से होगा। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

# फाइनल के लिए स्पेन को भेदना होगा फ्रांस का रक्षा कवच

यूरो कप 2024

म्यूनिख, एजेंसी



- फाइल फोटो

यूरो कप 2024 टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रही स्पेन की फुटबॉल टीम को मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपना विजय क्रम जारी रखते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदना होगा।

टूर्नामेंट में अब तक स्पेन की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उसने अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं और 11 गोल दागकर वहीं शीर्ष पर बनी हुई है जोकि उनके कौशल को दर्शाता है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। दूसरी ओर फ्रांस को अपनी मजबूत रक्षापंक्ति पर भरोसा है, जो पूरे टूर्नामेंट में लगभग अभेद्य रही है। हालांकि उसका अभी तक आक्रामक प्रदर्शन सामने नहीं आया है। केवल उनकी रक्षापंक्ति उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है। फ्रांस ने अभी तक केवल एक ही गोल खाया है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स का भी मानना है कि सेमीफाइनल में बेहतर आक्रामक खेल की आवश्यकता होगी। यह सेमीफाइनल पिछले चार प्रमुख टूर्नामेंटों में फ्रांस की तीसरी उपस्थिति है, जो उनकी स्थायी गुणवत्ता और जीतने की मानसिकता का प्रमाण है। हालांकि, इस तरह के शानदार फॉर्म में चल रही स्पेनिश टीम का सामना करना उनकी अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। लेकिन उनकी रक्षापंक्ति निर्णायक साबित हो सकती है।

## दोस्ताना मैच में म्यांमार पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमार टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमार के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे। इससे पहले भारतीय टीम चार बार एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार से हारी है। भारतीय कप्तान एल आशालता देवी ने कहा हमने उनके खिलाफ पहले भी खेला है तो हमें उनके बारे में पता है। म्यांमार की टीम शारीरिक रूप से काफी मजबूत है और उनकी रफ्तार भी अच्छी है। हम बेहतर प्रदर्शन करके उन्हें हरा सकते हैं।



अभ्यास सत्र में दौड़ लगातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

